







# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 219

मूल्य: ₹ 3.00/-

पेज : 12

गुरुवार | 23 मई, 2024


# राममंदिर पर 'बाबरी ताला' लगाना चाहते हैं कांग्रेस के शहजादे : पीएम

## बस्ती, डुमरियागंज व संत कबीर नगर लोक सभा सीटों के लिए पीएम मोदी ने की जनसभा

- राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में आयोजित संयुक्त जनसभा में सीएम योगी भी रहे मौजूद
- बोले मोदी, पाकिस्तान के हमदर्द हमें डराते हैं, मगर इन्हें पता नहीं 56 इंच सीना क्या होता है
- मोदी का सोनिया पर हमला, कहा, इनकी टोली ने अति पिछड़े सीताराम केसरी का किया था अपमान
- मोदी ने की सीएम योगी की तारीफ, कहा, यूपी को गर्त से बाहर निकालने में योगी जी ने की है बड़ी मेहनत

जन एक्सप्रेस । बस्ती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस के शहजादे राममंदिर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटना चाहते हैं और राममंदिर पर बाबरी ताला लटकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश 500 साल से राममंदिर की प्रतीक्षा कर रहा था, मगर इंडी गठबंधन वालों को राममंदिर और श्रीराम से परेशानी है। सपा के बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है और रामभक्त पाखंडी हैं। उन्होने कहा कि ये वो लोग हैं जो सनातन धर्म के विनाश की बात करते हैं और इनकी आका है कांग्रेस पार्टी। कांग्रेस के शहजादे तो फिर से रामलला को टेंट में भेजना चाहते हैं। इनपर वोट से करारी चोट होनी चाहिए। पीएम मोदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने यूपी को गर्त से बाहर निकालने में अपनी सरकार के साथ बहुत मेहनत की है। पीएम मोदी बुधवार को यहां राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में आयोजित बस्ती, डुमरियागंज और संत कबीर नगर लोकसभा सीटों के लिए आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने बस्ती से लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज से पार्टी प्रत्याशी जगदम्बिका पाल और संत कबीर नगर से प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में जनता से अधिक से अधिक संख्या में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद, ओम प्रकाश राजभर, हरीश द्विवेदी, जगदम्बिका पाल, प्रवीण निषाद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



### इंडी अलायंस निराशा के गर्त में डूब चुका है

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता ने हमारे काम, हमारी बात, हमारे वादों और इरादों पर भरोसा किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह भी इस विश्वास पर खरा उतरने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। पीएम ने कहा कि पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं, इन पांच चरण ने ही तीसरी बार मोदी सरकार पक्की कर दी है। पूरा इंडी अलायंस निराशा के गर्त में डूब चुका है। उन्होंने जनता से कहा कि सपा और कांग्रेस को मिलने वाला एक भी वोट किसी काम का नहीं है। वोट बर्बाद हो जाए ये कोई भी समझदार मतदाता नहीं चाहेगा। उन्होंने अपील की कि आपका वोट उसको पड़ना चाहिए जिसकी सरकार बनने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छे काम करने वाला हूं और हर काम से वोट देने वाले को पुण्य मिलने वाला है। कहा कि हम राम से राष्ट्र, विरासत से विकास और अध्यात्म से आधुनिकता के मंत्र से देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

### इन्हें मालूम नहीं कि 56 इंच क्या होता है

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर जब बोलता है तो पूरी दुनिया बड़े ध्यान से सुनती है। भारत फैसले लेता है तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है। आतंक का सरपरस्त देश जो कभी हमें आखें दिखाता था, धमकियां देता था आज उनकी हैसियत ऐसी हो गई है कि वह न घर का है न घाट का। उसे अनाज भी नसीब नहीं हो रहा है। मगर, उसके हमदर्द सपा कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। इन्हें मालूम नहीं कि 56 इंच क्या होता है। ये कहते हैं पाकिस्तान से डरो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। पीएम ने कहा कि आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वो लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते, आए दिन खून की नदियां बहाते हैं। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, मगर भारत डराने वालों को बख्शेगा भी नहीं, इसलिए आज हम घर में घुसकर मारते हैं।

### सीताराम केशरी को उठाकर फुटपाथ पर फेंक दिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन को अचानक संविधान की याद आ गई है। इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की भरपूर कोशिश की थी। यही कांग्रेस है जो खुद के पार्टी का संविधान भी नहीं मानती है। इन्होंने बिहार के अति पिछड़े समाज के व्यक्ति सीताराम केशरी, जो कि कांग्रेस के अध्यक्ष थे, उन्हें एक शाम को मैडम सोनिया जी की टोली ने कांग्रेस दफ्तर में घुसकर बाथरूम में बंद कर दिया और फिर उठाकर उन्हें फुटपाथ पर फेंक दिया और रातों रात सोनिया जी को अध्यक्ष पद पर बिठा दिया। जिन्होंने कांग्रेस के संविधान की धज्जियां उड़ा दी वो संविधान की बात कर रहे हैं।

### सपा ने यूपी को केवल बदनामी दी थी

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा ने यूपी को केवल बदनामी दी थी। बहन बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। लोग जमीन खरीदने से डरते थे। कोई न कोई जमीनों पर माफिया कब्जा कर लेता था। गुंडे माफिया सपा के मेहमान होते थे। दंगाइयों को स्पेशल प्रोटोकॉल मिलता था। आतंकियों को जेल से छोड़ने का स्पेशल फरमान जारी होता था। जनता ऐसी कोई गलती न करें कि इनका हौसला फिर बढ़े। क्योंकि इन लोगों ने यूपी को गर्त में पहुंचा दिया गया था। उससे बाहर निकालने के लिए योगी जी और उनकी सरकार को बहुत ताकत लगानी पड़ी है। पीएम ने अपील की कि 25 मई को जनता का एक-एक वोट तुष्टिकरण की राजनीति को कब्रिस्तान में गाड़ देगा। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र राम सर्किट का एक बड़ा तीर्थ है। महर्षि वशिष्ठ और श्रृंगी ऋषि के आश्रम को लेकर विभिन्न कार्य हुए हैं।

### ...तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादों की फ्लॉप फिल्म की बार बार रिलीज से वह हैरान हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग यूपी की 79 सीट पर जीत का दावा कर रहे हैं। पीएम ने तंज कसते हुए कहा कि ये दिन में सपने देख रहे हैं और 4 जून को यूपी की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।



# भस्मासुर है इंडी गठबंधन, वोट देकर अपना नुकसान न करे जनता: योगी

## सीएम योगी ने कादीपुर में सुल्तानपुर लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

- बोले योगी, बचे माफिया के घरों में खलबली, छिपने का ढूंढ रहे ठिकाना
- कहा, मंच और सभाओं में धक्का-मुक्की कर रहे सपाई, यही है इनका संस्कार
- पहले की सरकारें आतंकी हमलों पर रहती थीं मौन: योगी



जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सपा पर हमलावार रुख जारी रखते हुए कहा है कि ये और इनका इंडी गठबंधन भस्मासुर की तरह है, जिन्हें वोट देना और ताकतवर बनाने का मतलब है अपना ही नुकसान करना। ये विरासत टैक्स के जरिए न केवल संपत्ति पर आधा अधिकार जताना चाहते हैं बल्कि एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण के अधिकार में भी सेंध लगाकर उसे मुसलमानों में बांट देना चाहते हैं। सीएम योगी बुधवार को कादीपुर में सुल्तानपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी मेनका गांधी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### कार्यकर्ता के निधन पर जताया शोक

अपने संबोधन के शुरुआत में ही मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर के बीजेपी कार्यकता रामश्रृंगार निषाद की दुखद मृत्यु पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि पूरी पार्टी इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ खड़ी है। सीएम योगी ने कहा कि 55 दिन से देश की जनता जो उत्साह दिखा रही है, उसका जितना भी अभिनंदन किया जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि मगर, सुल्तानपुर में उत्साह होना ही चाहिए, क्योंकि 500 साल का इंतजार खत्म हुआ है।

### सपा चारों खाने चित

सीएम ने कहा कि आज जनता में एक ही नारा गूंज रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार। इसे सुनकर ही सपा चारों खाने चित हो जाती है। समाजवादी पार्टी तो पहले तय ही नहीं कर पाई थी कि यहां से टिकट किसे दें। एक के बाद एक टिकट बदला और फिर जब किसी को नहीं दे सकी तो गोरखपुर से ठुकराए गये व्यक्ति को यहां पर लाकर रख दिया है। मगर देश की जनता कहती है कि चाहे जितना जोर लगा लो, जीतेंगे तो मोदी ही और आएंगे तो मोदी ही। देश को कह रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, क्योंकि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है।

### रामद्रोही षडयंत्रों में लगे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामद्रोही षडयंत्रों में लगे हैं। पहले देश को बांटा, फिर क्षेत्र, भाषा और जातियों के आधार पर बांटने का काम किया है, मगर हमें विकसित भारत के लिए कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है। आज का नया भारत आतंकवाद और नक्सलवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रहा है। पहले आतंकी हमलों पर सरकार मौन रहती थी, अयोध्या, काशी में हमला होता था तो भी सरकार मौन रहती थी। अब तो पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि ये नया भारत किसी को छेड़ता नहीं और कोई छेड़ दे तो उसे छोड़ता भी नहीं।

### दो लड़कों की जोड़ी बहुत खतरनाक

सीएम ने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन जब भी हुआ है, अनर्थकारी हुआ है। रोज इनकी सभाओं में भगदड़ मच रही है। ये गुंडे सत्ता में आकर क्या करेंगे, जब अभी इनके मंच टूट रहे हैं, इनके नेता और मंच धराशाई हो रहे हैं। ये अपने ही नेता को धक्का देकर गिरा दे रहे हैं, फिर मंच पर कब्जा जमा ले रहे हैं। यही समाजवादी पार्टी का संस्कार हो गया है। इनका मेनिफेस्टो भी खतरनाक बातों से भरा पड़ा है। ये एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। विरासत टैक्स लगाना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि ये लोग भस्मासुर जैसे हैं, जिन्हें वोट देना खुद को ही नुकसान पहुंचाने के समान है। कहा कि यूपी में दो लड़कों की जोड़ी बहुत खतरनाक है।

### बचे हुए माफिया छिपने का ठिकाना ढूंढ रहे

मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि आज यहां अत्याधुनिक ट्रेनें चल रही हैं, अयोध्या, लखनऊ और प्रयागराज के साथ बेहतरीन हाईवे के साथ सुल्तानपुर जुड़ गया है। यहां मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिली है, जिसके बारे में कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा। सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ श्रीरामलला विराजमान हुए, उधर प्रदेश के माफिया सरगनाओं का रामनाम सत्य भी हो गया। जो बाकि बचे हैं उनके घर में खलबली मची होगी, वो अपने छिपने का ठिकाना ढूंढ रहे होंगे। सीएम ने अपील की कि जिन लोगों ने सुल्तानपुर को मेडिकल कॉलेज के लिए तरसाया, राममंदिर पर हमला कराया, तड़पने के लिए छोड़ा था उनकी जमानत जब्त कराने की आवश्यकता है।

**रिपोर्ट** लोकसभा चुनाव के बाद आर-पार की लड़ाई के मूड में तिरंगा महाराज, बोले 'अब किसी झांसे में नहीं आएंगे'

# नीलांश वालों पर कृपा, न्याय को धकेल दिया इंतजार के दलदल में

## बुधवार को इटौंजा थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, 8 जून तक अगर मांगें नहीं मानी गयीं तो किसान धरना प्रदर्शन करेंगे और गोमती नदी में जल समाधि लेंगे

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में नीलांश वाटर पार्क को लेकर भारतीय जनता पार्टी के रुख पर गंभीर आरोप हैं। कथित तौर पर मां गोमती की धारा को मोड़कर अवैध कब्जा कर बनाए गए नीलांश वाटर पार्क के मालिकों पर भाजपा के प्रदेश और केंद्रीय नेताओं की कृपादृष्टि है। यह आरोप कोई विपक्षी नेता ने नहीं, भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज ने लगाए हैं। तिरंगा महाराज का कहना है कि नीलांश वाटर पार्क के मालिकों के खिलाफ उन्होंने इटौंजा हाईवे किनारे लगातार 18 महीने तक धरना दिया। इस बीच किसी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद 1 जनवरी 2024 को क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने वादा किया कि तिरंगा महाराज धरना समाप्त कर दें, उनकी मुलाकात हर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराई जाएगी और गोमती की धारा को मोड़ने वाले दोषियों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित कराई जाएगी। आक्रोश जताते हुए तिरंगा महाराज ने कहा स्थानीय विधायक के वादा करने पर उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। लेकिन अभी तक न तो नीलांश वाटर पार्क के मालिकों पर कोई कार्रवाई हुई है और न सीएम से मुलाकात। तिरंगा महाराज ने जन

- विरोध कर रहे भाजपा कार्यकर्ता दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज को झूठा आश्वासन देकर खत्म कराया गया 18 महीने से चल रहा धरना
- तिरंगा महाराज के अनुसार क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने वादे के बावजूद न मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई न दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई

एक्सप्रेस से कहा अब वह भाजपा के किसी भी नेता के छलावे में आने वाले नहीं है। चुनाव खत्म होते ही नीलांश वाटर पार्क के मामले पर आर-पार की लड़ाई करेंगे। लोकतांत्रिक तरीके से हर वह प्रयास करेंगे जिससे मां गोमती और पीड़ित किसानों को न्याय मिल सके। इस संबंध में बुधवार को इटौंजा में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है वाटर पार्क की कभी से किसानों की जमीन मुक्त कराई जाए। 8 जून तक अगर मांगें नहीं मानी गयीं तो किसान धरना प्रदर्शन करेंगे और गोमती नदी में जल समाधि लेंगे।





सेवा में,
श्रीमान
जिलाधिकारी लखनऊ
ज्ञापन

[illegible]

दिनांक 8 जून 2024 तक [illegible]

धन्यवाद

22-5-24



### अफसरों के संरक्षण में पनप रहे भूमाफिया पर कब चलेगा सीएम योगी का बुलडोजर...?

योगी सरकार की भूमाफिया और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की बातें खोखली साबित हो रही हैं। कारण कि बड़े-बड़े भूमाफियाओं को तो योगी सरकार ने कानून और बुलडोजर की भाषा में सबक सिखा दिया लेकिन ऐसे भूमाफिया जो आला अफसरों के संरक्षण में कब्जा करा रहे हैं उन पर कार्रवाई का कोई प्लान सरकार के पास नहीं दिखता।

### बाउंड्रीवाल लगाकर गोमती की धारा को मोड़ने का दुस्साहस

किसानों की भूमि नीलांश वाटर पार्क के कब्जे से मुक्त कराने और गोमती नदी को उसका मूल स्वरूप वापस दिलाने के लिए लगातार 18 महीने धरने पर बैठे दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज ने जन एक्सप्रेस को बताया कि रसूख के चलते रिजॉर्ट के प्रत्यक्ष मालिक और भूमाफिया सतीश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, मदनलाल ने सरकार में ऊंचे स्तर तक सेटिंग कर न सिर्फ किसानों की जमीन पर कब्जा किया है, बाउंड्रीवाल लगाकर गोमती की धारा को भी मोड़ दिया है।

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने संज्ञान भी लिया था, खामोश रहा स्थानीय प्रशासन

तिरंगा महाराज ने बताया कि उन्होंने मलिहाबाद और बीकेटी के एसडीएम से लेकर जिलाधिकारी लखनऊ, मंडलायुक्त, विधायक, सांसद कौशल किशोर, सांसद और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी इस बड़े घोटाले की शिकायत की। यही नहीं, जीवनदायिनी और पर्यावरण के लिए अति आवश्यक गोमती नदी का अस्तित्व बचाने के लिए एनजीटी में भी शिकायत की। वहां शिकायत का संज्ञान भी लिया गया। क्योंकि हर जांच और कार्रवाई के निर्देश स्थानीय प्रशासन के पास आते हैं कोई जमीनी कार्रवाई नहीं हुई।

### 500 बीघे से अधिक में बने नीलांश वाटर पार्क में कई किसानों के साथ ही सरकार की भूमि पर भी कब्जा

राजधानी लखनऊ में नीलांश वाटर पार्क बनाने के लिए नियम, कानून, पर्यावरण, संवेदनाएं सब को किनारे कर दिया गया। 2007 से अब तक बसपा, सपा और भाजपा तीनों राजनीतिक दलों की सरकारें रही हैं। करीब 500 बीघे से अधिक में बने इस वाटर पार्क में कई किसानों के साथ ही सरकार की भूमि भी है। अपनी जमीन नीलांश वाटर पार्क से कब्जामुक्त कराने की किसानों की लगातार शिकायत के बावजूद अभी तक किसी सरकार का दिल नहीं पसीजा है। किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है इसके पीछे प्रमुख कारण यह है कि नीलांश वाटर वार्क के मालिक तो रसूखदार हैं ही, वाटर पार्क में यूपी के तमाम बड़े आईएएस अफसरों का काला धन लगा हुआ है।

### कई आईएएस अफसरों की काली कमाई लगी है, कौन करे कार्रवाई

तिरंगा महाराज के अनुसार जिन आईएएस अफसरों की काली कमाई का मोटा हिस्सा नीलांश वाटर पार्क में लगा है उनमें से ज्यादातर अभी भी सूबे के प्रमुख ओहदों पर बैठे हैं। यही कारण है कि तहसीलदार, एसडीएम से लेकर डीएम, कमिश्नर तक वाटर पार्क पर कोई हाथ नहीं डाल रहा। किसी अफसर ने अंदर फार्म हाउस बनवा रखा है तो किसी ने आलीशान रेस्ट हाउस, कई ने अप्रत्यक्ष रूप से अपनी काली कमाई का निवेश वाटर पार्क के पार्टनर के रूप में किया हुआ है। सरकारी मशीनरी द्वारा वाटर पार्क पर बुलडोजर चला तो दरअसल यह बुलडोजर शासन में निर्णायक भूमिका निभाने वाले अफसरों की संपत्ति पर ही चलेगा। आश्चर्य में डालने वाली बात यह है कि इनमें से कुछ अफसर हर सरकार में मजबूत स्थिति में रहे हैं। इन अफसरों के आपसी हित और संरक्षण की वजह से कोई कार्रवाई अमल में नहीं आई है।

### औरों से उम्मीद नहीं थी, भाजपा पर पूरा भरोसा था: तिरंगा बाबा

तिरंगा महाराज से जब पूछा गया कि अत्याचार तो 2007 से हो रहा था फिर उन्होंने वर्षों बाद किसानों की आवाज क्यों उठाना शुरू की। इस पर तिरंगा बाबा ने कहा कि किसानों और मां गोमती पर अत्याचार तो 2007 में ही शुरू हो गया था। तब बसपा की सरकार थी, इसके बाद सपा सरकार में भी सब जारी रहा। जब भाजपा सरकार सत्ता में आई तो उन्हें लगा कि अब आवाज बुलंद की जाए, सुनवाई जरूर होगी। लेकिन अभी सफलता हाथ नहीं लगी है। भूमाफिया और अफसरों का गठजोड़ किसानों और गोमती की धारा पर भारी पड़ रहा है। तिरंगा बाबा ने बताया कि वह खुद भाजपा के कार्यकर्ता हैं लेकिन किसानों और गोमती का हित बड़ा मुद्दा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### क्षेत्राधिकारी राजापुर ने स्ट्रॉग रूम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 जनपद में समाप्त चुनाव के बाद स्ट्रॉग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की जांच की गयी। साथ ही कन्ट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गयी। साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति, वाहन को अन्दर प्रवेश न करने दिया जाए, ड्यूटी के दौरान सावधानी पूर्वक जांच करें।

### यूजी, पीजी, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 मे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रभारी कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बी.ए., बी.ए. (ऑनर्स, रिसर्च), बी.लिब., आई.सी., बी.जे.एम.सी., बी.एस.डब्ल्यू., बी.एफ.ए., बी.पी.ई.एस., बी.पी.ए., एम.ए., एम.एस.डब्ल्यू., एम.एफ.ए., एम.लिब., आई.एससी, बी.कॉम., बी.कॉम. (ऑनर्स/रिसर्च), बी.बी.ए., एम. कॉम., एम.ए., बी.टेक., बी.वोक., एम.वोक., बी.एस.सी., बी.एस.सी., (ऑनर्स/रिसर्च), बी.सी.ए., एम.एस.सी., पी.जी.डी.सी.ए., डी.सी.ए., एम.एस.सी. (एजी.), पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** आटा थाना क्षेत्र के झांसी-कानपुर रेलवे ट्रैक पर भभुआ मजार के पास पास झाड़ियों में 42 वर्षीय अज्ञात युवक का शव देखकर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया, और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसएसआई एनएल सिंह ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया है कि मृतक नीले आसमानी रंग की शर्ट व जींस का पेंट पहने था। जिसकी पेंट की जेब में 660 रुपये, काले रंग का चार्जर, ताले की एक चाबी और भोपाल से लखनऊ का टिकट मिला है। जिससे कयास लगाया जा सकता है कि ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई है। बल्कि शव देखने से लग रहा है कि वह एक दिन पुराना है। फिलहाल प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हुई है।

### विद्युत चिंगारी से किसान के ट्यूबवेल में लगी आग स्टार्टर केबिल, दो पेड़ जले

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते बिजली के तारो के टकराने से खेत पर बने ट्यूबबैल में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे स्टार्टर केबिल पाइप व दो पेड़ आम नीम के जल गए। कस्बा सिरसा कलार निवासी संतोष भास्कर पुत्र वृंदावन भास्कर ने बताया कि डिग्री कॉलेज के पास ही उसका ट्यूबबैल है। मंगलवार की शाम 4 बजे तेज हवा के कारण बिजली के तार आपस में टकराने से उसके ट्यूबबैल में आग लग गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया।

# जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष, ओपीडी, ब्लड बैंक, रसोई घर, रेबीज कक्ष, मेडिसिन स्टोर, दवा वितरण कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, एसी वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, आयुष्मान कक्ष, पीएनसी वार्ड, पोषण पुनर्वास केन्द्र, इमरजेंसी वार्ड, एस एन सी यू वार्ड आदि विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया गया। जिला अस्पताल के निरीक्षण में ओपीडी में डॉ कन्हैयालाल, डॉ कुलदीप तथा डॉ आरबी लाल अनुपस्थित पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वंदना श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि तत्काल इन डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही कराई जाए। जिलाधिकारी ने मरीज से दवा खाना आदि के बारे में भी जानकारी की। उन्होंने चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी दवा मरीजों को बाहर से लेने के लिए न लिखी जाए, अगर ऐसी शिकायत मिली तो आप लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला अस्पताल की साफसफाई ठीक ढंग से न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए कि जिला अस्पताल की साफसफाई अच्छी तरह से कराई जाए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल, एसी, पंखा, कूलर एवं विद्युत व्यवस्था निर्वाद्ध रूप से संचालित कराए, किसी भी मरीज को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जिला अस्पताल के अंदर गाड़ियों के प्रवेश पर कहा कि जो सिक्योरिटी गार्ड आपके यहां सुरक्षा पर लगे हैं वह गेट के अंदर कोई भी गाडी न आने दे, उनके द्वारा अगर सही से कार्य नहीं किया जा रहा है तो उनको तत्काल हटाकर दूसरी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने पंजीकरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी की। साथ ही कहा कि पंजीकरण में किसी भी मरीज को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए यह आप लोग सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान दवाओं की उपलब्धता की जानकारी की। साथ ही वार्ड ब्वाय से कहा कि सभी मरीजों को दवा वितरण करते समय मरीजों को दवा खाने के बारे में भी बताया जाए। उन्होंने जननी सुरक्षा वार्ड के निरीक्षण के दौरान स्टाफनर्सों से कहा कि सही तरीके से कार्य करें, शिकायतें मिल रही है कि मरीज को परेशान किया जा रहा है, अगर दोबारा ऐसी कोई समस्या मिली तो आप लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से कहा कि इनकी बैठक करके बताएं कि कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए नहीं तो आपके भी खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो दवाई कोल्ड चैन में रखी जा रही हैं, उनको सही तरीके से रखें, जो दवाएं एक्सपायरी है, उनको तत्काल डिस्पोज कराया जाए। उन्होंने दवाओं के स्टोर कक्ष के निरीक्षण के दौरान विभिन्न दवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रभारी शैलेंद्र सिंह से की। उन्होंने कहा कि रसोई घर की साफ सफाई अच्छी तरह से कराया जाए और गुणवत्ता युक्त भोजन मरीजों को दिया जाए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी की। जिसमें माह अप्रैल तक का भुगतान किया पाया गया। साथ ही माह मई के भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है।

## इंजीनियरों ने सब स्टेशन की ओसीबी मशीनों की टेस्टिंग कर की ओवरहालिंग



**जन एक्सप्रेस । कालपी**

भीषण गर्मी के कारण विद्युत की सप्लाई व्यवस्था बे पटरी चल रही है। हाईटेंशन लाइन के तार टूटने व ओसीबी मशीनों में खराबी के कारण मंगलवार एवं बुधवार को 20 से अधिक बार बिजली की ट्रिपिंग होने से उपभोक्ताओं को बेहद परेशानियों से जूझना पड़ा। समस्याओं से निपटने के लिए इंजीनियरो की टीम के द्वारा सबस्टेशन में मसीनो की ओवरहालिंग की।

विद्युत सब स्टेशन कालपी से नगर में विद्युत की आपूर्ति करने के लिए फीडर स्थापित है। जिसमें किला घाट फीडर की आपूर्ति व्यवस्था बहुत ही खराब हो गई है। विद्युत सब स्टेशन में स्थापित ओसीबी मशीन बार-बार ओवरलोड के कारण खराब हो रही है। उपखंड अधिकारी आदर्श राज्य के मुताबिक जिला मुख्यालय उरई से सहायक अभियंता मी अनुपम सचान, अवर अभियंता शिवम साहू, रवि यादव आदि की टीम ने विद्युत सब स्टेशन की ओसीबी मशीनों के रिले सेट, मशीनों की वायरिंग, मशीन की टेस्टिंग का कार्य रात में पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि अब बिजली की सप्लाई बेहतर हो जाएगी। बिजली की समस्या को से निपटने के लिए आवारा अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में लाईनमैनो दिलीप कुमार रिंकू पोरवाल आज की टीम ने विद्युत लाइनें की घूम-घूम कर पेट्रोलिंग की है।

## साक्षरता शिविर के जरिए ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक राज्य सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में सदर तहसील के करारी गांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को कानूनी जानकारियां दी गयी।

शिविर में पैरालीगल वालेंटियर ममता वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल के निर्देश पर इस विधिक जागरूकता एंव साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को बाल हिंसा, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति, जनजाति उत्पीड़न रोकने के लिए बनाए गए कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। साथ ही शिक्षा के अधिकार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच विधिक साहित्य का वितरण भी किया गया। बताया गया कि आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें अधिक से अधिक लोग सुलह समझौते के आधार पर अपने मुकदमों का निस्तारण करा सकते हैं। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष कुमार, ग्राम प्रधान उर्मिला आदि मौजूद रहे।

## छठवां एवं सातवां चरण के निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एसपी ने पुलिस बल को किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 छठवां एवं सातवां चरण चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद से लगाये गये पुलिस बल को पुलिस लाइन्स से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

साथ ही लगाये गये पुलिस बल को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी गयी। साथ ही निर्देशित किया कि लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में है, जिस प्रकार अभी तक सावधानी पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराया गया, ठीक उसी प्रकार सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण वा निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति, अराजकतत्वों को रोकें तथा तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। इस दौरान चुनाव डियूटी में लगे समस्त पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता एवं फर्स्ट एड किट भी प्रदान की गयी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

## विश्व व्यापी गायत्री यज्ञ अभियान में भागीदारी कर प्राप्त करें पुण्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



गायत्री परिवार गृहे गृहे गायत्री यज्ञ कार्यक्रम के तहत जिले में लगभग पांच हजार घरों में 23 मई बुद्ध पूर्णिमा को गायत्री यज्ञ करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान पूरे देश में लगभग 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ किए जाने की तैयारी है।

शक्ति पीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि गृहे गृहे गायत्री यज्ञ जनपद में लगभग पांच हजार घरों व देश विदेश में 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ 23 मई बुद्ध पूर्णिमा को करने का लक्ष्य युग तीर्थ गायत्री परिवार के अखिल विश्व केन्द्र शांतिकुंज ने रखा हैं। 23 मई बुद्ध भगवान के अवतरण का पर्व है। वैशाखी गुरु नानक देव के अवतरण का पर्व सिक्खों के लिए महत्वपूर्ण, सनातन धार्मिओ के लिए वैशाख सबसे श्रेष्ठ महीना और पूर्णिमा अध्यमिक दृष्टि मे सबसे श्रेष्ट तिथि है। उन्होंने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार का कोई भी प्रयोग वैज्ञानिक आध्यात्म वाद पर आधारित होता है। यह प्रयोग आपको चौबीस लाख कुंडो के यज्ञ के भागीदारी का लाभ देगा। यज्ञ विश्व कल्याण के लिए किये जाने वाले प्रयोग है। अग्निहोत्र की सम्पूर्ण सामग्री वायुभूत हो ब्रह्माण्ड में जाकर सबका कल्याण करती है। यह प्रयोग मात्र 10 मिनट का है। उन्होंने कहा कि यह प्रयोग राष्ट्रीय शक्तिओं के बृद्धि में उपयोगी साबित होगा। उन्होंने जनपद के कार्यकर्ताओं, जिला समिति के सदस्यों, गायत्री परिजनों तथा समर्थकों एवं सनातन धर्म प्रेमिओं से भाग लेने की अपील की।

## चेक बाउंस और परिवारिक विवाद मामलों का हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में मध्यस्थता केन्द्र में दो मुकदमों में सुलह कराई गई। जिनमें एक मुकदमा परिवारिक विवाद और एक चेक बाउंस के मुकदमें में सुलह कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि ममता देवी द्वारा परिवार न्यायालय में वाद दायर किया गया था। जिसमें परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा ममता देवी बनाम नारेन्द्र राव धारा 125 सीआरपीसी की पत्रावली को सुलह समझौते के लिए संदर्भित किया गया था। लगभग 11 माह से परिवार न्यायालय में लम्बित इस मामले को मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता भोला शंकर ने सुलह समझौते के जरिए निस्तारित कराने के प्रयास किए। जिसके चलते 11 माह से अलग रह रहे दोनों पक्ष एक साथ रहने के लिए सहमत हो गए और सुलह नामा दाखिल किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों को एक साथ रहने के लिए न्यायालय परिसर से ही लड़की को ससुराल भेजा गया। इसी प्रकार धारा 138 एनआई एक्ट का वाद कमलेश कुमार मिश्रा द्वारा न्यायालय में दायर किया गया था। सिविल जज सीडि ने कमलेश कुमार मिश्रा बनाम रमाशंकर सिंह की पत्रावली को सुलह समझौते के लिए मध्यस्थता केन्द्र में संदर्भित किया था। जिसके बाद मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता ननकू राम यादव ने प्रयास करके लगभग चार वर्ष से चल रहे इस मुदकमें में दोनों पक्षों के मध्य सुलह कराई और इसके बाद दोनों पक्षों द्वारा सुलह नामा दाखिल किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुलह समझौते के आधार पर मुकदमें का निस्तारण किया जाएगा।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किए आवेदन आमंत्रित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

**✻ प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून**

जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रण किये हैं। इस विशेष विश्वविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा की गई है, जो दिव्यांगजनों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करता है। कुलपति प्रो शिशि दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों से प्रवेश आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसमें स्नातक में बी.ए., बीसीए, बीबीए, बीपीए (गायन, तबला), बीएफए, स्नातकोत्तर में एम.ए (विभिन्न विषयों में), एमसीए, एमबीए, एमएफए, एमपीए (गायन, तबला), एमएसडब्ल्यू, शिक्षक प्रशिक्षण में बीएड, बीएड-विशेष शिक्षा (एच.आई./वी.आई.), एमएड तथा पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम में पीजीडीसीए, पीजीडी योग है। विश्वविद्यालय ने 50 प्रतिशत सीटें दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की हैं, जबकि शेष सीटें सामान्य अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। विशेषताओं में दिव्यांगजन छात्रों के लिए हॉस्टल सुविधा, स्मार्ट कक्षाएं, बाधा रहित परिसर, अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हरा-भरा वातावरण, और पुनर्वास एवं रोजगार केन्द्र शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर या ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश फॉर्म 30 जून तक जमा किए जाएगे। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय से मोबाइल नंबर 9935910780 या 9415814170 पर संपर्क कर सकते हैं।

## दामोदर रोपवे ने पौधरोपण कर मनाया जैविक विविधता दिवस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस के अवसर पर दामोदर रोपवे ने हनुमान धारा रोपवे स्थित साइट पर पौधारोपण किया। हर वर्ष 22 मई के दिन दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन की आधार है। जिसमें पेड-पौधों से लेकर, जानवर, कवक और कई तरह के सूक्ष्मजीव भी शामिल हैं। जो मानव स्वास्थ्य और कल्याण के लिए बहुत जरूरी हैं। इनके जरिए हमें भोजन पानी, दवा और कई जरूरी संसाधन प्राप्त होते हैं। जैव विविधता कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में भी मदद करती है।

दामोदर रोपवे के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य चमरिया ने कहा कि रोपवे परिवहन का सबसे पर्यावरण अनुकूल तरीका है। जिसके लिए सबसे कम जगह की आवश्यकता होती है और इसे पहाडी क्षेत्रों में सडक बनाने के लिए वैकल्पिक अतिरिक्त विधि के बजाय प्राथमिक साधन के रूप में माना जाना चाहिए। आज के दौर में जैविक विविधता का नुकसान हो रहा है, जिसमें मानव गतिविधियों द्वारा पेड काटना, गंदगी फैलाना, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के चलते आज जैव विविधता खतरे में है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस दिन को मनाने का उद्देश्य जैव विविधता के बारे में लोगों की समझ बढाना और इसके संरक्षण के प्रति उन्हें जागरूक करना है। इस दौरान पौधरोपण व पौध वितरण कर वन संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इस मौके एसडीएम जितेंद्र वर्मा, मयंक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### पीआरडी जवान की मौत पर साथियों ने जताया शोक

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

बुधवार को बीमारी से जूझते हुये 40 वर्षीय पीआरडी जवान का निधन हो गया। पुलिस जवानों तथा साथियों ने मृतक जवान के घर पहुंच कर शोक जताया हैं। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेवा निवासी पीआरडी जवान संदीप सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह काफी दिनों से कैंसर रोग से पीड़ित चल रहे थे। इलाज के दौरान संदीप सिंह की मृत्यु हो गई। सूचना पाकर कोतवाली कालपी के सब इंस्पेक्टर इंद्रमणि चौधरी पुलिस जवानों के साथ मृतक पीआरडी जवान के आवास में पहुंचे तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करने के लिये भेज दिया। इसी प्रकार की पीआरडी के जवान भी मृतक पीआरडी जवान के आवास में पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

# डीएम-एसपी ने विशिष्ट मंडी में रखी ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. ईरज राजा ने विशिष्ठ मंडी कालपी रोड स्थित वेयर हाउस में पहुंचे और वहां रखी ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से निरंतर निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुँचकर देखा सभी कैमरे संचालित मिले। ड्यूटी पर मजिस्ट्रेट और पुलिस तैनात थे तथा अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस कर्मियों को भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। राजनीतिक दलों के नामित प्रतिनिधि भी निगरानी कराते पाये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मानक एवं प्रोटोकॉल के अनुसार किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति व वाहन को अंदर न आने दिया जाए। यदि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी भी निरीक्षण करने आते हैं तो उनकी भी पहचान एवं वाहन चेक करें और उनकी पूरी पहचान करने के बाद ही समाधान होने पर गेट से अंदर जाने दिया जाए। 45- जालौन, भोगनीपुर, गरौठा लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान सम्पन्न हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को विशिष्ठ मंडी कालपी रोड में कड़ी सुरक्षा में रखे गए हैं। यहां अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पूरे वेयर हाउस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एक कंट्रोल रूम बनाया है। जिसमे एलईडी के माध्यम से निरंतर निगरानी हो रही है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं तथा दिन के तापमान में सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 40.0 (-0.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 29.0 (+2.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 64 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 36 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 9.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कटा सिर मिलने के ठीक 24 घण्टे के अन्दर कार के अंदर पड़ी मिली लाश



✻ कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के ऑपरेशन त्रिनेत्र के बड़े-बड़े दावे हुए फेल, आसानी से अपराधी हत्याएं करके शव लगा रहे ठिकाने

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना रेल बाजार क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ती का बिना धड़ कटा सिर मिलने के बाद हड़कंप मच गया था। पुलिस सिर कटी लाश के रहस्य को उजागर करने में लगी हुई थी कि अचानक से बीते दिन बुधवार को भी थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क रोड पर एक कार के अंदर अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। जैसे ही कोतवाली पुलिस को सूचना हुई मौके पर एसीपी कोतवाली फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचीं इसके बाद गहनता से जॉच पड़ताल की गई।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क से लग कर खड़ी एक गाड़ी में लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। लाश की खबर पाते ही आस-पास के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की तो पता लगा कि जिस गाड़ी के अंदर एक लगभग 40 साल के पुरुष की लाश मिली है उसके ठीक बगल में जिओ कंपनी का टावर लगा हुआ है जिसकी बैटरी बदलने इंजीनयर आया था, बदबू के कारण उसके लिए टावर के बगल में खड़ा होना मुश्किल हो गया तो उसने गाड़ी में झांक कर देखा तो उसके हाथ पैर फूल गए फौरन ही उसके द्वारा पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि जिस व्यक्ति की गाड़ी है वह मृतक व्यक्ति को जानता ही नहीं है। गाड़ी मालिक के बेटे यश ने बताया कि गाड़ी के चारो लॉक खराब हैं और गाड़ी लगभग पिछले 10 दिनों से यहीं खड़ी है, उसके पिता का हार्ट का ऑपरेशन हुआ है पूरा परिवार उसी में व्यस्त है। घर से निकलते वक्त वह गाड़ी खड़ी हुई देख लेता था लेकिन गाड़ी के अंदर नही देखा।ए.सी.पी. कोतवाली अर्चना सिंह ने आस पास के लोगों के बयान लेते हुए फोरेंसिक टीम बुला कर जांच करवाने की बात कही है।

**जून माह में चार टुकड़ों में मिली लाश का नहीं हुआ है खुलासा**

शहर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में पुलिस कमिश्नर आवास के पास तीन बोरे में मिली लाश के मामले का आज तक खुलासा नहीं किया गया है। ज्ञातव्य हो कि बीती 16 जून 2023 को कर्नलगंज थाना क्षेत्र स्थित पुलिस कमिश्नर आवास के पास बने कूड़ा घर पर बोरों में मानव शरीर के अंग मिलने से हड़कंप मच गया था. पुलिस टीम ने शव के टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था. पुलिस का कहना है कि ऐसा लगा रहा है कि हत्या कहीं और की गई हो और फिर शव के टुकड़े कर उन्हें बोरों में भरकर हत्या फेंक दिया गया हो। इस मामले में एक संदिग्ध ई रिक्शा चालक जरूर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया था लेकिन उसकी पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी थी।



“ पुलिस को सूचना मिली थी कि परमट रोड पर गाड़ी में एक लाश मिली है। जांच में पता चला है कि जिस गाड़ी में लाश मिली है वह उषा नाम की स्थानीय महिला की है। उनके पति लगभग 10 दिन से बीमार चल रहे थे। पंचायत नामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है स्थानीय सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

-अर्चना सिंह
ए.सी.पी. कोतवाली



“ सूचना मिली थी कि कार में एक बॉडी मिली है। जिस कार में बॉडी मिली है उसके मालिक यही के एक स्थानीय नागरिक हैं जिनका इलाज चल रहा है।

-जीतू बाजपाई
पार्षद



“ मैं जिओ कंपनी का इलेक्ट्रीशियन हूं और मेरा टॉवर लगा हुआ है मैं बैटरी चेंज करने आया हुआ था। काफी बदबू आ रही थी जिसके बाद मैने गाड़ी में झांक कर देखा तो लाश दिखाई दी। जिसकी मैंने सूचना की है।

-राहुल कुमार
इलेक्ट्रीशियन जिओ



“ मेरी गाड़ी है मुझे लोगों से लगभग दो बजे सूचना मिली कि मेरी गाड़ी में लाश मिली है। मेरे पिताजी का इलाज चल रहा है उनके अभी स्टंट पड़ा है। मेरी गाड़ी के चारों लॉक खराब थे। पिताजी के इलाज के कारण मैं गाड़ी को ध्यान से नहीं देख पाया ऐसे ही दूर से देखकर चला जाता था।

-यश
कार ओनर का बेटा

# हाथ की नस काटने के बाद युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पुलिस की पिटाई से आहत होकर युवक ने नस काट ली। इसके बाद जहर खाकर जान दे दी। ये मामला कानपुर के नजीराबाद थाना क्षेत्र के आरके नगर चूना भटिया का है। मृतक संतोष उर्फ बबलू के पड़ोस में रहने वाले गंगाराम के घर पर दो पक्षों में झगड़ा हो रहा था। जिसे पुलिस शांत कराने आई थी। इसी दौरान मां रामप्यारी का नशे में छोटे बेटे संतोष से किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। बड़े भाई हरीशंकर, बहन रानी ने आरोप लगाया कि पड़ोस में मामला शांत कराने के बाद पुलिसकर्मी मेरे घर पर आ गए। पुलिसकर्मियों ने आवाज देकर संतोष को बाहर आने को कहा लेकिन वह बाहर नहीं आया और उसने अपने को कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद छह पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर कमरे में घुस गए और संतोष को बेरहमी से पीटा और मोबाइल भी छीन लिया। परिजनों का आरोप लगाया कि पुलिस की पिटाई के बाद संतोष ने पहले घर ही अपने हाथ की नस काट ली थी। इसके बाद दहशत के कारण वह घर से कहीं चला गया। छह दिन बाद घर लौटकर आया तो उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

**पुलिस पर लगाए गए झूठे आरोप**

डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने कहा है पुलिस पर मारपीट और प्रताड़ित करने के आरोप गलत है। इसके अलावा जांच चल रही है घर वालों और पुलिस कर्मियों में जो वहां गए थे उनसे पूछताछ की जायेगी।

# शोहदों की शिकायत पर पीड़िता के खिलाफ बर्रा पुलिस ने दर्ज़ कर डाली एफआईआर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना बर्रा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला अपनी बेटी के साथ बुधवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार के कार्यालय में पेश हुई। इस दौरान जो उसने कहा उसे सुनकर अच्छे-अच्छे के रोंगटे खड़े हो जाए कारण यह है कि पीड़ित महिला का कहना था कि उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वालों की तहरीर पर ही खुद उल्टे मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सारी कहानी सुनने के बाद डीसीपी साउथ ने पीड़ित महिला और उसकी बेटी को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। बर्रा थाना क्षेत्र मे निवास करने वाली महिला ने बताया कि बीती तीन तारीख को उनकी बेटी घर से निकल कर अपनी सहेली के यहां जा रही थी तभी मोहल्ले मे रहने वाला राजा शर्मा और उसकी बुआ का लड़का उनकी बेटी से अभद्रता भरी टिप्पणी करने लगे। जिसका उनकी बेटी ने विरोध किया तो वह लोग उसका हाथ पकड़कर खींचने लगे। यह देख उनका बेटा जब घर से बाहर निकला तो वह लोग उसे मारने पीटने लगे। महिला का कहना है वह बैंक से पैसे निकाल कर वापिस आ रही थी तभी देखा कि उनके घर के बाहर काफी भीड़ है और उनके बेटे को निखिल और राजा पीट रहे थे। मारपीट के दौरान बेटे को बचाने मे उनकी भी नाक मे चोट आ गई थी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी और मौके पर एक युवक को गिरफ्तार भी कराया। उसके बावजूद पुलिस ने गिरफ्तार हुए शोहदे छोड़कर उल्टा पीड़ित परिवार पर ही मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने डीसीपी साउथ से मिलकर अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई। हालाकि डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और बर्रा पुलिस को पीड़ित परिवार का मुकदमा लिखने का आदेश दिया है।

# विधायक सोहेल अंसारी की अवैध बिल्डिंग में केस्को का छापा



**अपार्टमेंट में गैर कानूनी तरीके से सेट बैक कवर करते हुए अतिरिक्त तल भी डाला गया**

ज्ञातव्य हो की पूर्व विधायक सोहेल अंसारी के द्वारा जो अपार्टमेंट निर्मित कराया गया है वह पूर्ण रूप से कानपुर विकास प्राधिकरण के मानकों के विपरीत है। प्राधिकरण के जोन एक स्थित इस अपार्टमेंट में गैर कानूनी तरीके से सेट बैक कवर करते हुए अतिरिक्त तल भी डाला गया है। इस मामले में कानपुर विकास प्राधिकरण में तैनात प्रवर्तन के जिम्मेदार अधिकारियों से वार्ता करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नॉट रीचेबल होने के कारण उनसे वार्ता संभव नहीं हो सकी है।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के चकेरी थाना क्षेत्र स्थित नेता जी नगर में बुधवार उस वक्त हड़कंप मच गया जब केस्को की टीम ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक सोहेल अंसारी के नवनिर्मित अपार्टमेंट में बिजली चोरी के मामले में छपा मारा 7 राजेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग खंड नगरीय के मुताबिक पूर्व विधायक के अपार्टमेंट (मार्क बिल्डर ) में बिजली चोरी के मामले में बिजली विभाग की टीम के द्वारा छापा मारने पर बिजली चोरी पकड़ी गई है 7अधिकारी के अनुसार बिल्डर एवं चार लोगों पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पाक्सो एक्ट का अपराधी चढ़ा साढ़ पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर(साढ़) साढ़ थाना क्षेत्र में जहाँ पर एक दबंग युवक ने एक नाबालिक लड़की से छेड़छाड़ की थी जिसके सम्बन्ध में किशोरी के परिजनों ने साढ़ थाने में 16-5-24 को पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था ।जिसके सम्बन्ध में कल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रोहित(23) पुत्र अर्जुन निवासी मडेपुर को समय लगभग 1 बजे असेनिया मोड़ जहानाबाद रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ़्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक निशांत कुमार व आशुतोष दुबे मौजूद रहे।

# चौबेपुर में हरे पेड़ों का कटान जारी, जिला प्रशासन को कानों कान खबर नहीं






जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे/कोमल सिंह

**चौबेपुर।** सरकार द्वारा पर्यावरण को संतुलित करने के लिए हरे पेड़ पौधों को बचाने और नए पेड़ पौधे लगाने का हर संभव प्रयास पूरे भारतवर्ष में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। लेकिन चौबेपुर थाना क्षेत्र के रायगोपालपुर गांव में कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से फलदार हरे पेड़ो को बिना सरकारी परमिशन के भारी तादाद में काटा जा रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि यह हरे पौधे चौबेपुर मानव गांव के रहने वाले जुनैद ठेकेदार द्वारा कटवाए जा रहे हैं। हरे पेड़ों को काटे जाने का यह पहला मामला नहीं है, पेड़ों को काटे जाने की अक्सर सूचनाएं सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर देखने को मिलते हैं। बीते दिन बुधवार भी ऐसा ही एक मामला सामने आया। जब इन पेड़ो के हत्यारों को रोकने की कोशिश की गई तो पेड़ कटवा रहे दलाल बड़े तिवारी ने पत्रकारों के साथ ही अभद्रता शुरू कर दी,गाली गलौज करना शुरू कर दिया, और मारने के लिए भी दौड़ा। पत्रकारों द्वारा मामले की जानकारी थाना प्रभारी रविंद श्रीवास्तव को दी गई है वही आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए भी कहां है। जिससे कि दोबारा इस तरीके की पुनरावृत्ति ना हो। आब देखने वाली बात यह होगी कि चौबेपुर पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करती है या मामला ठंडा बस्ते में चला जाता है।

# वेबीनार का आयोजन कर नई रोशनी योजना की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

एन.सी.सी. ग्रुप हेडक्वार्टर के निर्देशानुसार 17 यू.पी.गर्ल्स बटालियन एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नई रोशनी योजना के बारे में महिलाओं को जागरूक करना रहा। इस वेबीनार का विषय नई रोशनी योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व क्षमता को विकसित करने से संबंधित था। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 यू पी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल नीरज नैथानी ने किया व स्वागत भाषण डॉ.शुभ्रा राजपुत द्वारा दिया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर मयूरी सिंह ने कमजोर वर्ग की महिलाओं के विधिक अधिकारों, लैंगिक समानता, महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा पर जानकारी दी।विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अंशु सिंह ने अल्पसंख्यक महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सुधार विषय पर बताया।वही समरेंद्र चौहान ने अल्पसंख्यक महिलाओं को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने संबंधी विषय पर जानकारी दी। इस अवसर पर कर्नल नीरज नैथानी ने महिलाओ की नेतृत्व क्षमता बढ़ाने व उनको सशक्त करने के तरीको के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ.आकांक्षा शुक्ला ने नई रोशनी योजना के बारे में जानकारी दी। इस वेबिनार में लगभग 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ.मंजू भारती, नीतू सिंह, कनक, सुमन आर्य आदि मौजूद रहे।



# छात्र-छात्राओं एवं आम जनमानस को जैव विविधता दिवस के महत्व के बारे में दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह द्वारा बुधवार को पर्यावरण संरक्षण पर छात्र-छात्राओं एवं आम जनमानस को जैव विविधता दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन्य जीवन तथा विभिन्न पेड़ पौधों की प्रजातियों में विविधता पाई जाती है लेकिन फिर भी एक दूसरे पर निर्भरता के कारण उनके निकट का संबंध है। पेड़ पौधे तथा जीव जंतु वातावरण को शुद्ध करने के साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस घोषित किए जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जैव विविधता के बारे में जागरूक करना है। कुलपति ने बताया कि हमें बचे हुए प्राकृतिक स्रोतों का संरक्षण करना चाहिए।

# चोरों ने घर से माल किया पार, पड़ोसी पर आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर (साढ़)। घाटमपुर थाना क्षेत्र के नवेडी गांव में बंद घर में चोरी हो गई। पीड़ित ने घाटमपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए पड़ोसी पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के नवेडी गांव निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने घाटमपुर थाना में शिकायत पत्र देते हुए बताया की 21 तारीख को जब सुबह 5 बजे पीड़ित की नींद खुली तो घर के कमरों में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर में घुसे चोरों ने अलमारी में रख्खा लाखों का जेवर चोरी कर ले गए थे। वहीं पीड़ित ने बताया की घर के बगल में रहने वाली भाभी अर्चना पत्नी स्व सुशील सिंह किसी काम के चलते कानपुर गई हुई थी। उनके घर के कमरे का भी ताला तोड़कर चोर ने ?2500 नगद और काफी मात्रा में जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।.इसी प्रकार साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली गांव के बाहर बने आनंद धाम व बने मंदिर से देर रात मंदिर का ताला तोड़कर चोरी का किया प्रयास लेकिन मंदिर में रखे दान पत्र में किसी प्रकार का धन नही था वहीं पर धर्मशाला का ताला तोड़कर छत के कमरे का ताला तोड़कर एक गैस सिलेंडर ले गए सभी जगह लोगो ने चोर की खोज बीन किया लेकिन कुछ हांथ नही लगा और चोर सिलेंडर लेकर फरार हो गए जब डाक्टर धीरेंद्र निवासी कुंदौली से सुबह 5 बजे अपनी क्लीनिक पहुंचे तो मंदिर धर्मशाला का ताला टूटा देख साढ़ पुलिस व 112 को फोन कर सूचना दी मौके पर साढ़ पुलिस ने पहुंच कर चोरों की तलास सुरू कर दी फिर हाल धर्मशाला के मालिक ने बताया की सिर्फ सिलेंडर ही ले गए हैं जिसकी लिखित तहरीर साढ़ थाने में दी

# आम से लदा पिकअप थाना महाराजपुर क्षेत्र में पलटा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के थाना महाराजपुर इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार आ रही आम से लदी पिकप गाड़ी मोटर साइकल सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई।जिससे पिकप में लदे आम हाइवे पर फैल गए।आस पास के लोगो ने आनन फानन में ड्राइवर को सही सलामत निकाल कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे एडीसीपी लखन यादव ड्राइवर वा क्लीनर को उपचार के के लिए काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है।वही क्षेत्र में आम से लदी गाड़ी पलटने की सूचना फैली वैसे ही क्षेत्रिय लोग आम को उठा उठा कर भागने लगे जिस पर पुलिस ने लाठियां पटक कर आम ले जाने वाली को भगाया। वहीं थाना महाराजपुर में 24 घंटे में तीन सड़क दुर्घटना में सात लोगो ने जान गवा दी।और आज फिर आम से लदा पिकप अनियंत्रित होकर पलट गया।

# नगर निगम के अधिकारियों से व्यापारियों की तीखी नोक-झोक

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** सैंकड़ो वर्ष पुरानी कलक्टरगंज गल्ला मंडी बजार में नगर निगम के अधिकारी सर्वे करने जबरन घुस आए और व्यापारियों की दुकानों में जाकर सर्वे करने लगे और दुकानें खाली कराने के लिए व्यापारियों का नाम पता नोट करने लगे तभी स्थानीय व्यापारियों ने भयभीत होकर तुरंत उक्त घटना की जानकारी भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता को दी विनोद गुप्ता मौके पर तत्काल कलक्टरगंज बाजार पहुंचे और वहां मौजूद नगर निगम अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अचार संहिता में सर्वे करने का अधिकार किसने दिया अभी अचार संहिता लागू है और आप सब मिलकर सरकार को बदनाम करने का कुचक्र रच रहें हैं। उन्होंने पूछा कि किसके आदेश से सर्वे करने आये हो अधिकारियों ने बताया कि जोनल विद्यासागर यादव के आदेश से विनोद गुप्ता ने तत्काल विद्यासागर यादव को फोन पर फटकार लगाई और कहा कि अचार संहिता में कैसे भेज दिया इनको यहां सर्वे करने इस तरह के काम न करें जिससे सरकार बदनाम हों अन्यथा व्यापारी उग्र हो जायेगा और स्थिति खराब हो जायेगी। मगर जोनल विद्यासागर यादव ने कहा कि हमने इन अधिकारियों को नही भेजा है। वहां और अगर ये आएं हैं तो इनको वापस बुला ले रहे हैं। विनोद गुप्ता ने विधासागर यादव को बताया कि हमारे दो व्यापारियों कि नगर निगम के इसी उत्पीड़न के कारण हृदयघात से मौत हो चुकी है। यदि किसी व्यापारी कि मौत उत्पीड़न के कारण होगी तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।होली में अधिकारियों कि व्यापारियों से उगाही का मामला सामने आया था और दबाव बनने पर व्यापारियों का पैसा वापस किया गया। विनोद गुप्ता ने स्थानीय व्यापारियों के साथ आये अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि नगर निगम की तरफ से कोई भी सर्वे करने यदि बाजार में आया तो वापस नही जाने देंगे और यही घेरकर बैठा लेंगे और तभी छूटेगा जब नगर आयुक्त आयेंगे नगर निगम को जो भी दस्तावेज चाहिए तो नगर निगम व्यापारियों की बैठक बुलाए, व्यापार मंडल और पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में परमिट की कापी ली जाए और उसके बाद आम सहमति से व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए ही कोई काम किया जाएं अन्यथा नगर निगम की इस बदनीयती के विरुद्ध शासन स्तर पर शिकायत करेंगे और सड़को पर उतरकर व्यापारी हितों की लड़ाई लड़ेंगे, दोबारा कोई भी अधिकारी बाजारों में घुसने की हिम्मत न करें। व्यापारियों ने कहा कि बीते दिनों विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने भी विनोद गुप्ता से बात की थी और कहा था कि व्यापारियों की आम सहमति से ही कोई काम होगा इसके बावजूद नगर निगम को शासन की बातों की अवहेलना कर रहा है जोनल ने भी विनोद गुप्ता से फोन पर स्वीकार किया कि नगर निगम के अधिकारियों ने गलती की है। बाजार में आने वाले अधिकारियों के नाम धरनी धर विश्वकर्मा, मनोज, मुश्ताक इंस्पेक्टर और ओम प्रकाश नोटिस अधिकारी बताया गया। प्रमुख रूप से ज्ञानेश मिश्रा, संजय राठौर, राजा गुप्ता, निखिल गुप्ता, रूद्र गुप्ता, लाला गुप्ता, शशांक बाजपेई, दीपक खन्ना, बबलू गुप्ता, कल्लू शंकर गुप्ता, किशन गुप्ता, छैया गुप्ता, सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहें।



**सूचना**

मेरी बी0टेक0 चतुर्थ वर्ष की अंकतालिका कहीं गुम हो गयी है जिसकी प्राथमिकी रिपोर्ट 03/05/2024 को मेरे द्वारा दर्ज करायी गई है।

सूचनाकर्ता
-अक्षय कटियार
पुत्र श्री रमेश कुमार, निवासी-266/2 शास्त्री नगर कानपुर नगर

# मूक बधिर बच्चों के द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता अभियान रैली



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बीकापुर तहसील अंतर्गत ग्राम बैंती कला स्थित अवाम स्पेशल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज व अवाम स्पेशल स्कूल द्वारा संचालित एवं वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आज मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 विद्यालय प्रांगण में रैली निकाल कर किया गया जिसमें मूक-बधिर एवं मानिक मंदित बच्चों ने गांव में शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु जन जन तक अपनी आवाज पहुंचाई। बच्चों ने वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, पहले मतदान फिर जलपान जैसे नारों से लोगों का ध्यान मतदान के प्रति आकर्षित किया। बच्चों के साथ ही विद्यालय के अध्यापक एवं अवाम स्पेशल टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज व अवाम स्पेशल स्कूल के प्रबंधक बिस्मिल्लाह खान भी रैली में मौजूद रहे तथा बच्चों, अभिभावकों व ग्रामीण वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

# मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया भरत कुंड व भरत गुफा का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद् सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा भरत कुंड और भरत गुफा का निरीक्षण धीरज श्रीवास्तव संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ किया गया। निरीक्षण के समय उ0प्र0 परियोजना निगम के परियोजना प्रबंधक विनय कुमार जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राजेष कुमार सिंह, अवर अभियंता ए0पी0सिंह व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उ0प्र0 परियोजना निगम द्वारा भरत कुड स्थल पर कराये गये कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय उ0प्र0 परियोजना निगम के परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया की चौरासी कोस परिक्रमा के अन्तर्गत 8 स्थल दुग्धेश्वर कुंड, दशरथ समाधि, भरत कुंड आदि के कार्य की स्वीकृति शासन द्वारा 20.56 करोड़ रू0 की हुई थी।



स्वीकृत कार्यो में से 6 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं शेष 2 कार्य करना बाकी है। कार्यदायी संस्था यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा भरतकुंड पर एक शौचालय, अतिथि विश्राम गृह तथा सीढियों का निर्माण कराया गया है शेष परियोजना का कार्य प्रगति पर है। भरत कुण्ड पर एक शेड तथा कुछ अन्य कार्य करना शेष है। परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि अवशेष कार्य दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। भरत कुंड और भरत गुफा पर यात्री सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग, सौन्दर्य विकास, प्रकाश और ध्वनि प्रणाली, वाटर पिकिंग कुंड के चारो तरफ घाट के निर्माण, कुंड के बीच में राम भरत मिलन के मूर्ति स्थापित करने और तालाब के पानी को साफ करने पर विचार विमर्श किया गया परियोजना प्रबंधक को अवशेष कार्य दो माह में पूर्ण करने एवं इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत क्या कार्य कराए जा सकते हैं और उन पर भी विचारोपरान्त कार्य का नाम और उनमें होने वाली अनुमानित लागत बताएं जाने और अवशेष कार्य जून माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### धोखाधड़ी के मामले में वांछित महिला गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना भीटी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा-419, 420, 467, 468 से संबंधित अभियुक्ता मीनू पत्नी बलराम निवासी ग्राम घरवासपुर चौबे थाना भीटी जनपद को ग्राम नगई के पूरा थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर से गिरफ्तार गिया गया। पूछताछ में गिऊअभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मेरे ससुर ने कहा था कि ये जमीन मैं तुम्हारे नाम लिख दूंगा किन्तु वह दूसरी महिला को लेकर घर रख लिये। हमारे पति व मैं मिलकर जमीन जाता देखकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराये और अपने नाम से खेत को लिखा लिया।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से सामूहिक बलात्कार के आरोप में बुधवार को तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि मोहनगंज थाने में दी गयी एक तहरीर में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उन्नीस मई की रात करीब बारह बजे उसके गांव के ही तीन युवकों ने घर में सो रही उसकी पन्द्रह वर्षीय बेटी को फोन करके बुलाया।और उसके बाद खेत में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस सिलसिले में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### रुदौली बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल बजा 6 को मतदान

**जन एक्सप्रेस/रुदौली- अयोध्या।** रुदौली तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल बज गया है। नई एल्डर कमेटी ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है।6 जून को चुनाव के बाद मतगणना होगी। इसको लेकर अधिवक्ता गुटों में हलचल तेज हो गई है।एल्डर्स कमेटी रुदौली ने बैठक कर तहसील बार एसोसिएशन की वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है।जिसमें दिनांक 24 मई को सुबह 10 बजे से 03 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की बिक्री की जाएगी। दिनांक 27-28 मई को नामांकन-पत्रों की बिक्री व दाखिला होगा। 29 मई को नामांकन प्रपत्रों की जाँच व वापसी होगी। दिनांक 6 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा।उसी दिन 3 बजे के बाद मतगणना व चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन साहब सरन वर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन के हाल में 6 जून को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मतदान और 3 बजे से मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### मानक के विपरीत हो रहा नाला निर्माण कार्य

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रुदौली नगर के अशफाक उल्ला खान वार्ड (घोसियाना) मोहल्ले में हो रहे नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पुराने ईंटो से नाला निर्माण कर के अनियमितता बरती जा रही है एवं नाले की खोदाई करने के बाद 6 दिनों से मलबा न उठने के कारण रास्ता जाम हो गया है जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुहल्ले वासियों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नाला निर्माण में पुरानी ईंटो के साथ घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।खुदाई के दौरान निकले पुराने मलबे के ईंटो को उसी नाला निर्माण में समाहित किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार बताया जा रहा कि नाला निर्माण कार्य आरसीसी मानक में पास हुआ है जबकि निर्माण से हो रहा,स्थानीय निवासी मो अफजाल, सिरताज आदि ने बताया कि 6 दिनों से रास्ता जाम होने के कारण महिलाओं बच्चो, बुजुर्गो सहित सभी को भरी परेशानी हो रही ठेकेदार कोई सुनवाई नहीं कर रहे है।भाजपा नेता नवनीत रस्तोगी ने नाले निर्माण में पुरानी ईंटो व घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करके नाला निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत रुदौली विधायक रामचंद्र यादव एवं नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी से की है। इस बाबत और अभियंता लाल मणि ने बताया कि यदि पुरानी ईंटों का प्रयोग हो रहा है तो गलत हो रहा है उन्हें ईंटों को हटवा कर पुनः नया हितों का प्रयोग करवाया जाएगा। मामले में अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि मौके पर अवर अभियंता को भेजा जा रहा है मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वही नाला निर्माण कार्य को मानक के अनुसार कराया जाएगा।

### व्यापारियों ने की सांसद रितेश पांडेय को भारी मतों से जिताने की अपील

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज-अयोध्या।** नगर के सुंदर वाटिका में नगर सैकड़ो सभ्रान्त व्यापारियों की एक परिचय बैठक प्रदीप जायसवाल जी के नेतृत्व में हुई। इस कार्यक्रम बैठक का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी नेता रामप्रसाद कसौधन ने किया। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा नेताओं ने व्यापारियों से अपील किया। अम्बेडकरनगर सांसद प्रत्याशी रितेश पांडेय से व्यापार मंडल अध्यक्ष पराग ने कहा कि जिस तरह से 2017 में व्यापारियों ने विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी से गोसाईगंज बाजार टूटने एवं फोरलेन बनाने की बात कही थी। जिस पर विधायक रहे खब्बू तिवारी ने आश्वासन दिया और उसे करवाया। उसी तर्ज पर पराग ने प्रत्याशी रितेश पांडेय से गोसाईगंज नगर को तहसील बनाने की मांग मजबूती से रखी जिस पर प्रत्याशी पांडेय ने मांग को स्वीकार करते हुए चुनाव जीतने के बाद गोसाईगंज को तहसील बनाने की बात को स्वीकार किया। उन्होंने कहा भी बाजार को तहसील बनाना अति आवश्यक है यहां से 40 किलोमीटर फैजाबाद लोगों को जाना पड़ रहा है। जिस पर उपस्थित समस्त व्यापारियों ने करतल ध्वनि से सांसद प्रत्याशी का स्वागत करते हुए कहां की अबकी रिकॉर्ड मतों से लोकसभा चुनाव जीतने का काम गोसाईगंज नगर वासी करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री के योजनाओं की बात करते हुए हुए कहां की गोसाईगंज में ट्रिपल इंजन की सरकार आप लोगों को बनाना है। जिससे हमारे गोसाईगंज नगर एवं क्षेत्र का भरपूर विकास हो। व्यापारी परिचय कार्यक्रम में आए नगर के संभ्रांत सैकड़ो व्यापारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे बुलाने पर आप सब आए हैं इसी तरह आप अपने परिवार के साथ सुबह पहले मतदान फिर जलपान करने का आवाहन किया और सबका जलपान कर कर स्वागत किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल, अरविंद अर्पण, ओम प्रकाश जायसवाल सराफ, भाजपा नेता ओमप्रकाश सोनी, जगदीश जायसवाल श्री प्रकाश जायसवाल डॉ घनश्याम सोनी, डॉ कैलाश गुप्ता, बजरंग प्रसाद चौरसिया, अनूप जायसवाल, अनिल कुमार मल्हू, नंदलाल गुप्ता, प्रवीण उपाध्याय, भोलानाथ, सर्वेश मोनू,शशि कुमार अंगियार, सभासद रविंदर यादव, गब्बडु वर्मा आलोक गुप्ता, अवधेश स्वर्णकार, महेश कसौधन, राजन सोनी, श्री प्रकाश सोनी, डॉ. विश्वकर्मा, शहीद नगर के सैकड़ो सम्राट व्यापारी उपस्थित थे।

# जांच मे फंसे राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य

## प्रमुख सचिव ने तीन सदस्यों की जांच समिति बनाकर पूरे मामले की जांच के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

लोकायुक्त की जांच मे राम नगरी अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. ज्ञानेंद्र कुमार बुरी तरह फंस गए हैं। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है। इस संदर्भ में लोकायुक्त प्रशासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को तीन सदस्यों की जांच समिति बनाकर पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच टीम को कहा गया है कि 24 मई तक जांच रिपोर्ट लोकायुक्त प्रशासन को पेश करें। राम नगरी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ड्रीम सिटी है।लोगों को सही व सस्ती स्वास्थ सेवाएं मिल सके इसके लिए भाजपा सरकार ने मेडिकल कालेज मे तमाम सुविधाएं




मुहैया कराई हैं। फिर भी यहां के मेडिकल कालेज की स्थिति कुछ अच्छी नहीं हैं।अस्पताल भ्रष्टाचार का केन्द्र बन गया है। इसे लेकर सिद्धार्थनगर निवासी सतीश चन्द्र की शिकायत पर लोकायुक्त ने प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार के विरुद्ध जांच शुरू कराई है।

शिकायत मे ये आरोप लगाए गए हैं सतीश चन्द्र ने शिकायत में आरोप लगाया है कि कई प्रकार की बीमारियों की जांच के लिए मशीनों की खरीद की हैं। इन मशीनों की खरीद करने में उन्होंने भ्रष्टाचार किया है। साथ ही अस्पताल में पहले चल रहे आइसीयू को निजी अस्पतालों के साथ मिलीभगत करके बंद करा दिया है। वार्ड ब्वाय की भर्ती में भी एक-एक लाख रुपये लेने के आरोप शिकायतकर्ता ने लगाए हैं। दवाइयों से लेकर हर मामले में प्रधानाचार्च भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इसी के आधार पर लोकायुक्त ने प्रमुख सचिव को तीन सदस्यों की गठित समिति बनाकर आरोपों की विभागीय जांच के निर्देश दिए।

### चुनाव में वाहन उपलब्ध न कराने वाले वाहन स्वामियों पर दर्ज होगी एफआईआर

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद में 25 मई को मतदान होगा, जिसके परिप्रेक्ष्य में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराने हेतु हल्के वाहन/ भारी वाहन/बस के अधिग्रहण आदेश जारी किए गए थे।लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत भारी वाहन/बस /हल्के वाहन/छोटे वाहन को हवाई पट्टी अकबरपुर में उपलब्ध कराना था। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त आदेश में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 की उपधारा(1) खण्ड ख के अंतर्गत वाहनो को अधिग्रहण आदेश पुलिस के माध्यम से / परिवहन विभाग द्वारा तामिला कराया गया था। वाहन को मय चालाक/ क्लीनर के साथ हवाई पट्टी अकबरपुर में उपस्थित होना था। तामीला में यह भी अवगत कराया गया है कि गाड़ी उपलब्ध न कराने ,समय से उपलब्ध न करने तथा उक्त आदेश के उल्लंघन दंडनीय अपराध होगा।अधिग्रहण आदेश पर निर्दिष्ट तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने पर वाहन स्वामी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 (क) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराया जायेगा।

# गंगा नदी में नहाने गए भाई-बहन की डूबने से हुई मौत, मचा कोहराम



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बुधवार को सरेनी कोतवाली क्षेत्र के मल्लाही मजरे रालपुर में उस वक्त कोहराम मच गया जब साथियों के साथ गंगा नदी में नहाने गए भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई। गंगा नदी में डूबे अन्य साथियों को डूबता देख घबरा कर शोर गुल करते हुए गांव की ओर भागे और गांव वालों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी पाते ही गांव में कोहराम मच गया और गांव वालों ने ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना स्थानीय शासन प्रशासन को दी जिसके बाद सूचना पर मय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे इंस्पेक्टर सरेनी संजय कुमार साथ ही नायब तहसीलदार सरेनी शंभू शरण पांडेय एवं क्षेत्रीय लेखपाल आलोक सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए स्थानीय गोताखोरों की सहायता से डूबे भाई बहन की तलाश में जुटे। स्थानीय गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों भाई बहन का गहरे पानी से शव बरामद हुआ। वही गुड़िया पुत्री रामनरेश उम्र 13 वर्ष व कृष्णा पुत्र रामनरेश उम्र 10 वर्ष निवासी मत्तू का पुरवा मजरे रालपुर केशव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। सरेनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मल्लाही मजरे रालपुर की घटना।

# डॉक्टर और कंपाउंडर अस्पताल से रहते हैं नदारद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के विकास खंड जामो अंतर्गत खुन्ना का ताल के पास सरकारी होम्योपैथिक अस्पताल खुला हुआ है। जहां पर चिकित्सक, कंपाउंडर अक्सर मौजूद नहीं रहते। बुधवार को भी अस्पताल में ना तो डॉक्टर और ना ही कंपाउंडर उपस्थित मिले। काफी लोग इलाज कराने के लिए आए और वापस जाने को मजबूर हुए।अक्सर इस अस्पताल में यही होता रहता है। इस संबंध में अस्पताल के फार्मासिस्ट से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा मेरी आज ड्यूटी गौरीगंज में है। अस्पताल खुला होना चाहिए जब डॉक्टर साहब मनीष श्रीवास्तव से बात करने का प्रयास किया गया, तो उनका फोन नहीं उठा बाद में उनका फोन आया की अस्पताल खुला हुआ है। जबकि अस्पताल में कोई कर्मचारी नहीं उपस्थित नहीं रहा। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से मांग किया है, कि इस अस्पताल का औचक निरीक्षण कराया जाए। और यह सुनिश्चित किया जाए की आम गरीब मरीजों को यहां इलाज मिल सके। जिससे शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ यहां पर मिल सके। अधिकांशतः डॉक्टर एवं कर्मचारी यहां पर नदारत रहते हैं। कभी जिले पर ड्यूटी है, का बहाना तो कभी कोई न कोई बहाना बनाकर इस अस्पताल से गायब रहते हैं।और ताला बंद रहा करता है।सच बात तो यह है कभी-कभी हफ्ते में आ जाते हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि शनिवार को तो कभी आते ही नहीं। कभी-कभी यहां पर फार्मासिस्ट मिल जाते हैं।

### भरत-हनुमान मिलन मंदिर पर पाठ, यज्ञ का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** नंदीग्राम भरत कुंड के भारत - हनुमान मिलन मंदिर पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन बुधवार को विधिवत पूजन-अर्चन-वंदन के बाद शुरू हुआ है। वैशाख शुक्ल पक्ष के पुर्ण वासी को यज्ञ होने के लिए बुधवार को मानस पाठ की शुरुआत में ही स्थानीय लोगों के साथ यात्रा में आए यात्री भी मानस पाठ से प्रसन्न होकर भक्ती के रस से सराबोर होकर मंदिर प्रांगण में थिरकने लगे हैं। उक्त मंदिर के प्रमुख पुजारी संत परमात्मा दास के देख- रेख में नित्य- प्रति धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं। जिससे मंदिर में भक्तों के आते ही उनकी आत्मा में प्रभु राम और भाई भरत का चरित्र चलचित्र की तरह चलने लगता है। उक्त आयोजन पर एकत्र भीड़ को गुरुवार को होने वाली यज्ञ में आहुति डालने के लिए सभी लोगों को सुबह समय से यज्ञ स्थल पर आने के लिए आमंत्रित किया है।

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत अक्षत ग्रुप प्रयागराज द्वारा एनटीपीसी ऊंचाहार के सौजन्य से उमरन गांव में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया और ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया।उमरन गांव के निवासियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया और कलाकारों की सराहना की। नाटक ने स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



नुक्कड़ नाटक के बाद ग्रामीणों को 120 लीटर के बड़े कूड़ेदान का वितरण किया गया। इसके अलावा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 125 मच्छरदानियों का भी वितरण किया गया।

परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा, यह नुक्कड़ नाटक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। एनटीपीसी ऊंचाहार समुदाय को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के कार्यक्रम हमारे प्रयासों को और मजबूत बनाते हैं।

इस आयोजन ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया और उन्हें स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उमरन प्रधान प्रतिनिधि श्री रंजीत सिंह सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का परिणाम घोषित

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**



जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान मे आयोजित एनटीपीसी स्पोर्ट स्टेडियम वा ऊंचाहार ओवर ब्रिज के नीचे स्थित नरेश भवन निकट लुधियाना बाजार में बीते दिनों कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया था जिसमे दोनों एकेडमी से तकरीबन 100 बच्चों ने प्रतिभा किया था तथा इस प्रतियोगिता में 75 बच्चों को सफलता प्राप्त हुई स्पोर्ट्स स्टेडियम एनटीपीसी से प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों में आयुषी जेठवंत, हर्षित सिंह चौहान, टिया परिहार,मायरा मेहर,जतिन,सिद्धिका मानशवी, इकरा, नेहा, तनिसी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पुलकित, ईशानवी, हर्षिका, जोहा, पायल आरुही, इरा, टिशा, प्रिशा, श्रेयान, स्निथिक, श्रीद, नैतिक, अप्रेम्या, तैसा, शाहरान, अहेली, इकरा, भावना, श्रेष्ठा, श्रेयांश, लक्ष्य, आरिश, आराध्या, आर्यन, नैतिक, नेहा, स्वप्निका, अर्जुन, शरन्या, मुकुल, त्रिशिता, यथार्थ, रुद्रम, तानिसी, प्रांजल, रव्या, अभिराम, शिवंश, आरुष, हसया, काशी, शौर्य प्रताप ने अपने-अपने बेल्ट में सफलता प्राप्त की ऊंचाहार मार्शल आर्ट एकेडमी से प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों में नित्येंद्र, रौनक सिंह, दिव्यांश मौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अंश मौर्य, युवराज मौर्य, वैष्णवी अग्रहरि, सारांश, आदित्य, पीयूष कमल, दित्या, मुस्कान, आकाश, मेघावानी, आदित्य, वेदान्तिका, मोनिशा, ने अपने-अपने बेल्ट में सफलता प्राप्त की इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता सचिव राहुल कुमार पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम एनटीपीसी ऊंचाहार के सचिव जसवंत मीना ऊंचाहार मार्शल आर्ट एकेडमी के मुख्य सलाहकार रभिषेक अग्रहरी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार का परिणाम निराशा जनक रहा है इसके पूर्व बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया था।

### डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवर्षीय अधिवेशन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उ.प्र. शासन अयोध्या शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन चुनाव विवादो के बीच हुआ सम्पन्न। बुधवार को सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित अधिवेशन के दौरान संगठन का कार्यक्रणी के पुनर्गठन को लेकर कुछ सदस्य ने आपत्ति दर्ज कराते हुए विधि पूर्वक चुनाव कराने की मांग उठाई जिसे लेकर सभागार में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष ने सदस्यों को शांत कराते हुए कहां कि आगामी जुलाई माह में अध्यक्ष के एस चौधरी संयुक्त परिषद के पद से इस्तीफा देंगे जिसके बाद डीपीआरओ का चुनाव कराया जायेगा जिस पर जिसकी सहमति के बाद सभी पदों पर निर्विरोध घोषित कर दिया गया।

# कौन कहता है कि मोमिन मर गया, क़ैद से छूटा वह अपने घर गया

## उस्ताद हज़रत हाफिज़ नौशाद अहमद साहब गोण्डवी का योमे चेहल्लुम मनाया गया और दुआए मग़फिरत की गई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मरकज़े अहले सुन्नत दारूल उलूम हबीबिया गुलशने रज़ा जगपालताल रायबरेली के उस्ताद हज़रत हाफिज़ नौशाद अहमद साहब गोण्डवी का इन्तक़ाल पुर मलाल 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को हो गया था। आज बतारीख़ 21 मई 2024 को योमे चेहल्लुम मनाया गया और दुआए मग़फिरत के लिये मरकज़े अहले सुन्नत के इबादतख़ाने में महफिले कुरान ख़ूवानी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हाफिज़ अनीस अहमद कुरैशी साहब ने किया। कायर्क्रम का शुभारम्भ हाफिज़ मोहम्मद मुश्ताक़ ने कुरान पाक के पाठ से किया। हाफिज़ मो0 कमर रज़ा ने नात पाक पेश किया। प्रमुख बयान करते हुये हज़रत हाफिज़ सुहैल अख़्तर रज़ा खान साहब ने कहा कि हज़रत हाफिज़ नौशाद अहमद साहब बेहतरीन उस्ताद थे, आप बहुत ही खुश एख़्लाक, मिलनसार और बहुत हंसमुख इन्सान थे, आपने कहा कि जो भी दुनिया में आया है उसे एक दिन इस दुनियो फानी से जाना है लिहाज़ा हमें चाहिए कि हमेशा अपने पैदा करने वाले का शुक्र अदा करते रहें और लोगों के साथ भलाई का मुआमला करें। हज़रत क़ारी साहब ने लगभग 13 साल मरकज़े अहले सुन्नत में दर्स व तदरीस का काम अन्जाम दिया, इस से पहले भी आपने मुख्तलिफ मदरसों में तालीम



दिया और सैकड़ों की तादाद में आपके शागिर्द उ0प्र0, बिहार, बंगाल, झारखण्ड के साथ साथ देश व विदेश में दीन की सेवा कर रहे हैं, अल्लाह से दुआ है कि हाफिज़ साहब की मग़फिरत फरमाये और जन्नत में आला मक़ाम अता फरमाये। इसी मौके पर हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती अख़्तर रज़ा ख़ान अज़हरी अलमारूफ ताजुश्शरीया व हज़रत मौलाना अलहाज नईमुल्लाह ख़ान हबीबी इलाहाबाद रहमतुल्लाह अलैहिम अजमईन के उर्स के मौक़े पर आपकी बारगाह में खिराजे अक़ीदत भी पेश किया गया। फिर सलात व सलाम के बाद दुआ पर प्रोग्राम का समापन हुआ। इस अवसर पर हाफिज़ मो0 मुश्ताक़, कारी मो0 क़मर रज़ा, हाफिज़ इज़हार, हाफिज़ शाहरूख़, मास्टर एजाज़ उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 40°C | 29°C |
| कानपुर | 41°C | 29°C |
| देहरादून | 36°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 43°C | 31°C |

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़
# हिस्ट्रीशीटर नितिन कुंडी को मारी गोली
## बिना नंबर की कार से जा रहा था, पुलिस ने रोका तो फायरिंग की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के चिनहट में बुधवार तड़के पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़? हो गई। पुलिस की फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर नितिन कुंडी के पैर में गोली लग गई। जबकि उसका साथी शेखर कौशल अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नितिन कुंडी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नितिन कुंडी शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या-लूट समेत 8 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि चिनहट के देवा रोड पर नितिन के पहुंचने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम ने घेराबंदी की थी, थोड़ी देर बाद बिना नंबर प्लेट के 2 कार सवार पहुंचे। पुलिस ने रोका तो उन्होंने कार दौड़ा दी। पुलिस ने पीछा किया तो फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो नितिन कार को लेकर दयाल फॉर्म में घुस गया। पुलिस ने उसको चारों तरफ से घेर लिया। सरेंडर करने की चेतावनी दी। लेकिन उसने फिर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसे गोली लग गई।



### फोरेंसिक टीम ने जांच की, पिस्टल और खोखे बरामद

पुलिस का कहना है कि मुठभेड़ की सूचना के बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। बिना नंबर की स्विफ्ट कार 32 बोर की पिस्टल और कई कारतूस के खोके बरामद किए गए।

### 19 मई को पति-पत्नी पर किया था जानलेवा हमला

पुलिस के मुताबिक, इससे पहले 19 मई को वर्चस्व की लड़ाई में हिस्ट्रीशीटर नितिन कुंडी ने कार सवार पति-पत्नी पर नितिन कुंडी ने 8-10 राउंड फायरिंग की थी। सतपाल पाठक निवासी विनम्रखण्ड अपनी पत्नी के साथ रात 10 बजे बीबीडी की तरफ से लौट रहे थे। मटियारी पुल के ऊपर स्विफ्ट कार सवार शेखर कौशल, नितिन कुंडी, अमित चौधरी और एक अज्ञात ने सतपाल की गाड़ी के बगल में गाड़ी लगाई और जानलेवा हमला कर दिया। सतपाल ने अपनी गाड़ी भगाकर अपनी जान बचाई थी। हालांकि गोलियों कार के चारों शीशे टूट गए थे। तभी से पुलिस नितिन कुंडी को तलाश रही थी।

### 7 साल पहले कुंडी पर पहला केस दर्ज हुआ था

नितिन कुंडी पर 8 क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 2017 में उसके खिलाफ चिनहट थाने में पहला मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद साल 2022 में एससी-एसटी का केस दर्ज किया गया। इसी साल हत्या के प्रयास का मुकदमा भी उसके खिलाफ लिखा गया। नितिन के माता पिता की मौत हो चुकी है। वो अपने हिस्से के मकान में अपने भाई से अलग रहता है।

# दिनदहाड़े गल्ला व्यापारी पर गोली
# चलाकर लूटी नगदी, हुए फरार



जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना अंतर्गत उसरना गांव में बुधवार दोपहर गल्ला व्यापारी से नाकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दें दिया। बाइक से आए दो नकाबपोश बदमाशों ने गल्ला व्यापारी की दुकान में घुसकर उस पर गोली चला दी और बदमाश दुकान के गल्ले में रखी नकदी लूट कर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद गल्ला व्यापारी ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर एक कारतूस का खोखा बरामद किया। पुलिस बदमाशों की तलाश में सर्विलांस, क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की टीम गठित की गई है। बदमाशों द्वारा की गई फायर दीवार में गोली धंस गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसरना गांव निवासी गल्ला व्यापारी मो0 आरिफ की गांव के तिराहे पर दुकान है। दोपहर करीब 12:15 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी बीच बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश उसकी दुकान में घुस आए, जब तक वह कुछ समझ पाता तब बदमाशों ने उसकी तरफ तमंचा तान गोली चला दी, गनीमत रही कि निशाना मिस हो गया और गोली दीवार में धंस गई। जिसके बाद बदमाश दुकान में रखा रुपयों का बैग लेकर वहां से फरार हो इटौजा की तरफ बाइक से भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद आरिफ ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम पर सम्पर्क कर लूट की सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस के आलाधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस और फॉरेसिंक टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने गल्ला व्यापारी से पूछताछ की और फॉरेसिंक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर फॉयरिंग से जुड़े साक्ष्य जुटाए। इस दौरान पुलिस को घटनास्थल के पास से 315 बोर कारतूस का खोखा पड़ा मिला। वहीं अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी (एडीसीपी) जितेंद्र दुबे ने बताया कि बयान में गल्ला व्यापारी ने बताया कि वारदात के वक्त वह अपनी दुकान के अंदर कुर्सी पर बैठा था। तभी अचानक से आए बदमाशों ने उस पर गोली चला दी। गोली गल्ला व्यापारी के कान के पास से निकल गई। जिससे वह घबरा गया और उसके मुंह से आवाज निकलनी बंद हो गई। गल्ला व्यापारी ने बताया कि निशाना मिस होने के बाद बदमाश फिर से तमंचे में दूसरी कारतूस लोड करने लगा तो हिम्मत कर वह बदमाशों को धक्का देते दुकान से बाहर भाग निकला।

### लूट वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का बन गया माहौल

पुलिस ने वारदात के बाद ग्रामीणों से भी पूछताछ की, लेकिन वह मुंह खोलने से घबराते दिखाई दिए। आरिफ के बेटे ने बताया कि दिनदहाड़े अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए है। उनके जेहन में बदमाशों की दहशत दिख रही थी। वहीं बदमाशों के भागने के बाद पापा की आवाज का शोर सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की वारदात होना एक गंभीर मामला है। वहीं पुलिस उपायुक्त उत्तरी का कहना है कि बदमाशों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें गठित हुई है। यह सभी टीमें बदमाशों की तलाश में कई-कई पहलुओं पर जांच कर रही है। वहीं गल्ला व्यापारी की लिखित शिकायत पर इटौजा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी कर मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 'निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।16 मार्च से 21 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,01,411 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 26,33,453 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 9830 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9916 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 581 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5008 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 186 केन्द्रों को सीज किया गया।21 मई को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 13,025 लोगों को पाबन्द किया गया। बिना लाइसेंस के 33 शस्त्र व 35 कारतूस बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 80 केन्द्रों पर रेड डाली गयी।

### हटाये गये पोस्टर व प्रचार सामग्री, 147 एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,73,43,491 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 1,07,08,404 तथा निजी स्थानों से 66,35,087 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,19,389, पोस्टर के 48,42,713, बैनर के 29,60,401 एवं अन्य 16,85,901 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 9,46,253, पोस्टर के 30,78,535, बैनर के 16,77,574 एवं अन्य 9,32,725 मामलों में कार्यवाही की गयी। बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 147 एफआईआर दर्ज, 08 एनसीआर सहित 155 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने बरामद की अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 मई तक 49267.08 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9186.39 लाख रुपये नकद धनराशि, 5489.44 लाख रुपये कीमत की शराब, 23777.09 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2412.74 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5567.16 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2834.27 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 21 मई को 6290.20 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 5750.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 30.30 लाख रुपये कीमत की 11555.53 लीटर शराब, 212.42 लाख रुपये कीमत की 20284.22 ग्राम ड्रग, 118.50 लाख रुपये कीमत की 1700 ग्राम बहमूल्य धातु, 153.66 लाख रुपये कीमत के 417643 मुफ्त उपहार एवं 24.53 लाख रुपये कीमत की 1093 अन्य सामग्री जब्त की गयी।21 मई को प्रमुख जब्ती में आगरा की आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 57.48 करोड़ रुपये नकद तथा 1.18 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 1700 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गयी। इसके अलावा जनपद कासगंज की कासगंज विधानसभा क्षेत्र में 2.01 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत की 1802 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

### पुलिस ने नाबालिग अपहृता की बरामदगी कर व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत महोना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन ने पुलिस टीम के साथ नाबालिग को विपक्षी द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के वाले अजय पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम कमालपुर कश्यथ उम्र करीब 19 वर्ष को अर्जुनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया?। वहीं जिसे न्यायिक अभिरक्षा मे न्यायालय भेज दिया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया जायेगा। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वादी की तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 70/24 धारा 363/366 भादवि पंजीकृत किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### लखनऊ में 40 डिग्री हुआ तापमान, गर्मी से थोड़ी राहत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ में दिन के तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पुरवा हवायें चलने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। बंगाल की खाड़ी पर बने हवा के दबाव से शहर का मौसम बदला है। सोमवार-मंगलवार को पुरवा हवाओं में तेजी रही। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को हीट वेव से लोग परेशान नजर आए। लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। जानकारों की मानें आने वाले दो दिन तक गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। बता दें मंगलवार को सबसे ज्यादा तापमान झांसी का 46.3 डिग्री रहा। मंगलवार देर रात तक तेज हवा चलती रही। लोगों ने चिपचिपी गर्मी का एहसास किया। पिछले चार दिनों से लखनऊ में वार्म नाइट का दौर जारी है। इसमें मंगलवार को न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री दर्ज किया गया।

# विद्युत ट्रांसमिशन लाइन विस्तार में यूपी अव्वल

- पॉवर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ने देश में सर्वाधिक 220 केवी या 1460 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों का किया विस्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में नित नए कीर्तमान स्थापित करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।पिछले वर्ष पीक आवर में देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्य का दर्जा प्रदेश को मिला, इस बार प्रदेश ट्रांसमिशन लाइनो के विस्तार में पूरे देश में शीर्ष पर काबिज हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024 में राज्य उपयोगिता में 6,993 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों का विस्तार किया गया, जो कि निर्धारित लक्ष्य 11,002 सर्किट किलोमीटर के सापेक्ष 64 प्रतिशत है।

अधिकांश वृद्धि 220 केवी लाइन की श्रेणी में हुई। पूरे देश में राज्य उपयोगिता द्वारा की गई ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार में यूपीपीटीसीएल का योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है, जो कि देश में सर्वाधिक है। इसी क्रम में दूसरे स्थान पर गुजरात की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। इस कार्य में तमिलनाडु तीसरे आंध्र प्रदेश चौथे और बिहार पांचवें स्थान पर है।केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में राज्य ट्रांसमिशन उपयोगिताओं द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार के मामलों में पूरे देश में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है।वित्तीय वर्ष 2024 में राज्य उपयोगिता में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 220 केवी या उससे ऊपर की 1,460 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें विस्तारित की गई। यह किसी भी अन्य राज्य द्वारा प्रात की गई उपयोगिता की उपलब्धि से अधिक है। राज्य उपयोगिता रैंकिंग में गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड दूसरे स्थान पर है, जिसने वित्तीय वर्ष 2024 में 898 सर्किट किलोमीटर लाइन का विस्तार किया। 2024 में यूपीपीटीसीएल ने 220 केवी की डबल-सर्किट की एक महत्वपूर्ण लाइन को भी चालू किया, जो कि महाराजगंज सब स्टेशन से पीजीसी आईएल के 400 केवी गोरखपुर सब स्टेशन तक 174 सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित थी। उत्तर प्रदेश में यूपीपीटीसीएल द्वारा जल्द ही एक और महत्वपूर्ण 400 केवी की डबल-सर्किट की ट्रांसमिशन लाइन को चालू करने की संभावना है, जो कि 478 सर्किट किलोमीटर तक विस्तारित है, अर्थात् यह लाइन अलीगढ़ से शामली तक विस्तारित है। इसको मूलरूप से जुलाई 2023 (वित्त वर्ष 24 में) तक चालू होने की उम्मीद थी। इस लाइन को बनाने के लिए सभी 737 टावर को खड़ा कर दिया गया हैं, मार्च 2024 के अंत तक स्ट्रिंगिंग का काम लगभग 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2023 में भी यूपीपीटीसीएल ने राज्य उपयोगिता के 1036 सर्किट किलोमीटर लाइन के लक्ष्य को पार करते हुए 1,447 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनो का विस्तार कर राज्य उपयोगिता में उच्चतम स्थान प्राप्त किया था। वहीं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने निर्धारित लक्ष्य 829 सर्किट किलोमीटर से अधिक 914 सर्किट किलोमीटर लाइन का विस्तार कर दूसरा स्थान पर रहा। कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन ने 617 सर्किट किलोमीटर लाइन के विस्तार के साथ तीसरे स्थान पर था। 2023 में राज्य उपयोगिता में कुल 6,816 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनो का विस्तार किया गया था, जिनमें से 75 प्रतिशत 220 किलोवोल्ट श्रेणी में थीं।

# महिलाओं ने रचा इतिहास, 1300 बूथों पर पुरुषों को पछाड़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

72 साल में यह पहला चुनाव है जब महिलाओं ने जिले की सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 1300 बूथों पर पुरुषों से अधिक मतदान किया। इंदिरा गांधी, शीला कौल और सोनिया गांधी ने 37 साल तक संसद में जिले का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन पहली बार महिलाओं ने पुरुषों से 6.33 प्रतिशत अधिक मतदान किया है। महिलाओं सांसदों ने 11 बार चुनाव लड़ा, लेकिन महिलाओं का मतदान प्रतिशत हर बार कम रहा। जिले के 2236 बूथों पर 20 मई को मतदान हुआ। घर के डेहरी को महिलाओं ने लांघकर देश के महापर्व में पुरुषों को पछाड़ दिया। 2019 के चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा, लेकिन बछरावां व रायबरेली में पुरुषों से पीछे रहीं। इस बार सभी विधानसभाओं रायबरेली, ऊंचाहार, बछरावां, सरेनी और हरचंदपुर में महिलाओं का मतदान का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 6.33 प्रतिशत अधिक मतदान रहा। पुरुषों ने 55.09 प्रतिशत और महिला वोटरों ने 61.42 प्रतिशत जनादेश दिया। इंदिरा गांधी ने 1967 से 1980 के बीच चार बार और शीला कौल ने 1989 और 1991 में चुनाव लड़ा। सोनिया गांधी ने 2004 से 2009 तक एक उप चुनाव सहित पांच चुनाव लड़े, लेकिन हमेशा पुरुष मतदाता आगे रहे। 2019 के चुनाव में हरचंदपुर, ऊंचाहार व सरेनी में महिलाएं अव्वल थीं, लेकिन इस बार पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान में टॉप हो गईं।

# छठा चरण: 14 लोकसभा सीट, 162 उम्मीदवार, मतदान 25 को

- 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन
- चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध: रिणवा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में छठे चरण के अंतर्गत प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 25 मई को मतदान होगा। छठे चरण के इन लोकसभा सीटो के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 146 पुरूष तथा 16 महिला प्रत्याशी हैं। बलरामपुर की 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 07 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात् कल 23 मई को सायं 06 बजे से छठे चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। छठे चरण का चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि राजनैतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान इन निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। प्रदेश में छठे चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 25 मई को मतदान होना है। इस चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 38-सुल्तानपुर, 39-प्रतापगढ़, 51-फूलपुर, 52-इलाहाबाद, 55-अम्बेडकरनगर, 58-श्रावस्ती, 60-डुमरियागंज, 61-बस्ती, 62-संत कबीर नगर, 68-लालगंज (सु.), 69-आजमगढ़, 73-जौनपुर, 74-मछलीशहर (सु.), 78-भदोही लोकसभा सीटें आती हैं। इसमें से 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 02 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। छठे चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

# मत्स्य पालन और पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध विषयक कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




एनबीएफजीआर के तत्वावधान में मत्स्य पालन और पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना की लॉन्च कार्यशाला का आयोजन किया गया।रोगाणुरोधी प्रतिरोध एएमआर जिसके कारण संक्रामक रोगों के उपचार के दौरान रोगाणुरोधी औषधियां अप्रभावी हो जाती हैं।वैश्विक रूप से जीवों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का विषय है। स्वास्थ्य सुविधाओं और खाद्य उत्पादन क्षेत्र में एएमआर का प्रसार एक चुनौती है। मत्स्य पालन और पशुधन में एएमआर की स्थिति का पता लगाने के लिए नई दिल्ली में मत्स्य पालन और पशुधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना एआईएनपी एएमआर शुरू की गई है जिसका उद्घाटन नई दिल्ली स्थित एनएएससी काम्प्लेक्स में आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने 22 मई को परियोजना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ.जेके जेना उप महानिदेशक मत्स्य विज्ञान भाकृअनुप डॉ.अशोक कुमार, एडीजी पशु स्वास्थ्य, भाकृअनुप परियोजना के सह-समन्वयक डॉ.उत्तम कुमार सरकार निदेशक भाकृअनुप-एनबीएफजीआर की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में भाकृअनुप के पशु विज्ञान और मत्स्य प्रभाग, एफएओ-इंडिया के अधिकारियों, प्रधान अन्वेषकों और नेटवर्क परियोजना के सह-प्रधान अन्वेषकों ने भाग लिया। इस अवसर पर, डॉ. उत्तम कुमार सरकार, निदेशक, भाकृअनुप-एनबीएफजीआर और सह समन्वयक एआईएनपी-एएमआर ने इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए विशिष्ट व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. जेके जेना ने प्रतिभागियों को परियोजना, वन हेल्थ के संदर्भ में इसके महत्व और परियोजना की शुरुआत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लाने तक की यात्रा के बारे में जानकारी दी। डॉ. जेना ने इस बात पर प्रकाश डाला कि परियोजना संयुक्त रूप से एक छतरी के नीचे मत्स्य पालन और जानवरों में एएमआर से सम्बंधित डेटा उत्पन्न करेगी। एडीजी पशु स्वास्थ्य डॉ. अशोक कुमार ने खाद्य उत्पादन प्रणाली में निगरानी कार्यक्रम पर जोर दिया। भारत में एफएओ के प्रतिनिधि और सम्मानित अतिथि डॉ. ताकायुकी हागिवारा ने रिकार्डेड संबोधन में मत्स्य पालन और पशुधन क्षेत्रों से भारत में एएमआर पर डेटा उत्पन्न करने में एकजुट होने के लिए परियोजना कर्मियों को बधाई दी। परियोजना एएमआर की विश्वव्यापी चुनौती को संबोधित करने में योगदान देगी। कार्यक्रम में विभिन्न आईसीएआर संस्थानों, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के प्रधान अन्वेषकों और सह-प्रधान अन्वेषकों ने भाग लिया। यह परियोजना आईसीएआर के मत्स्य पालन और पशु विज्ञान संस्थानों और भारत भर में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के 31 भागीदारों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। परियोजना का समग्र समन्वय आईसीएआर-एनबीएफजीआर द्वारा किया जाएगा। लॉन्च कार्यक्रम के बाद तकनीकी सत्र के आयोजन में कार्य की प्रगति की समीक्षा, नेटवर्क का विस्तार, नेटवर्क का परिचालन ढांचा और खेती किए जाने वाले जानवरों और मछलियों में एएमआर की निगरानी के लिए भविष्य के रोडमैप पर चर्चा की गई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **ई-प्रापण निविदा संख्या:** उप मु.इं.-नि.-गोंडा-06-2024(सिंगल पैकेट सिस्टम) क्लोजिंग दिनांक: 10.06.2024, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोंण्डा-बुढ़वल तीसरी रनिंग लाइन परियोजना के अन्तर्गत गोंण्डा-बुढ़वल खण्ड के इक्जिस्टिंग लेवल क्रासिंग सं.-291, 293 एवं 294 पर लिमिटेड हाइट सब-वे (एल.एच.एस.) के विस्तार का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य (₹) :** ₹ 6,94,44,800.65, **बयाना राशि (₹) :** ₹ 4,97,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) :** ₹ 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 (छः) माह, **बिड प्रारम्भ करने की तिथि:** दिनांक 27.05.2024 **नोट:** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- दिनांक 10.06.2024, 15:00 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- दिनांक 10.06.2024, 15:30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**श्री सुनील कुमार सिंह,**
**कार्यपालक इंजी./नि./गोंडा-9794844284**

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/ गोंडा**

मुजाधि/डब्ल्यू-78

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## जन एक्सप्रेस

### सम्पादकीय

# खालिस्तानियों का चुनाव लड़ना स्वागत और सतर्कता दोनों जरूरी

**अगर अलगाव व आतंक का मार्ग छोड़ कर कोई भटका हुआ नागरिक देश की मुख्यधारा में शामिल होना चाहे तो उसका स्वागत होना चाहिए। इस मार्ग पर चलने वालों को यह भान भी होना चाहिए कि आतंकवाद का मार्ग किसी समस्या का समाधान नहीं, यह देश विभिन्न विचारधाराओं, विविध आस्थाओं का पुष्पगुच्छ है, हां पर किसी को हिंसा व देश को तोड़ने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। देश को तोड़ने की बात करने वालों को पहले भारत से टूट कर अलग हुए पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान, म्यांमार की हालत देखनी चाहिए।**

*लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मनों में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडक़ाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमश~ आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लडऩा किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है। असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है। चाहे पंजाब के अलगाववादी चुनाव तो लड़ रहे हैं परन्तु अभी तक ये तत्व भारतीय संविधान व यहां के दस्तावेजों को नकारते रहे हैं। अमृतपाल तो यहां तक कहता रहा है कि उसके लिए भारतीय पासपोर्ट तो केवल हवाई यात्रा का दस्तावेज मात्र है। भारतीय संविधान की परिधि में रह कर अलगाववादी तत्व संसद में कुछ भी मांग उठाते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए। स्वागत इसलिए क्योंकि यह भारतीय सार्वभौमिकता और लोकतंत्र की जीत और खालिस्तानी अलगाववाद की सैद्धान्तिक पराजय होगी। ऐसा नहीं कि देश में किसी अलगाववादी संगठन या व्यक्ति ने पहली बार चुनाव लड़ा हो या इस तरह के संगठनों से सरकारों ने समझौते न किए हों। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही असम में सक्रिय आतंकी संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रण्ट आफ असम नागालैण्ड में सक्रिय रहे अलगाववादी संगठन नार्थ ईस्ट सोस्लिट आफ नागालैण्ड पिपुल्स डेमोक्रेटिक साउंसिल आफ कार्बी, कार्बी, लॉगरी नोर्थ ईस्ट हिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कार्बी पिपुल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कुकी लिब्रेशन फ्रण्ट, यूनाइटिड पुपिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट सहित अनेक आतंकी व अलगाववादी संगठन विभिन्न समझौतों के तहत देश की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है।**

# बेहद जरूरी है संकटग्रस्त जैव प्रजातियों का संरक्षण



**योगेश कुमार गोयल**

**पर्यावरण विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यदि इस ओर जल्दी ही ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि धरती से पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर सदा के इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है।**

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति ही धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन मनुष्य ने अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस



**जैव विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवनयापन के योग्य बनाती है, इसलिए लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।**

देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। 20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरूआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। धरती पर पेड़-पौधों की संख्या बड़ी तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यदि इस ओर जल्दी ही ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि धरती से पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर सदा के इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के इस दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में चेतावनी देते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि विकास के नाम पर वनों की बड़े पैमाने पर कटाई के साथ-साथ जीव-जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे और ये प्रजातियां धीरे-धीरे धरती से एक-एक कर लुप्त होती गई तो भविष्य में उससे उत्पन्न होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना हमें ही करना होगा। दरअसल बढ़ती आबादी तथा जंगलों के तेजी से होते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन ही असंभव है। आज अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिड़िया, मोर, तीतर, बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसानों के हितैषी माने जाने वाले पक्षी भी तेजी से लुप्त होने के कगार हैं तो हमें आसानी से समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं और हमें अब समय रहते सचेत हो जाना चाहिए।

### एक्सप्रेस कविता

*किसी बात को पूरा कर पाना संभव नहीं हो पाता समय और कालखंड के साथ। संबंधों की गर्माहट हमेशा ताजगी लिए हुए नहीं रह पाती। पानी की लहरों की तरह आकार रहित होते अलग-अलग गर्म और रीते हुए संबंध, नाम दे देना बहती हवाओं, लहराती पानी की लहरों को किसके बस की बात है,*

*आकार रहित एहसासों को नाम देना भी एहसासों को खो देना होता है। किसी खूबसूरत मखमली रिश्ते को नाम देना बेमानी होगा नर्म एहसास को ख्वाबों की तरह महसूस करने को, हमारी पहल तो है पर शायद उन पर जुल्म होगा बहुत यह जाहिर करना कि मेरे उससे संबंध है पानी की लहरों की तरह सीमा रहित दूर तक चले जाने वाले बुलबुलों की तरफ, लहरों का अस्तित्व नहीं होता, फिर मैं क्यों बेवजह वादे कर जाता हूं*

**संजीव ठाकुर**

### एक्सप्रेस ज्ञान

*एक चैंपियन की पहचान उसकी जीत से नहीं बल्कि इस बात से होती है कि गिरने पर वह कैसे उबर सकता है*

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पूर्णिमा 19:22 तक |
| नक्षत्र: | विशाखा 09:14 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | परिध, 12:11 |
| सूर्योदय: | 05:28 |
| सूर्यास्त: | 19:08 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 12:17-13:59 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

### बाकी मुद्दे गौड़ हुए !

*जाति जाति चिल्ला कर ।*
*कर रहे सब काम ।।*
*बाकी मुद्दे गौड़ हुए ।*
*अब असली पैग़ाम ।।*
*गली अगर ना दाल तो ।*
*है पुन: विश्राम ।।*
*कर सब कुछ प्रयोग ।*
*हैं रहे नाकाम ।।*
*करने को सब सार्वजनिक ।*
*मन इनका ललचाया ।।*
*है फ़िलहाल महफ़िल ।*
*सत्ता की सब माया ।।*
*होगा कितना कारगर ?*
*पकड़ा जो हथियार ।।*
*लगता विघ्न आनी हैं ।*
*अड़चनें हज़ार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मियों में स्किन ब्रेकआउट्स के कारण बढ़ जाती हैं कई समस्याएं



**गर्मी** का मौसम शुरू होते ही स्किन से जुड़ी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इस मौसम में स्किन का विशेष ध्यान रखने की जरूरत पड़ती है। धूल, धूप, पसीना और गंदगी आदि के कारण स्किन को नुकसान पहुंच सकता है। तापमान बढ़ने के कारण टैनिंग, सनबर्न, एक्ने जैसी स्थितियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस स्थिति को स्किन ब्रेकआउट्स भी कहा जाता है। दरअसल, गर्मी के मौसम में स्किन से पसीना और ऑयल दोनों भी ज्यादा निकलते हैं। इसकी वजह से स्किन पोर्स में ऑयल और डस्ट जमा हो जाता है और स्किन से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**स्किन को हाइड्रेटेड रखें:** गर्मियों में स्किन को समस्याओं से बचाने के लिए हाइड्रेशन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। शरीर में पानी की कमी पूरा करने के साथ स्किन के हाइड्रेशन का भी ध्यान रखें। इसके लिए डाइट में पानी वाले फूड्स और फल शामिल करें। समय पर अपनी स्किन को नेचुरल फेस वाश से साफ करें और धूप में जाने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

**साफ-सफाई का ध्यान रखें:** गर्मियों में स्किन की सफाई का ध्यान न रखने से समस्याओं का खतरा रहता है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार अपने चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से धोएं ताकि त्वचा से अतिरिक्त तेल, पसीना और धूल साफ हो सके। पसीना बहने के बाद तुरंत नहाएं जिससे पसीना त्वचा पर जमा न हो। स्किन साफ करने के बाद ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉइस्चराइजर का उपयोग करें।

**सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें:** गर्मियों में स्किन को खराब होने से बचाने के लिए एसपीएफ युक्त सनस्क्रीन का उपयोग करें जो नॉन-कॉमेडोजेनिक हो। यह स्किन को सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाएगा और त्वचा की सुरक्षा करेगा।

**हेल्दी डाइट का सेवन करें:** गर्मियों में स्किन को हेल्दी रखने के लिए डाइट में ताजे फल, सब्जियां और प्रोटीन शामिल करें। इस मौसम में तले-भुने और ज्यादा तेल वाले खाने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और त्वचा स्वस्थ बनी रहे।

**मेकअप का सही उपयोग करें:** गर्मियों में हल्का मेकअप करें और नॉन-कॉमेडोजेनिक उत्पादों का ही उपयोग करें। सोने से पहले हमेशा मेकअप हटा लें ताकि त्वचा को सांस लेने का मौका मिल सके। गर्मियों में तापमान बढ़ने से बहुत ज्यादा पसीना निकलता है। इसके अलावा धूल और मिट्टी आदि जमा होने के कारण स्किन के छेद बंद हो जाते हैं। इस वजह से एक्ने, पिंपल्स जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए ऊपर बताई गई बातों का ध्यान रखें।

### एक्सप्रेस विशेष

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का रूपया क्या डॉलर का स्थान लेगा !



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**जिमीत मोदी का मानना यह भी है आईएनआर के अंतर्राष्ट्रीयकरण से न केवल विदेशी व्यापार पर लेनदेन लागत में बचत होगी बल्कि भारतीय वित्तीय बाजार के लिए सीधे लाभांश भी मिलेगा। आईएनआर के मजबूत मुद्रा बनने से ऋण बाजार और इक्विटी बाजार में पूंजी प्रवाह बढ़ेगा।**

**सैमको सिक्योरिटीज के संस्थापक, सीईओ, सैमको वेंचर्स जिमीत मोदी भी भारत के आर्थिक क्षेत्र को लेकर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं। वे साफ बताते हैं अमेरिका के महाशक्ति होने का एक प्रमुख कारण इसकी मजबूत मुद्रा है, जो सभी वैश्विक केंद्रीय बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार के आधे से अधिक के लिए जिम्मेदार है। अधिकांश वैश्विक व्यापार यूएसडी में होता है।**

**इसे** आप काल के चक्र का प्रवाह एवं पुनर्चक्रीकरण भी मान सकते हैं कि जिस भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में कभी 32 प्रतिशत का योगदान हुआ करता था, वह भारत एक बार फिर उसी दिशा में आगे बढ़ने लगा है। दुनिया के अर्थशास्त्री भारत के इस नए रूप को देख कर चमत्कृत हैं, वहीं अमेरिका को लगता है कि यदि इसी तरह से भारत आगे बढ़ता रहा तो कहीं ऐसा न हो कि डॉलर के रूप में जो विश्व में एक देश की दूसरे देश के साथ व्यापार करने की जो अनिवार्यता या आवश्यकता चली आ रही है, वह समाप्त न हो जाए। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे इसलिए आज वह इससे जुड़े जरूरी कदम उठा रहा है और भारत इसके लिए अपने हिस्से का दांव खेल चुका है। अभी भारत में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, देश के आम नागरिक अपने लिए सरकार का चुनाव कर रहे हैं। ऐसे समय में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं के साक्षात्कार लगातार मीडिया में आ रहे हैं, जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इंटरव्यू सबसे ज्यादा मीडिया में देखे जा रहे हैं, इनमें पूछे गए प्रश्नों में जब भी भारत की विदेश नीति का जिक्र हुआ है, तो प्रधानमंत्री मोदी यह साफ कहते हुए देखे-सुने जा सकते हैं कि भारत अपनी नीति स्वयं तय करता है, वह आज किसी भी विदेशी प्रभाव और दबाव में आकर अपने फैसले नहीं लेता। यदि हमें तेल की जरूरत है और वह रूस से सस्ता मिलता है तो भारत उसे खरीदेगा, फिर इससे अमेरिका या अन्य देश को क्या लगता है या नहीं, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अपने देश की आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेते हैं। न कि कोई देश खुश होगा या बुरा मान जाएगा, इस आधार पर। इसी तरह की अन्य बातें भी स्पष्ट तौर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई हैं। वस्तुत~ प्रधानमंत्री मोदी जो कह रहे हैं, वह कितना सही है, इसकी भी पड़ताल आवश्यक है। आर्थिक स्तर पर जब उनकी कही बातों का अध्ययन किया जाता है तो वास्तव में वह सही साबित होती हैं। दुनिया की तमाम रेटिंग एजेंसियां आज भारत को विश्व के सभी देशों के बीच सबसे तेज दौड़ता हुआ तो देख ही रही हैं, इससे जुड़ी भविष्यवाणी भी कर रही हैं। साथ ही जो एक नया मोड़ सामने आया है, वह हर देश भक्त भारतीय को गदगद कर देता है । वह है भारतीय रुपये का दुनिया की आरक्षित मुद्राओं में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना । एक साक्षात्कार जाने-माने अर्थशास्त्री नूरियल रूबिनी का पढ़ने को मिला। उनका कहना है कि समय के साथ भारतीय रुपया दुनिया की वैश्विक आरक्षित मुद्राओं में से एक होगा। यह (भारतीय रुपया) खाते की एक इकाई हो सकता है, यह भुगतान का साधन हो सकता है, यह मूल्य का भंडार बन सकता है। निश्चित रूप से, समय के साथ रुपया दुनिया में विभिन्न प्रकार की वैश्विक आरक्षित मुद्राओं में से एक बन सकता है। रूबिनी के अनुसार कुल मिलाकर समय के साथ डी-डॉलरीकरण की प्रक्रिया होगी। वॉल स्ट्रीट द्वारा डॉक्टर डूम के नाम से मशहूर रूबिनी इसके पीछे का कारण भी बताते हैं और कहते हैं कि अमेरिका की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 40 से 20 फीसदी तक गिर रही है। सभी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और व्यापार लेनदेन में अमेरिकी डॉलर का दो-तिहाई होना कोई मतलब नहीं रखता है। इसका एक हिस्सा भू-राजनीतिक है। वे कहते हैं, कोई देख सकता है कि भारत दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ जो व्यापार करता है, उसमें से कुछ के लिए रुपया कैसा हो सकता है, खासकर दक्षिण-एशियाई क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण मुद्रा के रूप में आज सभी के सामने आ रहा है। रूबिनी सिर्फ इतना कहकर ही नहीं रुकते, वे आगे कहते हैं कि भले ही अभी तक कोई अन्य मुद्रा नहीं है जो अमेरिकी डॉलर को उसके पायदान से नीचे गिराने में सक्षम हो, ग्रीनबैक तेजी से चीनी युआन के लिए अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त खो रहा है और दूसरी ओर भारत का रुपया अन्य कई देशों में डॉलर के स्थान पर दो देशों (भारत एवं अन्य) के बीच व्यापारिक संबंध में परिचालन का स्थान लेता जा रहा है। रूबिनी मध्यम अवधि में भारत में सात प्रतिशत की वृद्धि होते देख रहे हैं। उनका कहना यह भी है भारत की प्रति व्यक्ति आय इतनी कम है कि वास्तव में सुधार के साथ, निश्चित रूप से सात प्रतिशत, लेकिन आठ प्रतिशत से भी अधिक संभव है। लेकिन उस विकास दर को हासिल करने के लिए आपको कई और आर्थिक सुधार करने होंगे जो संरचनात्मक हों। और यदि आप इसे हासिल कर लेते हैं, तो आप इसे कम से कम कुछ दशकों तक बनाए रख सकते हैं। लेकिन इसी के साथ वह यह भी साफ कर देते हैं कि यह बहुत हद तक देश की सरकार द्वारा बनाई जानेवाली आर्थिक नीतियों पर निर्भर करता है।

## चोरों ने नकब लगाकर घर को बनाया निशाना, नकदी समेत जेवरात किए साफ



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर-खीरी

थाना फूलबेहड़ के गांव पूजा गांव मुड़िया में चोरों ने एक मकान में नकब लगा दी और 15 हजार रुपए की नकदी और करीब डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

पूजा गांव मुड़िया निवासी राम गोपाल ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार की रात भी परिवार के साथ सो रहे थे। रात में किसी समय चोरों ने पीछे की दीवार में नकब लगा दी और घर में घुस गए। चोर बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 15 हजार रुपए और करीब डेढ़ लाख के जेवर चोरी कर ले गए। इसके अलावा कमरे में रखा सारा सामान खंगाल डाला।

सुबह सोकर उठने पर उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। चोरी की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मकान मालिक और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। मकान मालिक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस छानबीन कर रही है। प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बंजरिया पुल के पास हुआ भयंकर एक्सिडेंट

**✻ एक युवक की मौक़े पर हुई मौत**

जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी



बेलरायां तिकुनिया मार्ग पे बंजरिया पुल के पास अज्ञात वाहन ने मोटर साईकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे मोटर साईकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतक मोटर साईकिल सवार की पहचान निघासन कोतवाली क्षेत्र के रकेहटी निवासी गौरव चतुर्वेदी नाम बताया जा रहा है। इस घटना की सुचना सिंगाही पुलिस को दी गई मौके पर तत्काल पहुंची पुलिस ने मृतक गौरव चतुर्वेदी का शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेजते हुए जॉच पड़ताल में जुट गई है। इस घटना की सुचना मृतक गौरव चतुर्वेदी के परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार बता दें ये घटना सिंगाही थाना क्षेत्र के बेलरायां तिकुनिया मार्ग पर स्थित बंजरिया पुल के पास की है जहा अज्ञात वाहन ने मोटर साईकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया है। इस ऐक्सिडेंट से मोटर साईकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम गौरव चतुर्वेदी निवासी रकेहटी कोतवाली निघासन के रुप में हुई है। सिंगाही पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन से रकेहटी निवासी गौरव चतुर्वेदी नाम के युवक का ऐक्सिडेंट हुआ है जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है इस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है की किस वाहन ने मोटर साईकिल को टक्कर मारी है।

इसकी जांच की जा रही है।

## पैर फिसलने से युवक की नहर में डूबकर हुई मौत

जन एक्सप्रेस | मालपुर खीरी



भीरा थाना क्षेत्र के मालपुर में पैर फिसलने से युवक की नहर में डूबकर मौत हो गई। प्राप्त सूचना के आधार पर भीरा थाना क्षेत्र के गांव फुटहा निवासी रमेश कुमार पुत्र 35 वर्षीय लखनऊ से काम करके एक दिन पहले ही घर वापस आया था घर पर आने के बाद घरेलू सामान लेने वह मालपुर बाजार जाने को कहकर घरेलू सामान खरीदने चला गया। मालपुर से घरेलू सामान लेकर जब रमेश घर वापसी कर रहा था तभी मालपुर नहर के पास अचानक उसका पैर फिसल गया और वह बहती नहर में जा गिरा। गिरने की सूचना डायल 112 को दी गई।

सूचना के बाद पीआरवी 2869 व पुलिस सहायता केंद्र पडरिया तुला प्रभारी सन्दीप यादव मौके पर पहुच गए। और नहर में गिरे रमेश को ग्रामीणों की मदद से बेहोशी की हालत में नहर से बाहर निकला गया। और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ ले गए जहां पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित होने के बाद भीरा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

## गन्ना चीनी मिल परिसर में कई जानवरों की हो चुकी है मौत, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

गन्ना चीनी मिल परिसर में कई गोवंश जानवरों की मौत हो चुकी है।बुधवार को भी एक सांड की रसायन युक्त पानी पीने से मौत हो है। तो गायों को इलाज कर बचाया जा सका। शहर के बाईपास के निकट एक गाय गंभीर रुप से गम्भीर घायल पड़ी थी।सूचना पाते ही भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मौके पर जाकर गाय का उपचार करा कर गौशाला पहुंचा दिया। भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि चीनी मिल के बैगास परिसर में गंदा और रसायन युक्त पानी बहता है।प्रदूषित पानी पीने से सांड बीमार हुआ और उसकी मौत हो गई।गोरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता का कहना है कि चीनी मिल के आसपास खुला क्षेत्र है। वहां तमाम रसायन युक्त कचरा ही पड़ा रहता है।भारती बजरंग दल के पदाधिकारी ने रीति रिवाज के तहत सांड को दफना दिया है। इधर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास एक गाय पड़ी तडप रही थी। सूचना पाकर दल के सुरक्षा प्रमुख हिमांशु जोशी अपने बजरंगी टोली के साथ मौके पर जाकर गाय का उपचार करवाया।उसे भी गौशाला में ले जाकर छोड़ा गया। दल के प्रदेश सचिव अशोक जोशी, जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा एडवोकेट, गौरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता, सुरक्षा प्रमुख हिमांशु जोषी, अमित राज, सूरज कुमार, छोटू राज, अरुण राज, कृष्ण कुमार सचिन वर्मा, साहिल वर्मा, प्रशांत गुप्ता विजय यादव, छोटू कुमार आदि बजरंगियों ने चीनी मिल के यूनिट हेड के खिलाफ गुस्से का इजहार कर प्रदूषित पानी को तत्काल हटवाने और सांड के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद जांच कराने की मांग उप जिला अधिकारी से की है।

## अजगर देख मचा हड़कंप ग्रामीणों ने दी वन विभाग को सूचना मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



तहसील कार्यालय के पीछे लगे मिनी फ्लोर मिल के परिसर में अजगर सांप देखे जाने से हड़कंभ बच गया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच अजगर को पड़कर जंगल में छोड़ दिया है।आसपास के लोग बताते हैं कि यह अजगर सांप कई दिनों से झाड़ियां में देखा जा रहा था। बुधवार को वह तहसील कार्यालय के पीछे लगे मिनी फ्लोर मिल के पास पहुंच गया। जिसकी खबर रेंजर संजीव कुमार तिवारी को दी गई। वनदरोगा अफजल अहमद व उनकी टीम ने मौके पर जाकर उसे पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया है।

## फीता काटकर डॉक्टर कौशल वर्मा ने की ड्रीम समर कैम्प की ओपनिंग

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

शहर के कृषक समाज इंटर कॉलेज में ड्रीम समर कैंप सेरेमनी की ओपनिंग मुख्य अतिथि सनसाइन हॉस्पिटल के संचालक डा कौशल वर्मा ने फीता काटकर की है ।समर कैंप में 30 से ज्यादा एक्टिविटीज होंगी। जिनको सिखाने वाले ट्रेनर काफी एक्सपर्ट हैं।डा कौशल वर्मा द्वारा बच्चो एवं अभिभावकों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज के बारे में बताया। कहा कि एक्टिविटीज से बच्चों का शारीरिक विकास, मानसिक विकास होता है। एक्टिविटीज करने से हैप्पी हार्मोन (खुशी के हार्मोन) निकलते है। जिन्हें शरीर स्वयं उत्पन्न करने में सक्षम है। उनमें शामिल हैं: डोपामाइन, जो हमें अच्छा महसूस कराता है। सेरोटोनिन, जो अवसाद, तनाव एवं डिप्रेशन को कम करता है। एंडोर्फिन जो व्यक्ति को खुश करने और शारीरिक दर्द को कम करने में मदद करते हैं। एक्स्ट्रा करिकुलर ऐक्टिविटीज से बच्चों को एकेडमिक पढ़ाई में कोई फर्क नहीं पड़ता है। बल्कि वह टाइम एवं टीम मैनेजमेंट से लेकर वर्क मैनेजमेंट सीखता है। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि समर कैंप में बच्चो को स्कूल फ्रेंडली माहौल मिलता है। बच्चों में भय खत्म होता व उसकी प्रतिभा को निखारने का एक मौका मिलता है। अनंत प्रकाश सरोज प्रधानाचार्य, लखपति राम वर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, वारिश अली, अनुज सिंह पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, इंजीनियर अभिषेक वर्मा, सारिका रानी, संदीप वर्मा, समर कैंप ट्रेनर स्टॉफ मौजूद रहा।

## घर में घुसकर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज




जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कोतवाली क्षेत्र के गांव कालीचरनपुर में महिला को घर में अकेला जान दबंगों ने घर में घुसकर उसे मारा पीटा। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। ग्राम कालीचरनपुर निवासी रामनिवास ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 21 मई की शाम वह घर पर नहीं था पत्नी घर पर अकेली थी।तभी पड़ोसी कमलेश, सोनू प्रसाद, मालती देवी, दिलीप ने रंजिशन घर में घुस आए और उसकी पत्नी मंजू देवी के साथ मारपीट करते हुए अभद्रता की। पुलिस ने एक महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खाद की बोरी चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी

बुधवार को पीड़ित अनमोल पाण्डेय उर्फ शिवा पुत्र रामकृष्ण पाण्डेय निवासी ग्राम बिरजापुरवा मजरा लुधौरी थाना निघासन खीरी के घर की बाउंड्री के अन्दर खाद की बोरियां (भारत एन0पी0के0 इफ्को) रखी थी। चोर सुरेश पुत्र पोखाराम निवासी बिरजापुरवा मजरा लुधौरी थाना निघासन खीरी अपने साथी चोर रतनू की मदद से एक बोरी को चोरी कर घर से निकला ही था कि मौके पर ही वादी ने पकड़ लिया और एक अन्य चोर रतनू मौके का फायदा उठाकर भाग गया।

ग्रामीणों द्वारा चोर को थाने लाया गया। वादी की तहरीरी के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त सुरेश उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। दूसरे चोर की तलाश जारी है।

## पीएम की जनसभा के चलते सड़क से आसमान तक सुरक्षा पहरा सख्त



जन एक्सप्रेस | बहराइच

रुपईडीहा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को श्रावस्ती में मोदी की जनसभा को लेकर बहराइच जिले के सीमा क्षेत्रों पर सुरक्षा को चाक चौबंद रखने के लिए पुलिस, एसएसबी, डॉग स्क्वाड, एटीएस, आईबी आदि को तैनात किया गया है। जो असामाजिक तत्वों के साथ ही गड़बड़ी करने वालों पर अपनी पैनी नजर बनाकर रखेंगे। वहीं सीमा क्षेत्र से गुजरने वाले हर राहगीर की जवान सघन चेकिंग कर पूछताछ कर रहे हैं। ड्रोन कैमरों से भी संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।

### वाहनों को मुख्य मार्गों से ही निकलने के आदेश

पड़ोसी जिले में पीएम की जनसभा के चलते सुरक्षा के मद्देनजर गली मोहल्लों से निकलने वाले वाहनों को मुख्य मार्ग से ही आवागमन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ड्रोन से रखी जा रही नजर

जिले के मोतीपुर, मूर्तिहा, सुजौली, नवाबगंज और रुपईडीहा थानों की कई किलोमीटर लंबी सीमाएं नेपाल बॉर्डर से लगी हुई हैं। इन पर ड्रोन कैमरों से विशेष ट्रेनिंग प्राप्त पुलिसकर्मी 24 घंटे संदिग्धों व अराजकतत्वों पर नजर रखे हुए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय व अंतरजनपदीय सीमाओं पर बनाए गए बैरियर

13 अंतरराष्ट्रीय बैरियर व 21 अंतरजनपदीय बैरियरों पर टीमें गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की चेकिंग कर रही है। वहीं आपराधिक तत्वों पर नजर रखते हुए एक जगह से दूसरे जगह का आवागमन का कारण भी पता कर रही है।

### डॉग स्क्वाड टीम कर रही निगरानी

नेपाल सीमा से लगे बैरियरों पर डॉग स्क्वाड दस्तों की तैनाती की गई है। जो विस्फोटकों व मादक पदार्थों को सूंघकर अपराधियों को पकड़वाने में मदद कर रहा है। साथ ही क्षेत्रों की सीमाओं को सैकड़ों कैमरों से लैस किया गया है।

## गंगा नहाने आए 3 दोस्त डूबे

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जनपद में गंगा स्नान करने गए तीन दोस्त नहाते समय डूब गए। इसमें दो दोस्तों को पास में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं ने बचा लिया, जबकि तीसरे साथी का पता नहीं चला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोर की टीम ने करीब 6 घंटे के बाद में शव को बरामद किया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गांव देवीपुरवा का मजरा रहीमपुर लोनारी निवासी आकाश, रेशु और सोनी बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे देवीपुरवा के सामने गंगा स्नान करने गए थे। यहां पर एक किशोर आकाश डूबने लगा तो वो एक दूसरे को बचाने लगे। उसको बचाने में सारे ही साथी डूबने लगे।

## लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल



जन एक्सप्रेस | बहराइच

नानपारा चीनी मिल के पास सोमवार की रात लोडर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाइक चालक हेलमेट लगाए था। वहीं चालक लोडर सहित मौके से भाग गया।

नानपारा थाना क्षेत्र के सोहियापुरवा कोयलहवा निवासी विधाराम (32) बाइक से साढ़ू बिहारी (40), श्रीपाल (25) के साथ नानपारा बाजार से सामान लेकर घर लौट रहा था। रुपईडीहा बाइपास के नानपारा चीनी मिल के पास उनकी बाइक को लोडर ने टक्कर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए और विधाराम की मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई अमरेश कुमार ने बताया कि दो बहनों में इकलौते भाई थे। पिता की मौत हो चुकी है। दो पुत्री नैना, मैना हैं। मौत से मां किरन, पत्नी सुनीता सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह का कहना है कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### खुशियों वाले घर में छाया मातम

परिजनों ने बताया कि विधाराम पंजाब में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। तीन दिन पहले बेटी के मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने घर आया था। कार्यक्रम होने के बाद घर पर मौजूद मेहमानों के लिए सामान लेने बाजार गया था। हादसे का शिकार हो गया। इससे खुशियों वाले घर में मातम पसर गया।

## कार नहर में गिरने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस | बरेली

बरेली के नवाबगंज थाना क्षेत्र में पीलीभीत हाईवे पर इनायतपुर गांव के पास कार नहर में गिरने से महिला की मौत हो गई। वहीं, पति और बेटा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उत्तराखंड के जनपद चंपावत के बनबसा थाना क्षेत्र के गांव पनपोखड़िया निवासी किशन चंद का बेटा नितिन जयपुर के एक कॉलेज में बीटेक का छात्र है। ग्रीष्मकालीन अवकाश होने पर किशन चंद, पत्नी किरन चंद के साथ बेटे को कॉलेज से घर लेकर जा रहे थे। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर जैसे ही वह इनायतपुर गांव के पास पहुंचे, कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी।


वहां से गुजर रहे राहगीरों ने नहर में छलांग लगाकर उनको बाहर निकाला। दम घुटने की वजह से किरन चंद की मौत हो गई। किशन चंद और नितिन को भी कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसके बाद कार को नहर से निकलवाया गया। मां का शव देख बदहवास हुआ बेटा मां की मौत के बाद नितिन का बुरा हाल था।

कभी वह घायल पिता को ढांढस बंधाता तो कभी मां का शव देख बिलखने लगता।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**✻ नाक से बह रहा था खून, पिता ने आत्महत्या की कही बात**

जन एक्सप्रेस | हरदोई



जनपद के पाली थाना क्षेत्र के घुरहाई गांव में एक 21 वर्षीय युवक का शव गांव के पास खेत में नीम के पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के पिता ने पुत्र के आत्महत्या करने की बात कही है, जबकि उसके नाक से खून बह रहा था। किन परिस्थितियों में आत्महत्या की इसको लेकर पुलिस एवं मृतक के पिता कुछ बोलने से बच रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पाली थाना क्षेत्र के घुरहाई गांव निवासी वीरेश पुत्र बाबूराम रैदास ने बुधवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका 21 वर्षीय पुत्र राजकिशोर दिमागी रूप से कमजोर था। बुधवार सुबह 5 बजे राजकिशोर घर से बिना बताए कहीं चला गया। जब वह 8 बजे खेत देखने गया तो, देखा कि उसके खेत के पश्चिमी किनारे पर खड़े नीम के पेड़ में राजकिशोर का शव लटक रहा था। पाली थाने के उपनिरीक्षक वीर बहादुर सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव को उतार कर पंचनामा की कार्रवाई की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजकिशोर के नाक से खून बह रहा था और पिता द्वारा सिर्फ आत्महत्या करने की बात कही गई है। राजकिशोर ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की, उसके साथ क्या घटना घटित हुई इसको लेकर हर कोई कुछ बोलने से बच रहा है। फिलहाल पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने कहा है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की गला काटकर हत्या

**✻ मूंगफली के खेत की रखवाली कर रहा था, पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर**

जन एक्सप्रेस | हरदोई



जनपद में पचदेवरा थाना क्षेत्र के बिल्सर हिलन गांव में मूंगफली के खेत में बुधवार सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। युवक के देर तक घर न आने पर उसके पिता खेत पर चाय लेकर पहुंचे थे, जहां उनका पुत्र चारपाई पर मृत अवस्था में मिला। शरीर पर गले के अलावा कई जगह पर गहरे घाव हैं, मृतक के पिता ने बताया कि उनके पुत्र का मंगलवार को गांव निवासी एक व्यक्ति से विवाद भी हुआ था, जिसने गला काटने की धमकी भी दी थी। जानकारी के अनुसार, पचदेवरा थाना क्षेत्र के बिल्सर हिलन गांव निवासी बब्लू पुत्र राजकुमार का मंगलवार को गांव के एक व्यक्ति से नशे की हालत में विवाद हो गया था, जिस पर बब्लू को व्यक्ति द्वारा गला काटकर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। बबलू मंगलवार रात को गांव के पश्चिम में स्थित अपने मूंगफली के खेत की रखवाली करने के लिए गया था। सुबह देर तक जब घर वापस नहीं लौटा तो, पिता राजकुमार उसके लिए चाय लेकर खेत पर पहुंचे। जहां खून से लथपथ बबलू का शव चारपाई पर पड़ा मिला तो राजकुमार के होश उड़ गए। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पर पचदेवरा थाना पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक बब्लू की पत्नी मझिला थाना क्षेत्र के गौंटिया गांव में अपने मायके में रहती हैं, बबलू के एक 8 वर्ष का पुत्र है। बब्लू दो भाईयों में बडा है। छोटे भाई शक्ति सिंह और अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस वीभत्स घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया है।

## कैमरे में कैद हुई चोरी, घर के अंदर आया फिर आराम से खंगाला रूम, चेहरे पर बांधा है नकाब

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जनपद में मल्लावां कस्बे के मोहल्ला भगवंत नगर में चोरों ने चोरी कर लोगों के बीच में दहशत पैदा कर दी। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से मल्लावां कस्बे के मोहल्ला भगवंत नगर को चोरों ने अपना कार्य क्षेत्र बना रखा है।

यहां कई बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बीती रात एक बार फिर बीती रात चोरों ने चोरी कर जहां नगर वासियों के लिए दहशत पैदा कर दी है। वहीं पुलिस प्रशासन की रात्रि गश्त की पोल खोलकर रख दी। भगवन्त नगर चुंगी नंबर एक पर रहने वाले मकसूद अली पुत्र बाबू अली ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती रात कुछ चोरों ने छत पर आकर खुले बरामदे में टंगी पैंट से ढाई हजार रुपए नगद व कमरे में रखे ढाई हजार रुपए नगद चुरा लिए।

सुबह लोगों को जानकारी हुई। मोहल्ले के ही व्यापारी के सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति रात में घूमता हुआ भी दिखाई दे रहा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

इसमें चोर अंदर आता नजर आ रहा है और फिर कमरे के अंदर खोजबीन करता नजर आ रहा है। चोर चेहरे पर नकाब बांधे हुए है।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है।

मल्लावां थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है तहरीर प्राप्त हुई है,

पुलिस जांच के बाद मुकदमा कर अग्रिम की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे गोवंश

जन एक्सप्रेस | हरदोई। जिले की गौशालाओं में शि ट हुए छुट्टा पशुओं के लिए चिलचिलाती गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। जि मेदार लोग संरक्षित पशुओं को लेकर पूरी तरह गंभीर नहीं है। इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। ब्लॉक व कस्बा टड़ियावां के ब्लॉक मु यालय से सटी गौपशु आश्रय में रविवार को एक संरक्षित पशु ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी पर पहुंचे केयर टेकरों ने गौ-तस्कर को बुलाकर उठवा दिया। बता दें कि गौशालाओं में जि मेदारों की बदइंतजामी किसी से छिपी नहीं है। उसके बाद भी जि मेदार अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं कर रहे हैं। हकीकत देखी जाए तो हर रोज ब्लॉक क्षेत्र स्थाई और अस्थाई रूप से संचालित गौशालाओं में अन्ना मवेशी चारे- पानी के अभाव दम तोड़ रहे हैं। इनकी देखरेख के लिए तैनात किए गए केयर टेकरों को ब्लॉक मु यालय की द तरी करने से फुर्सत नहीं मिलती।

### समूह कंपनी के एरिया मैनेजर से एक लाख 67 हजार की लूट

जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर। सेहरामऊ दक्षिणी। समूह के रुपये की वसूली कर लौटते समय एरिया मैनेजर व उनके सहयोगी को बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर एक लाख 67 हजार रुपये की नकदी लूट ली। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। लूट की सूचना पर एसपी अशोक कुमार, सीओ सदर अमित चौरसिया भी पहुंचे।

## समय से नहीं मिल रहीं बसें, घंटों इंतजार कर रहे यात्री

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

अधिकतर बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण रोडवेज बस स्टेशन से लोगों को गैर जनपद अथवा स्थानीय रूट पर समय से बसें नहीं मिल रही हैं। गोरखपुर जाने के लिए भी यात्रियों को एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। मंगलवार दोपहर 11 बजे स्टेशन पर यात्री तो दिखे लेकिन किसी भी मार्ग पर जाने वाली बसें नहीं दिखीं। परिसर में धनेवा धनेई की रुबीना मिलीं। बताया कि वह गोरखपुर रहती हैं, राशन लेने घर आई थीं। एक घंटे से गोरखपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही हूं। बताया कि सास नसीबुन्निशा और ननद शाहजहां को भी लेकर जाना है, लेकिन बस न मिलने से दोनों को पेड़ की छांव में बैठने को कहा है। बस स्टेशन के भीतर लगभग 13 लोग बैठे मिले। सविता ने बताया कि वह हनुमानगढ़ी मोहल्ले की रहने वाली हैं। ठूठीबारी जाने के लिए बस न मिलने से परेशान रहीं। पूछताछ केंद्र वाले कह रहे हैं कि बस आने वाली है, लेकिन अबतक आएगी यह कोई बताने वाला नहीं है।

# वर्दी के नशे में चूर दरोगा ने युवक को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । संजय मिश्र





दबंग दरोगा



मृतक युवक

**देवरिया।** जनपद के पुलिस थानों में अभी थर्ड जेंडर के मुकदमे नहीं दर्ज किए जा रहे हैं तो किसी थाने में महिला फरियादियों को घसीट कर पीटे जाने के मामले में सुर्खियां बटोर रहे थे तो वहीं एक पुलिस चौकी के दबंग दरोगा द्वारा बिना किसी जूर्म के एक 30 वर्षीय युवक को पीट-पीटकर कर मौत की नींद सुला दिया गया है और जिम्मेदार कार्रवाई करने का राग अलाप रहे हैं।

सतरांव पुलिस चौकी इंचार्ज दबंग दरोगा वीरेंद्र कुशवाहा और अन्य दो पुलिसकर्मियों ने सोमवार शाम को एक मजदूर युवक को बेवजह पीट पीट कर अधमरा कर दिया , और मंगलवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

पूरा मामला जिले बरहज थाना अंतर्गत का है। जहां पर एक युवक को वर्दी के नशे में चूर पुलिस कर्मियों ने मार- मार कर मौत के घाट उतार दिया है। मामूली सी कहा सुनी में पुलिस वालों ने अपना आपा खो दिया और मासूम को मौत के घाट उतार दिया।

अब सवाल उठता है की इन पुलिस कर्मियों को इतनी छूट कहां से मिली। देवरिया पुलिस ने एक बहन से भाई, एक मां से उसके लाडले को छीना, और जहां एक बाप से उसके बुढ़ापे की लाठी को छीन लिया तो वहीं दो मासूम बच्चियों के सिर से उनके पिता का छाया छीन लिया।

**दबंग दरोगा ने बीच चौराहे पर दौड़ा दौड़ा कर युवक को पीटा इलाज के दौरान हुई मौत**

बताते चलें कि बरहज थाना क्षेत्र के सतरांव चौकी के दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा ने एक युवक को मामुली विवाद में बीच चौराहे पर जम कर पीटा जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई आनन-फानन मे गंभीर रूप से घायल युवक को लोग स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टर ने हालात नाजुक देखते हुए देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है कि मृतक दद्दन यादव गांव के पूर्व प्रधान के लड़के के साथ रहता था जिसका दबंग दरोगा वीरेंद्र कुशवाहा के साथ आपसी विवाद था जिससे खुनस खाए दरोगा ने दद्दन यादव को पूर्व प्रधान के पुत्र के मित्र होने और हमेशा साथ रहना अच्छा नही लगता था और दद्दन सोमवार शाम को अचानक सतरांव चौराहे पर दबंग दरोगा को अकेले मिल गया जिसको सनकी दरोगा ने बीच चौराहे पर बेरहमी से पीटा, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

मामले के संबंध में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने अपना विडियो बयान जारी करते हुए कहा कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दोषियों पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**यक्ष प्रश्न- किस अधिकार से पुलिसकर्मी आमजन को करते हैं प्रताड़ित**

## 25 मतदान कार्मिक पाये गये अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में दिनांक 22 मई, 2024 को दो पाली में प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे तक तथा 2.00 बजे से 5.00 बजे तक उदित नारायण इण्टर कॉलेज/उदित नारायण डिग्री कालेज, पड़रौना, जनपद कुशीनगर में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में कुल 25 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। उक्त अनुपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया है कि दिनांक 23 मई, 2024 को प्रातः 10.00 बजे प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक का वेतन बाधित कर, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अधीन सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण जो 26 मई 2024 तक चलेगा जिसके तृतीय दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मतदान कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण स्थल का स्थलीय निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करने सहित आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लेने की अपेक्षा की। कहा कि पूरा जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय ढंग से तथा पारदर्शी, शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा केवल एक ही उद्देश्य है कि चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र माहौल प्रदान करना जिससे कि वह घर से निकलकर मतदान अवश्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक दिवस में 1664 कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। एक पार्टी में चार मतदान कार्मिक थे। पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, एवं मतदान अधिकारी तृतीय। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। सभी कमरों में सामान्य प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर व ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। मतदान कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलट सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें मतदान कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वन माफियाओं पर हुई कार्रवाई

### डीएफओ विकास यादव दिखे एक्शन मोड में, की बड़ी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



जन एक्सप्रेस

कैंपियरगंज वन रेंज के भैराबारी बीट में अवैध कटान जोरों पर

बेशकीमती हरे पेड़ों की अवैध कटान रोकने में वन विभाग नाकाम

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

भ्रष्टाचार, अत्याचार की खबरों को निरंतर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने वाले हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस की खबरों का हुआ असर, वन माफियाओं पर डीएफओ ने किया बड़ी कार्रवाई, कहा कि नहीं बख्शे जाएंगे वन माफिया, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई।

बताते चलें कि जनपद के कैंम्पियरगंज में अवैध पेड़ों की कटान की खबर बीते दिनों जन एक्सप्रेस के लखनऊ संस्करण के पृष्ठ संख्या आठ पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, डीएफओ विकास यादव ने खबर का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई किया है। वन क्षेत्र में हरे पेड़ों के कटान की खबर का संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचे डीएफओ विकास यादव ने निरीक्षण के दौरान 22 बोटा बरमाद किया और अवैध कटान में रेन्जर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव और वन दरोगा राम अचल वन रक्षक गोविन्द यादव की संलिप्तता पाए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया और अवैध कटान करने वाले माफियाओं पर भी केस दर्ज कर कुछ लोगों को जेल भेजवा दिया। डीएफओ विकास यादव ने बताया कि वन रेंजर के ड्राइवर को भी जेल भेज दिया गया है और अवैध लकड़ी कटान कराने वाले, एवं विभागीय जिम्मेदारों और वन माफियाओं से साठ-गांठ कर अवैध वसूली करने वाले कुछ तथाकथित यूट्यूबर पत्रकार तथा कुछ ऐसे वन माफिया जो अभी फरार चल रहे हैं प्रशासन की निगाहें उन पर भी लगी हैं।

## विधायक पी. एन पाठक ने वृद्धाश्रम मे बुजुर्गो संग मनाया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक का जन्मदिन शिविर कार्यालय कसया पर केक काटकर व वृद्धाश्रम मे वस्त्र मिष्ठान और सीएचसी कसया पर मरीजों में फल वितरित कर मनाया गया। अपने जन्मदिन पर कुशीनगर विधानसभा विधायक पी.एन पाठक कसया नगर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्गों मे कपड़े, साड़ी, फल, मिठाई वितरित किया। विधायक ने सभी बुजुर्ग का अभिनंदन किया। बुजुर्गों ने विधायक श्री पाठक को हृदय से आशीर्वाद दिया। विधायक पी. एन पाठक ने इस मौके पर कहा कि जन्मदिन पर बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलने से बड़ा और कोई उपहार नहीं है। जन्मदिन पर वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त करना सुखमय है। कहा कि बुजुर्गों का हम सभी को सम्मान करना चाहिए। बुजुर्गों की सेवा व जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जो भी वृद्धजन अपने परिवार से अलग रहते हैं, उन्होंने कहा कि जिन वृद्ध जनों के साथ उनका परिवार नहीं है उनके साथ हम हैं। उन्होंने वृद्धजनों मे उपहार वितरण किए। सभी बुजुर्गों ने विधायक पी.एन पाठक के लिए लंबी उम्र व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इसके उपरांत विधायक श्री पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया पहुंचे व मरीजों में फल वितरित कर उनका हाल चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, रामायण कुशवाहा, चंद्रप्रताप, संतोष दत्त राय, अमित मालवीय, राज पाठक, शिवम मिश्रा, संजीव दूबे, दिनेश गुप्ता, रुपेश तिवारी, किरन सिंह, ध्रुव मद्धेशिया, राघवेश राय, राजकुमार यादव, संजीव दूबे सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी की सरकार ने पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा: मोहन यादव

✻ कुशीनगर के रामकोला में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभा आयोजित

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कुशीनगर में रामकोला के जनता इंटर कालेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में पूर्व की गैर भाजपा सरकारों में देश के अन्दर हर जगह आतंकवादी हमले होते थे बम फटते थे सिरियल ब्लास्ट होता था लेकिन जब से केन्द्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से आतंकवादी हमले नहीं हो रहे हैं। पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मोदी जी की सरकार ने मारा।आज पाकिस्तान भूखमरी के कागार पर आ गया है। उत्तर प्रदेश की भूमि देव भूमि है। देश व दुनिया में कहीं चले जाईए और केवल यह बता दिजिए कि हम भगवान कृष्ण व भगवान राम की धरती से आये है तो दुनिया के लोगों का दोनों हाथ प्रणाम की मुद्रा में आपके तरफ झुक जायेगा।भगवान राम के दो पुत्र थे लव व कुश कुश के नाम पर कुशीनगर का नाम पड़ा है। भगवान बुद्ध से जुड़े कुशीनगर में रामराज आ गया है।

उन्होंने ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा राहुल और अन्य नेता रोज गाली बक रहे हैं गिनती हो रहा है जितना गाली बकना है बक लें जिस दिन सौ पूरा होगा उस दिन हिसाब कर दिया जायेगा। कांग्रेस का कलंक था जो अंग्रेज नहीं किये वो कांग्रेस ने किया। कहा कि मैं जब शिक्षा मंत्री था तो सनातन व भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े देवी-देवताओं को पाठ्यक्रम में जोड़ वाया।

उन्होंने ने कहा कि पूरे देश की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर विश्वास कर भाजपा को चार सौ पार कराने जा रही है। इंडिया गंठबंधन व बसपा सहित अन्य किसी पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। उन्होंने ने कहा कि कुशीनगर से भाजपा के प्रत्याशी विजय कुमार दूबे को आगमी 1जून को ईबीएम में कमल वाले फूल के निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर मोदी जी के विजन चार सौ पार कराने की अपील की।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, राज्य सभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह, भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार दूबे, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, रामकोला विनय प्रकाश गौड़, पड़रौना मनीष जायसवाल, हाटा मोहन वर्मा, कुशीनगर पीएन पाठक, पूर्व विधायक राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अतुल सिंह, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजेश्वर सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय संयोजक शिक्षण संस्था प्रकोष्ठ गोरखपुर क्षेत्र ,नथुनी कुशवाहा, पूर्व विधायक मदन गोविंद राव सहित जिले के भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क विवाद में पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बलुआ भवानी वक्स सिंह निवासिनी भानमती ने शास्त्री चौक स्थित गोरखपुर जर्नलिस्ट क्लब में प्रेस वार्ता कर पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए बताया कि हमारे ग्राम सभा बलुआ भवानी वक्स सिंह के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी की सड़क नवीनीकरण को लेकर गांव के महेंद्र यादव पुत्र राम सुमेर यादव से विवाद हो गया और 20 मई के सड़क विवाद में पुलिस द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई की गई है। महिला ने कहा कि जिस सड़क की चौड़ाई 3 मीटर निश्चित है, परंतु गांव के महेंद्र यादव द्वारा जबरदस्ती सड़क को 2 मीटर ही बनने दिया गया, साथ ही सड़क से सटकर सीमेंट पोल लगाने लगा।

बस्ती के लोगों ने विरोध किया और मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने बबलू पुत्र रामानंद एवं भानमती पत्नी रामानंद को जबरदस्ती गाड़ी में बैठा दिए और चौकी से थाने ले जाते समय रास्ते में पुलिस ने गाड़ी को रोककर प्रताड़ित किया। इस पूरे मामले में उच्च अधिकारियों से शिकायत के बावजूद न्याय नहीं मिला जिसको लेकर पीड़ित ने प्रेस वार्ता के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।

# झूठ की गारंटी देने वालों के दिन हुए पूरे: अखिलेश प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस । देवरिया



लोकसभा देवरिया से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने बुधवार को लोकसभा क्षेत्र के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के पकड़ी बुजुर्ग, सवरेजी रूप, सवरेजी खर्ग, बलटिकरा, सेखौना खास, सकरापार खुर्द, चतुर्भुजपुर, बरारी द्वितीय, पहाड़पुर, पहाड़पुर टोला रूईहा, सुरचक, बागापार, अर्जुनडीहा, बसंतपुर सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, सघन जनसंपर्क कर मतदाताओं से संवाद किया।

जनसंपर्क के दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि झूठ की गारंटी वाले सरकार के दिन पूरे हो गए है अब युवाओं के न्याय की गारंटी,किसानों के न्याय की गारंटी ,नारी न्याय की गारंटी, श्रमिकों के न्याय की गारंटी, हिस्सेदारी न्याय की गारंटी देने वाले महागठबंधन की सरकार बननी तय है।

श्री सिंह ने कहा कि चारो इंजन की सरकार होने के बावजूद देवरिया विकास से अछूता है, चीनी का कटोरा कहा जाने वाले देवरिया की बन्द चीनी मिलों पर जिम्मेदारों द्वारा लगातार झूठी बयानबाजी कर अपनी पीठ थपथपाई जा रही है।

देश और प्रदेश में सांप्रदायिकता को अपना हथियार बनाने वाली भाजपा सरकार की मंशा अब जनता जान चुकी है इस चुनाव में अब इनकी मंशा फेल होगी। इस दौरान सपा नेता परवेज आलम, उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, अशोक कुशवाहा, कमलेश पाण्डेय, रामप्यारे यादव, नौशाद रजा अरविन्द शाही, जयदीप त्रिपाठी, सूरज राय, शिवशंकर सिंह सैंथवार, रामाश्रय यादव, बृजभान सिंह, संजय मिश्र, संजीव द्विवेदी सहित इंडिया गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंडी गठबंधन व बसपा के बस की बात नही है भाजपा को रोक पाना: जगदीश मिश्र ऊर्फ बाल्टी बाबा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश 10 वर्षो में विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंच गया है। विश्व के देशों में भारत का मान बढा है। इंडिया गंठबंधन व बसपा के बस की बात नही है भाजपा को रोक पाना ।विपक्षियों के पास अब कोई मुद्दा नहीं है वे सिर्फ संविधान बदलने का झूठा प्रचार कर आम जनमानस को बहकाने का काम कर रहे है। क्षेत्र की व देश की जनता महागठबंधन की मानसिकता को समझ चुकी है। जनता इनके झांसे में आने वाली नहीं है। भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में प्रचण्ड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

उक्त बातें बुधवार को यूपी एग्रो के चेयरमैन व उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जगदीश मिश्र ऊर्फ बाल्टी बाबा ने आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने ने कहा कि विते 10 वर्षों से केन्द्र में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा एनडीए की सरकार चल रही है। देश की जनता का भरोसा मोदी जी ने जीत लिया है। मोदी की गारंटी ही इस बार चार सौ पार के नारा को साकार करने जा रही है। मोदी व योगी सरकार ने देश के अन्दर आम जनमानस के विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। प्रदेश में भाजपा की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश से माफिया राज का खात्मा किया है।आज प्रदेश में अमन-चैन कायम है। प्रदेश व देश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास के मामले में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया है। इंडिया गंठबंधन व बसपा की पूर्व की सरकारें ने प्रदेश को लूटने व माफियाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने ने देवरिया संसदीय क्षेत्र 66 से भाजपा उम्मीदवार शंशाक मणि त्रिपाठी के पक्ष में समर्थन मांगते हुए भाजपा को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की।

## अपर जिला जज/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने मध्यस्थ अधिवक्ताओं संग बैठक

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर में कार्यरत्त मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैठक किया। मध्यस्थ अधिवक्ताओं से सुलह समझौते के आधार पर मुकदमों के निस्तारण व समझौतो के समय होने वाले समस्यायों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। सभी मध्यस्थगन द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है और अनुरोध किया गया कि न्यायालय से और अधिक संख्या में पत्रावली मध्यस्थता हेतु भेजे जाए तो मुकदमो को और ज्यादा निस्तारित किया जा सकता है जिससे की वादकारियों को ज्यादा दिनों तक न्यायालय का चक्कर न लगाना पड़े। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर द्वारा मध्यथगण को आश्वासन दिया गया कि वह सभी न्यायालय से अनुरोध करेंगे की अधिक से अधिक संख्या में मुकदमों को सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण कराने हेतु मध्यस्थता केंद्र में भेजी जाए साथ ही उन्होंने मध्यस्थता केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए यह बताया कि मध्यस्थता केंद्र से वादकारियों को बहुत अत्यधिक लाभ होता है यहां पर अधिकारियों को अपना वकील नहीं रखना पड़ता है एवं वादकारी अपनी समस्या मध्यस्थगणों को बताते हैं और उन वादकारियों के समस्याओं को सुनकर मध्यस्थगण द्वारा बीच का रास्ता निकाला जाता है जिस पर दोनों लोग सहमत होते हैं मध्यस्थता से ना किसी पक्ष का हार होता है ना किसी पक्ष का जीत होता है।

## प्रशिक्षण से गायब रहे सात कर्मियों का वेतन बाधित

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** आईटीएम चेहरी के 23 कक्षों में मंगलवार को 407 कर्मियों के प्रशिक्षण में सात कर्मी अनुपस्थित रहे। दो अन्य चरणों में भी इतने कार्मिकों का प्रशिक्षण हुआ। गैर हाजिर कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है। इनकी ओर से आगामी चार दिनों में प्रशिक्षण पूर्ण नहीं किया जाता है, तो इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। सीडीओ संतोष कुमार राय ने सभी का वेतन बाधित करते हुए व्यक्तिगत और विभागीय आख्या तलब की है। मतदान कार्य में 5 जोनल व 22 सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया। सभी को पहले पीपीटी से सामान्य मतदान के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद ईवीएम/ वीवीपैट की जानकारी प्रदान कर निष्ठा पूर्वक कार्य करने की हिदायत दी गई। सीडीओ ने बताया कि प्रशिक्षण में तैनात एएनएम प्रीती त्रिपाठी कार्यक्षेत्र सीएचसी फरेंदा, शशिबाला मणि, सीमा सिंह, उषा, सुमन मिश्रा शिक्षा मित्र, नलकूप चालक हरि गोविंद साहनी व केनरा बैंक के अटेंडेंट बृजेंद्र कुमार नदारद रहे। उनसे व उनके विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। फिलहाल इन कर्मियों के भी का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित कर दिया गया है।

## पिकअप पर लदा 33 बोरी चावल बरामद

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी चंडीथान के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के बैरिया बाजार के नजदीक से पिकअप पर लदी चावल बरामद कर कस्टम को सौंप दिया है। सशस्त्र सीमा बल बीओपी चंडीथान के इंस्पेक्टर उत्तम सिंह ने बताया कि पिलर संख्या 531/28 जी बैरिया बाजार के नजदीक कुछ लोग पिकअप से बोरा उतार कर नेपाल भेजने के फिराक में थे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। 33 बोरा चावल बरामद हुआ।

# भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर की पहल

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



संग्रहालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला के अंतर्गत बुद्ध पूर्णिमा के पूर्व संध्या पर राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ चन्द्र प्रकाश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर ने किया।

प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से भगवान बुद्ध के जन्म से लेकर महापरिनिर्वाण तक के जीवन की जानकारी सहज रूप में प्राप्त होती है। प्रदर्शित चित्रों में भगवान बुद्ध के जन्म से पूर्व उनके तुषिता स्वर्ग में होने, उनकी माता द्वारा स्वप्न में सफेद हाथी को देखना, भगवान बुद्ध के लुंबिनी में जन्म, आसित ऋषि की भविष्यवाणी, पालन- पोषण, शिक्षा - दीक्षा, देवदत्त के बाण से घायल हंस की रक्षा करना, युवावस्था, उन्हें विचलित करने वाले चार दृश्यों का अवलोकन, विवाह, पुत्र राहुल का जन्म, गृह त्याग, तपस्या, ज्ञान प्राप्ति के प्रयास, सुजाता द्वारा खीर अर्पण, मार का आक्रमण, बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति, सारनाथ में धर्मचक्र प्रवर्तन, धर्म -प्रचार, स्वर्गारोहण, कपिलवस्तु पुनरागमन व दीक्षा देना, रोगियों की सेवा, महिलाओं का संघ में प्रवेश, पावा आगमन, चुंद के यहां भोजन, कुशीनगर आगमन, कुशीनगर में महापरिनिर्वाण सुत्त का प्रवचन, महापरिनिर्वाण, अंतिम संस्कार तथा उनके धातु अवशेषों पर स्तूपो का निर्माण आदि घटनाओं को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है। अतिथियों का स्वागत एवं आभार संग्रहालयाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने किया। उक्त अवसर पर धीरेंद्र मिश्रा, महेश कानु, गोविंद, तरुण शुक्ला, विकास गुप्ता, दिनेश यादव, दीपक सिंह, सूरज गिरी आदि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी 10 जून 2024 तक प्रत्येक कार्य दिवसों में जनसामान्य के अवलोकनार्थ जारी रहेगी।

# नगर निगम परिसर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा लगाने की मांग

जन एक्सप्रेस। आगरा



भगवान बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) से एक दिन पूर्व उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ आगरा का एक प्रतिनिधिमंडल विनोद इलाहाबादी के नेतृत्व में नगर आयुक्त अंकित खण्डेलवाल से मिला और उनको बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर उनको बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनको एक संगमरमर की भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंटकर उनको एक ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम कहा कि नगर निगम परिसर में दो डाक्टर अम्बेडकर जी की प्रतिमा लगी हैं एक बहुत बड़ी और एक छोटी नगर निगम में जब भी कोई सरकारी कार्यक्रम जैसे गणतंत्र दिवस अम्बेडकर जयंती स्वतंत्रता दिवस वाल्मीकि जयंती गांधी जयंती संविधान दिवस अम्बेडकर जी का महापरीनिर्वाण दिवस आदि कार्यक्रम पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता सांसद विधायक महापौर अधिकारी कर्मचारी नेताओं द्वारा माल्यार्पण किया जाता है तो दोनों अम्बेडकर जी एवं भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाता है जबकि दो दो अम्बेडकर जी की प्रतिमा एक ही परिसर में लगे रहने का कोई औचित्य नहीं है इसलिए महासंघ आपसे अनुरोध के साथ मांग करता है कि छोटी अम्बेडकर जी की प्रतिमा को जौन्स पब्लिक लाइब्रेरी पालीवाल पार्क में स्थापित किया जाये और उनके स्थान पर भगवान बुद्ध की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाये और साथ ही उसके चबुतरे पर भगवान बुद्ध के विचार अंकित करवाएं जाएं जिससे नगर निगम परिसर में जो भी आए और उनके विचारों का अनुसरण कर सके इस पर नगर आयुक्त अंकित खण्डेलवाल ने सबसे पहले कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश हमें प्रेम सत्य अहिंसा और करूणा के मार्ग पर चलते हुए मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है उनके जीवन और आदर्शों से समानता, सद्भभाव और न्याय जैसे शास्वत मुल्यों में हमारी आस्था प्रबल होती है।

इस समय जब हम सब हीट वेव जैसी भयावह संकट दृढता से सामना करते हुए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करते हुए कूड़ा का निस्तारण सही तरीके से करते हुए सूखा गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डाल कर अपने दैनिक कर्तव्यों का पालन करते हुए हमें भगवान बुद्ध के बताए मार्ग का करते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए मेरी कामना है कि इस पावन पर्व के अवसर पर बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए परस्पर भाईचारे की भावना को मजबूत करें और साथ ही यह भी कहा कि आप भगवान बुद्ध की कमल मुद्रा आशीर्वाद मुद्रा और ध्यान मुद्रा की तीनों मुद्राओं की प्रतिमाओं का अवलोकन कर उनका भाव एवं चित्र लेकर आओ और उसमें से जो भी हम सभी बैठकर पसंद कर लेंगे और उसी प्रतिमा को स्थापित करा देते हैं क्योंकि नगर निगम में शांति रहना भी जरूरी है और भगवान बुद्ध की प्रतिमा लगने से यहां शांति भी रहेगी सभी महासंघ के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त का आभार प्रकट किया।

## शिक्षा विभाग के आदेश को ताक पर रख खुल रहे दर्जनों विद्यालय

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा प्रोग्रेशिव एशोसिएशन ऑफ पैरेंट्स टीम पापा के संरक्षक मनोज शर्मा ने कहा है कि निजी विद्यालयों को शिक्षा विभाग के आदेशों को न मान कर, अपना मनमानी रवैया चलाने में कमी नही छोड़ रहे हैं, हर बार की तरह इस बार भी विद्यालयों के ग्रीष्मकाल अवकाश के आदेश को हवा में उड़ा कर जनपद के दर्जनों निजी विद्यालयों ने विद्यालय खोल कर साबित किया है कि उन्हें विभाग का कोई खोफ नही, और ऐसा हो भी क्यो न, यह विभाग व निजी विद्यालयों की साठ गांठ ही तो है, निजी विद्यालय मनमानी करते रहते हैं विभाग कागज कागज खेल कर उन्हें बचाता रहता है, पर किसी भी विद्यालय पर कार्यवाही नही करता। अगर विभाग अपने ही आदेशों का पालन नहीं करवा सकता तो विभाग अधिकारी हवा में उड़ाने वाले आदेश निकालते ही क्यों हैं, इतनी भीषण गर्मी में भी विभाग बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर आदेश को ताक पर रख खुलने वाले विद्यालयों पर कार्यवाही नही करता तो विद्यालयों के हौसले बुलंद करने उन्हें संरक्षण प्रदान करने के कलंक से विभाग बच नही सकता।

# आगरा के कपड़ा बाजार में भीषण आग

**6 दुकानें जलीं, एसी में ब्लास्ट से रेस्टोरेंट के सिलेंडर में धमाका, कई किमी दूर तक दिखा धुआं**

जन एक्सप्रेस। आगरा



रेडीमेड कपड़ों की सबसे बड़ी मार्केट सिंधी बाजार में बुधवार को भीषण आग लग गई। आग लगते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने 15 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानदारों ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुट गई।प्रारंभिक सूचना के मुताबिक, एक दुकान में लगे दो एसी में ब्लास्ट हुआ, जिससे ऊपर की मंजिल पर बने रेस्टोरेंट में रखे सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर ब्लास्ट होने से सड़क पर लगे बैनर-पोस्टर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग सड़क के दोनों तरफ की 15 दुकानों तक पहुंच गई। आग से लाखों के नुकसान की आशंका है।

एयरकंडीशनर के आउटर में हुआ था ब्लास्ट- घटना शाम 4 बजे की है। कपड़ा मार्केट सिंधी बाजार में अचानक एक दुकान के बाहर लगे एयरकंडीशनर के आउटर ने आग पकड़ ली। आग के साथ धमाका भी हुआ। इस धमाके से बगल की मेडिकल स्टोर में आग लग गई।

एक के बाद एक 12 से अधिक दुकानें आग की चपेट में आ गईं। सिंधी बाजार आगरा का घने बाजारों में से एक है। यहां कपड़े का सबसे बड़ा कारोबार है। इसके अलावा मेडिकल और जूता-चप्पलों की भी कई दुकानें हैं।

तेजी से फैली आग- स्थानीय लोगों ने बताया, आग इतनी तेजी से फैली कि कोई कुछ समझ ही नहीं पाया। धुआं होने से कुछ नजर नहीं आ रहा था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दुकानों के पास जाने की कोई हिम्मत तक नहीं जुटा सका।

# चांदी कारीगर के घर चोरी, तीन किलो चांदी ले उड़े चोर

**दीवार काटकर दाखिल हुए चोर, 3 किलो चांदी लेकर फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

जन एक्सप्रेस। आगरा



थाना क्षेत्र में विगत रात्रि चोरों ने एक चांदी कारीगर के घर को निशाना बना लिया। रात्रि में चांदी कारीगर अपनी चांदी की ढलाई का काम करके सोने गया था। इसके बाद ही चोर पीछे की दीवार काटकर घर में दाखिल हो गए और कमरे में रखी तकरीबन 3 किलो चांदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब चांदी कारीगर को जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव बाग बीघा का रहने वाला धर्मेंद्र पुत्र कालीचरण चांदी का कारीगर है। वह अपने ही मकान में चांदी की ढलाई कर चैन बनाने का काम करता है।

धर्मेंद्र के मुताबिक रात्रि करीब 1:00 बजे अपना चांदी का काम करके छत पर सोने के लिए चला गया। इसके बाद चोर पीछे खेतों के रास्ते से आए और मकान की दीवार काट डाली। चोर कमरे में रखी 3 किलो चांदी, जिसकी कीमत तकरीबन 2.5 लाख रुपए थी। उसे चोरी कर ले गए। 3 किलो चांदी, कारीगर आगरा के किसी व्यापारी से चैन बनाने के लिए लेकर आया था।

इंस्पेक्टर शमशाबाद बिरेश पाल गिरी ने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## ग्रामीण अंचल से आए पर्यटकों को कराया ताज का भ्रमण कराया

जन एक्सप्रेस। आगरा

राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के ग्रामीण अंचल से आए महिला एवं पुरुष पर्यटकों के समूह को प्रभारी निरीक्षक श्री तिलक राम भाटी के निर्देशन में थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम के द्वारा ÷सेवा सुरक्षा एवं संवेदना÷ की भावना के साथ स्वागत किया गया और सहयोग करते हुए उन्हें ताजमहल से संबंधित सभी जानकारियां देकर, टिकट दिलाकर ताजमहल का भ्रमण एक सुखद एवं सुरक्षित वातावरण में कराया गया ग्रामीण पर्यटक पुलिस की कार्यशैली को देखकर बहुत प्रसन्न हुए उन्होंने एक अच्छे माहौल में ताजमहल को देखा एवं ग्रुप फोटो भी पुलिस के साथ खिंचवाए तथा अपने अनुभव साझा किये। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवराज सिंह आरक्षी अनुज सिंह पौनिया महिला आरक्षी लक्ष्मीदेवी सम्मिलित हैं।

# श्री राम आदर्श महाविद्यालय, पनवारी में दस दिवसीय एनसीसी कैंप प्रारंभ

जन एक्सप्रेस। आगरा



वन यूपी बटालियन, एनसीसी, आगरा द्वारा कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप का आयोजन पनवारी स्थित श्री राम आदर्श महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। ओपनिंग एड्रेस में कैंप कमांडेंट कर्नल महेंद्र सिंह रोहिल,सेना मैडल ने छात्र व छात्रा कैडेटों को संबोधित करते हुए कैंप के उद्देश्य को समझाया उन्होंने कहा मिलकर अनुशासन में रहना व नेतृत्व क्षमता का विकास करना यह कैंप का सामान्य उद्देश्य है। हाइजिन और सैनिटेशन की जानकारी तथा जल का उचित प्रयोग पर ध्यान देने पर विशेष बल दिया।

कैंप में सैन्य जीवन की जानकारी से कैडिटों को अवगत कराया जाएगा। जिससे भविष्य में कैडेट भारतीय सेना में अपना कैरियर बनाने को प्रेरित हो सकें। यह कैंप का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे बताया कि बताया कि दिनभर की कड़ी ट्रेनिंग के बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे जिसके द्वारा छात्र अभिरुचि का प्रदर्शन करेंगे एवं स्वयं को तरोताजा अनुभव करेंगे। साथ ही कैंप में थल सैनिक कैंप व रिपब्लिक डे कैम्प के लिए भी कैडेट्स का चयन किया जाएगा। कैम्प में डी ई आई, आगरा कॉलेज, सेंट जॉन्स, सरस्वती विद्या मंदिर, एसएमडीडी, चाहर वाटी इंटर कॉलेज, रहलई, जी आई सी, रतन श्री राम आदर्श महाविद्यालय आदि के कैडेट भाग ले रहे हैं। कैंप में कैप्टन मनीष कुमार, कैप्टन अमित अग्रवाल, लेफ्टिनेंट स्वामी प्यारी, चीफ ऑफिसर रामेंद्र शर्मा, फर्स्ट ऑफिसर ज्ञानेंद्र तिवारी, थर्ड अफसर हरनाम सिह,के कुशल नेतृत्व में कैंप का संचालन हो रहा है। सैन्य विषयों का संचालन सूबेदार मेजर बलदेव कुमार, सूबेदार नरेंद्र सिंह सूबेदार होशियार सिंह, नायब सूबेदार ओम बहादुर ठकुरी नायब सूबेदार रुख बहादुर थापा, बीएचएम अनिल कुमार द्वारा होगा तथा लेखा कार्य राजेश कुमार, नरेश कुमार, हरेंद्र कुमार करेंगे।

# राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने के संबंध में बैठक

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़




जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों को अंतिम रूप दिए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलपति आरएमपीएसयू सीडीओ, रजिस्ट्रार, एडीएम सहित अधिशासी अभियंता एवं एसडीएम कोल उपस्थित रहे।

डीएम ने पांच बार कार्य पूर्णता तिथि को आगे बढ़ाने के बाद भी कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त व्यक्त की। उन्होंने ए. के. राही अधिशासी अभियंता निर्माण खंड भवन लोक निर्माण विभाग से मूल स्वीकृत लागत 101.41 करोड़ की सापेक्ष होने वाले सभी कार्यों को कब तक पूरा किया जा सकेगा के संबंध में समयसीमा से अवगत कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ए. के. राही ने डीएम एवं कुलपति को आश्वस्त किया कि आरएमपीएसयू के मूल स्वीकृत लागत के सापेक्ष सभी कार्य करीब 15 जून तक पूरे हो जाएंगे। डीएम विशाख जी0 ने एसडीएम कोल को भूमि संबंधी छह मामलों का निस्तारण 30 जून तक कराए जाने के निर्देश देते हुए विश्वविद्यालय की 8.44 एकड़ भूमि जो विभिन्न टुकड़ों में अलग-अलग है, की विनिमय प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए एडीएम प्रशासन को एक हफ्ते में सर्वे कार्य पूर्ण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

विश्वविद्यालय परिसर एक वह दो को आपस में जोड़ने वाली फोरलेन सड़क निर्माण संबंधी कार्य हेतु शीघ्र आगणन तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश एक्सईएन पीडब्लूडी ए0के0 राही को दिए गए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों के भीतरी एवं वाह्य भाग में वृक्षारोपण कराया जाना है, जिसके लिए सीडीओ को निर्देशित किया गया कि वह वन एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए वृक्षारोपण के लिए तैयारियां सुनिश्चित कराएं।

बैठक में शीला फोम के प्रतिनिधि राजेश ने बताया कि ऑडिटोरियम एवं लाइब्रेरी का कार्य अपने अंतिम चरण में है। यहां की अनिवार्य सेवाओं संबंधी कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी के समस्त कार्य 15 जून तक एवं ऑडिटोरियम का कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण हो जाएगा।

## महिला ने पंखें से लटक कर दी जान, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

कोतवाली अतरौली क्षेत्र के शिवाजी नगर में एक महिला ने फॉसी लगाकर आत्महत्या करली। सूचना पर पुंलिस भी पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद मायके पक्ष के लोगों को सौंप दिया है। जिन्होने ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली अतरौली क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी कन्हैया की शादी तीन वर्ष पूर्व हाथरस निवासी रामगोपाल ने अपनी बेटी सीमा नामक महिला से हुई थी। महिला के मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि सीमा का पति व ससुराल के अन्य लोग बीस हजार रूपये की मांग कर रहे थे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होने उसे फॉसी लगाकर मार डाला। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया।

# शिक्षामित्रों को नहीं हुआ लोकसभा चुनाव ड्यूटी का भुगतान

**जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की भुगतान की मांग**

जन एक्सप्रेस। आगरा

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह छौंकर के नेतृत्व में जिला निर्वाचन/जिलाधिकारी महोदय के नाम ज्ञापन उनकी गैर मौजूदगी में नगर मजिस्ट्रेट वेदप्रकाश सिंह चौहान को सौंपकर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में कार्मिक के रूप में ज्यादातर शिक्षामित्रों को रिजर्ब में मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में अतिरिक्त में लगाया गया था इसका उन्हें विधिवत प्रशिक्षण भी कराया गया लेकिन बाद में जरूरत पड़ने पर कुछ शिक्षामित्रों की ड्यूटी पोलिंग बूथ पर मतदान अधिकारी द्वितीय के पद पर लगायी गयी थी जिसका उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया है तथा कुछ शिक्षामित्रों की ड्यूटी 6 मई को पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री बितरण करने व डिकोडिंग कराये जाने तथा 7 मई को मतदान उपरांत पोलिंग पार्टियों से ईवीएम मशीन व अन्य सामग्री जमा कराए जाने को लगायी गयी थी जिसका उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया जबकि प्रथम व द्वितीय चरण में अन्य जनपदों में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाब में सबका ऑनलाइन भुगतान किया गया है । जिसका उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया जबकि प्रथम व द्वितीय चरण में अन्य जनपदों में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाब में सबका ऑनलाइन भुगतान किया गया है। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह छौंकर ने कहा है कि जितना कार्य अन्य कार्मिकों ने किया है उतना ही शिक्षामित्रों ने भी किया है फिर भी शिक्षामित्रों के साथ अन्याय किया जा रहा है सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने आश्वस्त किया है कि पता किया जाएगा ऐसा क्यों हुआ है यदि भुगतान नहीं किया जाता है तो इसकी शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग में की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से जिला संयुक्त मंत्री जयप्रकाश सोनी, दारा सिंह, राजेश कुमार, गौतम सिंह, विजयपाल सिंह, रामअवतार, तुकमान सिंह, भीमसेन सिसौदिया, सुरेन्द्र पचौरी, हरी कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आगरा में बिक रही कंपनी के फर्जी लोगो की स्कूटी

**फरीदाबाद की कंपनी के CEO ने पुलिस के साथ की छापेमारी, 7 स्कूटी बरामद**

जन एक्सप्रेस। आगरा

आगरा शहर में फरीदाबाद की कंपनी में नकली इलेक्ट्रिक स्कूटी बनाकर बेची जा रही थी। कंपनी की सीईओ ने पुलिस के साथ बालूगंज में शोरूम में छापा मारा। मौके से 7 स्कूटी बरामद हुई हैं। एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।फरीदाबाद की ई-स्कूटी बनाने वाली कंपनी के सीईओ रितेश बंसल ने बताया कि उन्हें पिछले कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि आगरा में उनकी कंपनी के नाम से स्कूटी बेची जा रही है। उनकी कंपनी का नाम और लोगो ट्रेडमार्क में रजिस्टर्ड है।

लेकिन आगरा में बालूगंज में चावला एंड संस में नकली लोगो और कंपनी के नाम के स्टिकर बनाकर स्कूटी पर लगाकर बेची जा रही थी। कंपनी की तरह ही वारंटी भी दी जा रही थी, लेकिन उसके लिए ज्यादा पैसे लिए जा रहे थे। कंपनी की तरफ से पहले भी चावला एंड संस को नोटिस दिया जा चुका है। इनकी डीलरशिप जनवरी में ही खत्म की जा चुकी है।

शोरूम पर खड़ी थीं 7 स्कूटी

कंपनी के सीईओ के साथ पुलिस शोरूम पर पहुंची। लेकिन वहां शोरूम संचालक नहीं मिले। पुलिस ने एक व्यक्ति से पूछताछ की, लेकिन वो जवाब नहीं दे पाया। मौके पर 7 स्कूटी कंपनी के लोगो और नाम के साथ खड़ी थी।

कंपनी की सीईओ को कहना था कि हमारी कंपनी के लोगो स्कूटी से उखड़ते नहीं है। यह नकली स्टिकर बनाकर लगाए गए हैं। जिसकी वजह से आसानी से स्कूटी बिक रही हैं। मोटर नंबर, चेसिस नंबर भी कंपनी की सीरिज से मेल नहीं खाता है। इस स्कूटी को 60 हजार रुपये में बेचा जा रहा था। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी। शोरूम संचालक से भी पूछताछ की जाएगी।

## सर्किल ऑफिसर की अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के आदेशानुपालन में 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बुधवार को नितिन श्रीवास्तव, सचिव एवं अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपने विश्राम कक्ष में जिले के समस्त सर्किल ऑफीसर की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त सर्किल ऑफीसर को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त थानों से अधिक से अधिक प्रीलिटिगेशन वादों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित करें और अपने अधीनस्थों की एक बैठक लेकर आगामी लोक अदालत की तैयारी के लिए निर्देशित करें। इसके अतिरिक्त आप अपने अपने क्षेत्रों में प्रीलिटिगेशन वादों का अधिकतम निस्तारण करने का प्रयास करें।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय में अनुसंधान परिषद की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़



मंगलायतन विश्वविद्यालय में बुधवार को अनुसंधान परिषद की 21वीं बैठक का आयोजन कुलपति सभागार में हुआ। कुलपति प्रो. पीके दशोरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में परिषद के सदस्य शामिल हुए। बैठक में अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और मजबूत करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने बताया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों की सभी दिशाओं में वृद्धि, सुधार और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसंधान परिषद की बैठक विश्वविद्यालय को प्रमुख अनुसंधान और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण है तथा अनुसंधान और नवाचार के भविष्य को आकार देने के लिए मंच प्रदान करती है। आगरा के डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अशोक मित्तल ने कहा कि मंगलायतन विश्वविद्यालय ने निजी विश्वविद्यालय की श्रेणी में बहुत तेजी से विकास किया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. मोहम्मद गुलरेज ने कहा कि मंगलायतन विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता उल्लेखनीय है। डायरेक्टर रिसर्च प्रो. अशोक पुरोहित ने पूर्व की बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की और नए एजेंडे को रखा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वविद्यालय के पूर्व की बैठक के रखे गए अनुसंधान एजेंडे की समीक्षा की। वहीं नई अनुसंधान दिशाओं की पहचान और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियां विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की। इसके अतिरिक्त बैठक में अनुसंधान प्रभाव को अधिकतम करने और नवाचार में भागीदारी को और अधिक मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. रविकांत, प्रो. मसूद परवेज, प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दीकी, प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. शिवराज सिंह त्यागी, डा. राजेश उपाध्याय, डा. रामकुमार पाठक उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट और अराजकता : योगी

* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जौनपुर में की जनसभा
* मतदाताओं से की अपील- 25 मई को कमल के फूल पर बटन दबाएं, कृपाशंकर सिंह को दिल्ली पहुंचाएं

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी पार-400 पार। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी की स्थिति बहुत बुरी हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में इनके प्रत्याशी ने नामांकन ही गलत भर दिया। कोई लड़ने के लिए नहीं मिला। जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता के कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने बुधवार को पहली रैली में जौनपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को चुनाव चिह्न कमल के फूल पर 25 मई को वोट देने की अपील की।

### रामभक्त भारत को ताकतवर बना रहे तो रामद्रोही देश का विरोध कर रहे हैं

सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्योछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं, दूसरी तरफ रामद्रोही राम के साथ ही भारत का विरोध कर रहे हैं। यह कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है। दाने-दाने के लिए मोहताज पाकिस्तान की धमकी भारत जैसे उस बड़े देश को देते हैं, जो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था है। सपा-कांग्रेस नेताओं को ऐसा कहते तनिक भी संकोच नहीं होता है। रामद्रोही जातिवादी-परिवारवादी राजनीति करते हैं। यह आपको जाति के नाम पर भी लड़ाएंगे।

### विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर, स्वतंत्र भारत में कोई भी यह कर नहीं देगा

सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि कांग्रेस सरकार आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। यह लोग सत्ता में आने पर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे और पूर्वजों से विरासत के रूप में आपको मिली संपत्ति पर टैक्स लगाकर आधी संपत्ति ले लेंगे, फिर पाकिस्तान-बांग्लादेशी से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे। इन्हें लूट मचाने और सेंधमारी की छूट नहीं देना है। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। स्वतंत्र भारत में कोई भी जजिया कर नहीं देगा। शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि औरंगजेब जैसा कमबख्त पुत्र किसी का न हो। औरंगजेब का जजिया कर हिंदुओं पर लागू होता था। सपा-कांग्रेस के गठबंधन में घुसी औरंगजेब की आत्मा को बेनकाब करना है।

### अबकी बार-400 पार में हमें जौनपुर सीट भी चाहिए

सीएम ने कहा कि कृपाशंकर सिंह ने सामान्य परिवार में जन्म लिया, लेकिन परिश्रम व पुरुषार्थ की बदौलत मुंबई में अलग पहचान बनाई है। अपील की कि 400 पार में हमें जौनपुर सीट भी चाहिए। 10-10 घरों में जाइए और संपर्क कीजिए। 25 मई को हर मतदाता को मतदान केंद्र ले जाकर कमल खिलाइए। पानी-पहचान, विकास के लिए तरसाने और माफिया को संरक्षण देने वाले सपा की जमानत जब्त कराइए। जनसभा स्थल पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह, विधायक रमेश चंद मिश्र, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज, सत्यपाल सिंह सैनी, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आदि की मौजूदगी रही।

### कांग्रेस ने अव्यवस्था व अराजकता का ठेका ले लिया है

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, भ्रष्ट व परिवारी दलों के साथ गठबंधन कर देश में अव्यवस्था और अराजकता का ठेका ले लिया है। मोदी जी के नेतृत्व में बदलते भारत में विकास व गरीब कल्याण के अनेक कार्य हो रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है तो 23 करोड़ पाकिस्तान वाले भूख से मर रहे हैं। पाकिस्तान का राग अलापने वालों का बोरिया बिस्तर चार जून को बांध दीजिए और कहिए कि भारत पर बोझ न बनो, पाकिस्तान जाकर भीख मांगो। इस बार सत्ता में आने पर मोदी सरकार 70 वर्ष से ऊपर के हर व्यक्ति को आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख उपचार की सुविधा मिलेगी। देश में चार करोड़ गरीबों के मकान बन गए हैं, शेष बचे गरीबों के मकान भी इस बार बन जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया कर रही है : अरविंद गोप



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई के नगर के मियांपुर स्थित आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जनता परिवर्तन के लिए और भाजपा को हटाने के लिए वोट दे रही है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया कर रही है। अभी तक चुनाव को लेकर जो रिपोर्ट आ रही है उसमें भाजपा सारी सीटें हार रही है। इंडिया गठबंधन सब सीटें जीत रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता भी हार मान चुके हैं। इनके भाषणों में वही पुरानी घिसीपिटी कहानी है। जनता भाजपा नेताओं के घिसेपिटे डायलॉग अब नहीं सुनना चाहती है। समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन परिवार भाजपा के एनडीए को हरा रहा है। भाजपा नेताओं की हर बात झूठी है। इनके हर वादे झूठे है। भाजपा ने दस साल झूठ बोला और लूट की। आज झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा ने बहुत भ्रष्टाचार किया। चौतरफा लूट और वसूली की। इलेक्टोरल बांड के नाम पर वसूली की। कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली गई। चंदा लेकर वैक्सीन लगवा दिया। कर्मचारियों को जबरदस्ती लगवा दी। वैक्सीन को लेकर गंभीर रिपोर्ट आयी है। इससे बीमारियां हो रही है। वैक्सीन कम्पनी वाले वैक्सीन वापस ले रहे हैं लेकिन जो वैक्सीन शरीर में चली गयी वो कैसे वापस आयेगी। जबसे वैक्सीन से खतरा हुआ है तभी से प्रधानमंत्री ने वेबसाइट से अपनी फोटो हटवा दी जौनपुर में मै दोनों लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रम से आ रहा हूं यहां का माहौल तो एकतरफा समाजवादी पार्टी के दोनों सीटें जीतने जा रहा है इस अवसर पर पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, राहुल त्रिपाठी श्याम बहादुर पाल, सुशील श्रीवास्तव, राकेश यादव मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सात के खिलाफ दलित उत्पीड़न व घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो अज्ञात सहित सात के खिलाफ दलित उत्पीड़न व घर में घुसकर मारपीट करने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। धिरौली लच्छन गांव निवासी दलित त्रिभुवन कुमार का आरोप है कि वह बाइक से खुटहन बाजार से वापस घर लौट रहा था। गांव में स्थित एक ईंट भट्ठा के पास पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाए बैठे पड़ोसी संदीप,शुभम मौर्या व दो अज्ञात उसे रोक लाठी और हांकी से पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी घटना उसरौली गांव निवासी नंदकिशोर का आरोप है कि भूमि विवाद को लेकर पड़ोसी गंगेश, अमृतलाल और विंदू उसके घर में घुसकर मारने पीटने लगे। बचाव को आयी उसकी पत्नी मालती को भी पीटकर घायल कर दिए। मामले में पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### शादी से लौट रहे युवकों पर हमला, दो घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल विश्वविद्यालय करंजाकला मार्ग पर शादी से लौट रहे युवकों पर बाइक सवार युवकों ने हमला कर दिया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की बाइक कब्जे में लेकर छानबीन मे जुट गई। जानकारी के अनुसार केराकत गांव के निवासी 18 वर्षीय छोटू यादव ,25 23 वर्षीय आर्यन यादव हमजापुर गांव में शादी समारोह शामिल होने के लिए गए थे, वहां से रात दस बजे वह सब लौट रहे थे। करंजाक्ला से होकर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की सड़क पर जैसे ही कुकुडीपुर मोड पर पहुंचे वैसे दो बाइक पर सवार आधा दर्जन युवकों ने छोटू और आर्यन पर बेल्ट डंडे से हमला कर दिया। जिसमें आर्यन छोटू को गंभीर चोटे आयी है, दोनो का सर फट गया टांके लगे। हालांकि घटना का विरोध आर्यन छोटू ने भी किया दोनों ओर से हाथापाई हुई। आर्यन की अपाचे बाइक हमलावर में तोड़कर छतिग्रस्त कर दिया। मौके पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय चौकी से पुलिस पहुंच गई। वहां एक स्प्लेंडर बाइक आरोपी छोड़कर भाग गए। पुलिस ने स्प्लेंडर बाइक को कब्जे में लेकर उसी के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घायलो का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। बताया जाता है पकड़ी गई बाइक बिछलापुर गांव के रूप में चिन्हित हुई है। बाइक एड्रेस के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश दी, लेकिन मौके से आरोपी नहीं मिले। घटना किस कारण वर्ष हुई, यह ज्ञात नहीं हो सका, लेकिन पीड़ित के अनुसार हमलावर नशे में थे और बेल्ट डंडे से हमला किए थे।

### दहेज की अतिरिक्त मांग करने पर सात लोगो के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने थाना बरखेड़ा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की पिछले वर्ष मेरी शादी संतोष पुत्र राज बहादुर निवासी गांव हमजापुर थाना निगोही जिला शाहजहांपुर के साथ हुई थी। वहीं मेरे पिता ने शादी में 15/16 लाख रुपए खर्च किए थे।और तहरीर मे यह भी बताया गया है की पीड़िता के पिता ने शादी मे चार सोने की चूड़ी,एक गले की चैन सोने की, गले का हार सोने का,अंगुठी सोने की ,झुमकी सोने की, टीका सोने का,स्प्लेंडर बाइक सहित दस लाख रुपए नगद दिये थे। वही पीड़िता ने बताया है की पिता ने यह सारा खर्चा कर्ज लेकर किया था।किन्तु दिए गए दान-दहेज से ससुराल पक्ष खुश नही था।और अधिक दहेज की मांग करने लगे जिसमे चार पहिया वाहन, और पिता की संपत्ति मे से हिस्सा की अतिरिक्त मांग करने लगे है।और मांग पूरी न करने पर मेरे साथ मारपीट करते है और जान से मारने की धमकी देते है और वही ससुराल वालो ने कई बार मुझे जान से मारने की कोशिश की है।और रिस्तेदारो के काफी समझाने के बाद भी ससुराल पक्ष नही मना है। इधर पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर सात लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। और इस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में बरखेड़ा थाना पुलिस जुट गई हैं।

### नहर मे डूबकर पचास वर्षीय वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। जनपद के बरखेड़ा दियूरिया थाना क्षेत्र के इलाहवास देवल के मेला देखने आए श्रध्दालु की नहर मे डूबकर मौत हो गई। वही बताया जा रहा है की देवी स्थान इलाहवास देवल पर पीलीभीत के मोहल्ला देशनगर निवासी कल्लू पुत्र परमानन्द 50 वर्षीय अपने परिवार के साथ आए थे।वही देवी मंदिर के निकट नहर मे नहाने के लिए गए हुए थे तभी अचानक फिसलने नहर मे डूब गए।और वही सूचना पर पहुची एम्बुलेंस बरखेड़ा सरकारी अस्पताल ले आई। जहा चिकित्सक ने देखते ही मृतक घोषित कर दिया। इधर मृतक के परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में लोकसभा-26 के समस्त प्रत्याशी/प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का प्रारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया गया। इसके पश्चात उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना सम्बन्धी तैयारियों के विषय में जानकारी दी गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मतगणना सम्बन्धी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम की जा रही है। मतगणना के लिए सभी प्रत्याशियों द्वारा बनाये जाने वाले मतगणना एजेंट के चयन सम्बन्धी विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी, इस विषय पर प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। मतगणना एजेंट बनाये जाने सम्बन्धी विस्तृत दिशा निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त कराये गये हैं।

## ठेकेदार की लापरवाही के कारण छह महीने से बदहाल पड़ा दियोरिया कला-घुंघचाई मार्ग

* जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे यात्री
* ऊबड़-खाबड़ उखड़े पत्थरों से जंगल के अंदर से जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे यात्री

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बीसलपुर। सरकार जहां एक तरफ जीरो टॉलरेंस नीति पर गड्ढा मुक्त सड़क अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों के चहेते ठेकेदार सरकार की नीतियों को पलीता लगा रहे हैं। करोड़ों रुपए की लागत से दियोरिया कला घुंघचाई सड़क मार्ग का निर्माण लगभग छह माह पहले शुरू किया गया था। जिसमें ठेकेदार द्वारा जंगल के अंदर पुराने पत्थर को डालकर घोटाला किए जाने की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनी थीं। घोटाले की खबर मिलने के बाद भी विभागीय अधिकारी ठेकेदार पर मेहरबान रहे और खानापूर्ति कर मामले को रफा-दफा कर दिया। दियोरिया कला से घुंघचाई सड़क मार्ग पर दस किलोमीटर का रास्ता जंगल के अंदर से होकर गुजरता है। जो पीटीआर का हिस्सा है यहां से गुजरने वाले राहगीरों पर जंगली जानवरों, बाघ आदि का खतरा हमेशा बना रहता है। दस किलोमीटर पीटीआर जंगल के अंदर की यह सड़क अत्यंत बदहाल स्थिति में है। पूरे रास्ते में ऊबड़-खाबड़ उखड़े हुए पत्थर पड़े हुए हैं। जंगल के अंदर से गुजरने वाले वाहनों के पहिए आए दिन जंगल के अंदर पड़े नुकीले पत्थरों से पंचर हो रहें हैं लेकिन ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य को लेकर अभी तक लापरवाह बना हुआ है। जब पीटीआर जंगल के अंदर सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ था। तब राहगीरों ने सोचा कि अब इस सड़क पर सफर करना आसान हो जाएगा लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क पर नुकीला पत्थर डालकर बदहाल स्थिति में छोड़ दिया गया है। जिससे इस सड़क पर सफर करना राहगीरों के लिए भारी मुसीबत बन गया है। एक तो टाइगर रिजर्व जंगल के अंदर दस किलोमीटर अंदर का सफर वह भी ऊबड़-खाबड़ उखड़े हुए नुकीले पत्थरों पर ऊपर से जंगली जानवरों का खतरा उठाते हुए जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं यात्री।

"दियोरिया से घुंघचाई तक का सफर करना अत्यंत जोखिम भरा है। एक तो टाइगर रिजर्व जंगल में जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। ऊपर से सड़क मार्ग इतना बदहाल स्थिति में है कि अगर कोई वाहन की स्पीड बढ़ाता है तो दुर्घटना होने का खतरा है। ऊपर से जंगल के अंदर जंगली जानवरों का खतरा अगर सड़क मार्ग सही हो जाए तो सफर करना आसान होगा और जंगली जानवरों का खतरा भी कम हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को जल्द ठेकेदार को सड़क निर्माण पूरा करने के निर्देश जारी करें। जिससे यात्रियों को सफर करना आसान हो।
-इमरान खान

"खुद पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद यहां से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी थे। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बदहाल स्थिति में पड़ी हुई सड़क को देखा लेकिन अभी तक इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में दियोरिया से घुंघचाई सड़क मार्ग पर सफर करना एक जोखिम भरा सफर है। ठेकेदार की लापरवाही से कभी भी जंगल के अंदर बड़ी घटना हो सकती है। सरकार जहां एक तरफ गड्ढा मुक्त सड़क का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार पीडब्ल्यूडी मंत्री के लोकसभा क्षेत्र में उनकी योजनाओं को पलीता लगाने में जुटा हुआ है।
-अफगन, ठेकेदार

"दियोरिया घुंघचाई मार्ग जंगल के अंदर छह महीने से ऊबड़-खाबड़ उखड़े पत्थरों से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। इस मार्ग पर खुद एक बार पूरनपुर जाते समय उसकी बाइक जंगल के अंदर नुकीले पत्थरों से पंचर हो गई थी। इसके बाद पैदल पांच किलोमीटर का सफर जान जोखिम में डालकर तय किया। तब कहीं जाकर बाइक का पंचर लगवाया। अगर जंगल में किसी बाघ से सामना हो जाता तो फिर राम नाम सत्य हो जाता। खुद पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने यहां से चुनाव लड़े लेकिन उन्होंने इस बदहाल सड़क का हाल नहीं देखा।
-दयाराम, गांव लभौआ निवासी

"यह सड़क छह महीने से ऊबड़-खाबड़ बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। ऊपर से सड़क पर नुकीले पत्थर सड़क के ऊपर पड़े हुए हैं जिससे आए दिन वाहनों के टायर पंचर हो रहें हैं। ठेकेदार ने सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया है। जोकि ग़लत है पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को इस मामले पर संज्ञान लेते हुए ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहिए। -नईम खान, दियोरिया कला निवासी

## पीलीभीत के गायक क्षितिज को प्रोत्साहित करने मुम्बई पहुंची पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल

जन एक्सप्रेस । विनय यादव



पीलीभीत। सोनी टीवी के रियलिटी शो सुपर स्टार सिंगर सीजन 3 में प्रतिभाग कर रहे नगर के बाल गायक क्षितिज सक्सेना को प्रोत्साहित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल मुंबई में शो की शूटिंग के दौरान पहुंची और उसका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उनकी देश के प्रसिद्ध गायक और गीतकारों से शो के दौरान मुलाकात भी हुई।

सोनी टीवी के रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर सीजन 3 में टॉप 15 में चयनित होने के बाद लगातार ये कार्यक्रम हर शनिवार रविवार को टीवी पर प्रसारित हो रहे हैं। 15 में से 6 बाल गायक एलिमिनेट हो चुके हैं। 9 बच्चे अभी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें नगर के राजेश सक्सेना का बेटा क्षितिज प्रतिभाग कर रहा है। क्षितिज की आवाज से मंत्रमुग्ध होकर लोग सोनी लिव और फर्स्ट क्राई ऐप पर उसको जबरदस्त वोट भी कर रहे हैं। शहर में विभिन्न संस्थाओं ने होल्डिंग लगाकर क्षितिज को वोट करने की अपील की है।

पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल मंगलवार को सोनी टीवी के रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर सीजन 3 की शूटिंग में पहुंची। उनके साथ शहर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ भरत कंचन, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ पीएन सक्सेना, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता सक्सेना, डॉ आस्था कंचन, डॉ मनोज गुप्ता, शालिनी गुप्ता भी क्षितिज को प्रोत्साहित करने के लिए शो की शूटिंग के दौरान मुंबई पहुंचे। वहां पहले से ही मौजूद क्षितिज के पिता राजेश सक्सेना, उनकी माँ हिना जोकि शो में उनके घर के नाम गुड़िया से जानी जा रही हैं और छोटी बहन डोला से मुलाकात हुई। इसके बाद पीलीभीत से पहुंचे सभी लोग शो में पहुंचे। वहां कार्यक्रम के दौरान सभी की मुलाकात मशहूर गायिका नेहा कक्कड़, प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक मनोज मुंताशीर, अभिनेता रजा मुराद, गीतकार संतोष आनंद, गायक शब्बीर कुमार और देश के जाने-माने कई म्यूजिशियन से हुई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सहित कार्यक्रम में पहुंचे पीलीभीत के सभी लोगों ने मंचासीन अतिथियों को पीलीभीत की मशहूर बांसुरी भेंट कर सम्मान किया। अंत में पीलीभीत से पहुंचे सभी लोगों ने क्षितिज को सुपरस्टार सिंगर कार्यक्रम में विजयी होने का आशीर्वाद दिया।

पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया की यह हमारे पीलीभीत के लिए बहुत ही गौरव की बात है एवं सभी पीलीभीत वासियो को शुभकामनाएं दी। मुंबई मे हुई शूटिंग का प्रसारण सोनी टीवी पर शनिवार एवं रविवार को रात्रि 8 बजे से 9 तक किया जाएगा।

## बीसलपुर में कवियों की रचनाओं पर ठहाके लगाते रहे श्रोता

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बीसलपुर। तहसील पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष पातीराम गंगवार के बेटे आयुष प्रताप सिंह के जन्म दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रदेश के कोने कोने से आये कवियों ने काव्य पाठ कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। पूरी रात श्रोता ठहाके लगाते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ किसान नेता पुष्पेन्द्र चौधरी व बरिष्ठ कवि रामप्रताप वियोगी ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

बीसलपुर में राजकीय डिग्री कालेज के निकट बरिष्ठ पत्रकार पातीराम गंगवार की ओर से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से पहले आयुष प्रताप सिंह का जन्म दिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रदेश के कोने कोने से आये कवियों को आयोजक के द्वारा अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में बण्डा से आये रामप्रताप वियोगी, खुटार से आये शिवओम प्यासा, लखनऊ से आयीं डा0 सरिता सदा बहार, अनीता अरोड़ा, उमा लखनवीं, हाथरस से आये सुरेन्द्रजीत, मबैया से आये राजेश शर्मा, भीकमपुर से आये राजेश मिश्रा प्रयास, लखनऊ से आये विनीत बैरागी, दिलीप कुमार पाठक ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां बटोरीं पूरी रात श्रोताओं की तालियों से पंडाल गूजता रहा। कवि सम्मेलन का संचालन सोमेस मिश्रा ने किया। इस मौके पर दिनेश चन्द्र, ओम प्रकाश गंगवार, सत्यदेव मिश्रा, हरिपाल गंगवार, तेजबहादुर गंगवार, संगीता गंगवार, आदित्य प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजक पातीराम गंगवार ने सभी कवियों का आभार व्यक्त किया।

### तेज रफ्तार बाइक ने महिला को मारा धक्का, मौत; पुलिस खंगाल रही सीसी कैमरों की फुटेज

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। वाराणसी के अस्सी में मारवाड़ी सेवा संघ के सामने मंगलवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक सवार के धक्के से घायल महिला दर्शनार्थी की बुधवार को मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट और ज्यादा खून बहने से महिला बच नहीं सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। भेलूपुर पुलिस ने बाइक सवार की तलाश में पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मुंबई ईस्ट के वसई निवासी वनिता एन जोशी (50) पति नाना लाल जोशी के साथ काशी भ्रमण पर आई थीं। दंपती अस्सी पर एक गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। मंगलवार शाम को दंपती पैदल ही अस्सी घाट की ओर जा रहे थे। मारवाड़ी सेवा संघ भवन के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने वनिता को टक्कर मार दी।

## बीएलओ घर-घर जाकर समय से बांटें मतदाता पर्ची : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



चुनाव आयोग द्वारा मतदान वाले दिन मतदाताओं को परेशानी न हो इसके लिए पहले से ही संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर पर्ची बांट रहे साथ ही मतदान से संबंधित जरूरी निर्देश वाली एक मतदाता गाइड भी दे रहे हैं। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के लिए जनपद में निरन्तर स्वीप गतिविधियां हो रही है, मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अब बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सर्वप्रथम बीएलओ वोटर पर्ची को सभी मतदाताओं को समय से उपलब्ध करा दे, लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही होगी। बीएलओ अपनी जिम्मेदारी का सही से निर्वहन कर रहे हैं कि नहीं वोटर पर्ची ठीक से वितरित हो रही है इसकी मानीटरिंग की जिम्मेदारी जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल को दी है। कुल 3510 मतदान केंद्रों पर 3510 बीएलओ से मतदाता पर्ची वितरण की सूचना एकत्र करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने 79 स्पेशल एडुकेटर्स को लगाया है जो कि प्रतिदिन 50-50 बीएलओ से दूरभाष पर बात कर के 17 मई से लगातार सूचना प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर बीएसए डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि जनपद में 25 मई को मतदान हैं। मतदान के लिए मतदाताओं को अपना बूथ ढूंढ़ने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए बीएलओ की टीम घर-घर जाकर मतदाता पर्ची पहुंचा रही है। मतदाताओं को उनके मतदाता क्रमांक की पर्चियां दी जा रही है ताकि मतदाताओं को मतदान करने में कोई असुविधा न हो। मतदान के समय मतदाता को पर्ची के साथ अपना मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड या निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कोई एक पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत वोटर पर्ची बाटवाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए रजिस्टर बनाया गया है कि किस बीएलओ ने अब तक कितनी वोटर पर्ची बाटी। सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि कल तक सभी मतदाताओं को वोटर पर्ची बांट दे। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय, रंजीत चौधरी द्वारा स्पेशल एजूकेटर्स से प्रति दिन बीएलओ को दूरभाष करके सूचना एकत्र की जा रही है। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, जिला समन्वयक एमडीएम अरुण कुमार मौर्य, फिजियोथेरेपिस्ट डा पी डी तिवारी, विन्ध्यवासिनी उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# पापा की परी बनी कातिल

## भाई की हत्या का था इरादा, किशोरी बोली, पिता की गर्दन रेतकर भांप रही थी बेहोशी का असर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



कन्नौज जिले में छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के करीमुल्लापुर गांव में वीडीओ पिता अजय पाल राजपूत की हत्या के मामले में हिरासत में ली गई उनकी हत्यारोपी 17 वर्षीय बेटी ने पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया। किशोरी के अनुसार परिजनों को उसके प्रेम संबंधों की भनक थी। इसे लेकर बड़ा भाई उस पर पाबंदियां लगाता था। इसी के चलते वह सभी को बेहोश करके भाई की ही हत्या करना चाहती थी। बेहोशी की दवा का असर चेक करने के लिए पिता की गर्दन धारदार हथियार से रेतकर टेस्टिंग की, लेकिन अनजाने में घाव गहरा होने से उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी किशोरी और उसके प्रेमी के बीच चल रहे प्रेम-प्रसंग की भनक उनके परिजनों को लग चुकी थी। कई बार फोन से बात व चैटिंग करते हुए पकड़ी गई थी। इसको लेकर अक्सर उसका भाई सिद्धार्थ उस पर तंज कसते हुए उस पर पाबंदियां लगाता था। भाई की रोक टोक से आजिज होकर किशोरी ने भाई की हत्या का प्लान बनाया। अगर हथौड़ी से हमला करते वक्त सिद्धार्थ की आंख न खुलती तो उसकी भी जान चली गई होती।

### न होती उल्टी, तो सिद्धार्थ की भी होती हत्या

किशोरी की इस दुस्साहसिक वारदात को सुनकर हर कोई सन्न रह गया। किशोरी ने पूरे परिवार को रात में खाना बनाकर खिलाया था, जिसमें बेहोशी की दवा मिलाई थी। खाना खाने के बाद सभी का जी मिचलाने लगा और सभी को उल्टियां हुईं। उल्टी होने से ही उन्हें खिलाई गई दवा का असर कम हो गया। यही वजह रही कि जब किशोरी ने सिद्धार्थ पर हथौड़ी से हमला किया तो उसकी आंख खुल गई। इसके बाद भी किशोरी ने सिद्धार्थ को नाखून से नोचना और दांतों से काटना बंद नहीं किया। मृतक बीडीओ अजय पाल राजपूत के दो बेटे और एक बेटी है। इकलौती बेटी होने के कारण दंपती की वह लाडली थी। बेटों से ज्यादा दोनों बेटी पर प्यार लुटाते थे। उसकी हर ख्वाहिश को प्राथमिकता से पूरा करते थे। ग्राम विकास अधिकारी को क्या पता था कि जिस बेटी पर वे जान छिड़कते हैं, वहीं एक दिन उनकी मौत की वजह बन जाएगी।

### नशीला पदार्थ खिला वीडीओ पिता का रेत दिया गला

प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर किशोरी ने रिश्तों का कत्ल कर दिया। इंटर की छात्रा ने पहले पूरे परिवार को खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। सबके बेहोश हो जाने पर उसने वीडीओ पिता की आरी से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। दूसरे कमरे में सो रहे भाई पर भी हथौड़ी से हमला किया लेकिन आंख खुलने से उसकी जान बच गई। पुलिस किशोरी और उसके प्रेमी से पूछताछ कर रही है।

### थोड़ी देर बाद सभी को उल्टियां होने लगीं

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के करीमुल्लापुर गांव में वीडीओ (ग्राम विकास अधिकारी) के पद पर तैनात अजय पाल राजपूत (50) पत्नी मोनी देवी, दो बेटों व 17 वर्षीय बेटी के साथ रहते थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात बेटी ने सभी को खाने में पूड़ी सब्जी बनाकर खिलाई। थोड़ी देर बाद सभी को उल्टियां होने लगीं। उसके बाद सभी सोने चले गए। उन्होंने खाने में नशीला गोलियां मिलाए जाने की आशंका जताई।

### खून से लथपथ बिस्तर पर पड़े थे पिता

मृतक के बड़े बेटे सिद्धार्थ ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11:30 बजे बहन ने अचानक उस पर भी हथौड़ी से हमला करने की कोशिश की। लेकिन उसकी आंख खुल गई, तो बहन के हाथ से हथौड़ी छीन कर फेंक दी। इस बीच किशोरी ने उसके हाथ पर काट लिया। चीख-पुकार सुनकर मां मोनी देवी भी पहुंच गईं। वह दूसरे कमरे में सो रहे पति को बुलाने पहुंचीं, तो वे खून से लथपथ बिस्तर पर पड़े थे। वीडीओ को सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### परिजनों ने अभी हत्याकांड की तहरीर नहीं दी

पुलिस ने घर से हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार व हथौड़ी बरामद कर किशोरी व उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने कोतवाली पहुंचकर प्रेमी युगल से पूछताछ की। एसपी ने बताया कि परिजनों ने अभी हत्याकांड की तहरीर नहीं दी है।

### एक सप्ताह पहले भी दी थी नींद की गोलियां

मृतक के बड़े बेटे सिद्धार्थ व अमन की मानें, तो लगभग एक सप्ताह पहले भी बहन ने बैंगन-आलू की सब्जी व रोटी बनाई थी। उसे खाने के बाद सभी गहरी नींद में सो गए थे। उस दिन किसी कारणवश बहन अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकी। सोमवार को दूसरे प्रयास में उसने पिता की जान ले ली। वहीं, दवा का असर पूरे परिवार पर सुबह तक था। उनकी जुबान तक लड़खड़ा रही थी।

### प्रेमी बोला, मुझसे मंगाई थी नींद की गोलियां

किशोरी के प्रेमी ने पुलिस को बताया कि दोनों सिकंदरपुर कस्बे के एक इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र हैं। उसका घर किशोरी के घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर है। बताया प्रेमिका ने 10 दिन पहले फोन से यह कहकर नींद की गोलियां मंगाई थीं कि कई दिनों से उसे रात में नींद नहीं आती है। उसने सरायप्रयाग के एक मेडिकल स्टोर से नींद की 10 गोलियां लाकर दी थीं। प्रेमी के अनुसार उनके बीच दो महीने पहले ही शुरू प्रेम प्रसंग शुरू हुआ था। 10 दिन पहले ब्रेकअप भी हो चुका था, लेकिन उसके यह बयान किसी के भी गले नहीं उतर रहा है।

### एसपी ने किया मुआयना, फोरेंसिक ने जुटाए साक्ष्य

हत्याकांड की सूचना पर एसपी अमित कुमार आनंद ने मृतक वीडीओ के घर पहुंचे और अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी रात को घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

### चेहरों पर नहीं दिखी शिकन

वीडीओ हत्याकांड के बाद पुलिस हिरासत में मौजूद प्रेमी युगल के चेहरों पर किसी भी प्रकार का तनाव या पछतावा नजर नहीं आ रहा था। दोनों पुलिस कर्मियों के सामने ऐसे पेश आ रहे थे जैसे उन्होंने कुछ नहीं किया है। पुलिस अभिरक्षा में प्रेमी ने कई घंटे चैन की नींद ली और जब सोकर उठा। कुछ देर बाद आराम से बैठकर केले खाए। वहीं प्रेमिका के भी चेहरे पर ऐसे हावभाव थे, जैसे उसे अपने पिता की हत्या करने का कोई पछतावा नहीं है।

### पढ़ाई की तरफ ध्यान कम, प्यार की पींगे बढ़ाने में लगे थे किशोर युगल

हत्याकांड की आरोपी उनकी बेटी व उसका प्रेमी का पढ़ाई की तरफ ध्यान कम ही था। दोनों ने सत्र 2023-24 में ग्यारहवीं की परीक्षा औसत अंकों से पास की है। दोनों ही अलग अलग जाति वर्ग से है। जहां एक ओर प्रेमी के पिता खेती बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं वहीं किशोरी के पिता सरकारी नौकरी में होने के कारण उनका परिवार बेहतर जीवन जी रहा है।

# उन्नाव में चरम पर नशे का कारोबार आसानी से उपलब्ध हो रहा गांजा



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव में नशे का कारोबार चरम पर है। हालात यह हैं कि यहां के युवाओं को गांजा बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसी का परिणाम है कि यहां ज्यादातर युवा नशे में बदहवास मिलते हैं। खास बात यह है कि गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ यहां खुले में बिकने के बाबजूद नशा कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। कांशीराम कालोनी में तो चार लोगों द्वारा इस व्यापार को बेहद खुले आम अंजाम दिया जा रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

### महिलाएं भी कर रही नशे का कारोबार

यहां बताना होगा कि नशे के कारोबार को लेकर जिले भर में कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति ही होती है। इसी का परिणाम है कि पुरुष तो पुरूष महिलाएं भी नशे के इस कारोबार को जमकर कर रही हैं। उन्नाव में तमाम जगहों पर गांजा बेचा जा रहा है जो नगर के युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो कस्बे में नशे का कारोबार करने वाले लोगों ने गरीब तबके के कई युवाओं को नशे की इस हद तक लत लगा दी है कि वह नशे के बिना रह नहीं सकते। इसी का फायदा उठाकर उन्हें पैडलर बनाकर नशीले पदार्थ की सप्लाई में उपयोग किया जा रहा है।

### बड़े स्तर पर पकड़ा जा चुका गांजा

उन्नाव में नशे का व्यापार इतना बढ़ चुका है कि यहां उड़ीसा से गांजा लाकर बिक्री किया जाता है। मार्च 2024 मे दही थाना क्षेत्र में लगभग दो कुंतल गांजा पकड़ा गया था। इसके पूर्व में 20 लाख की लागत का गांजा भी पकड़ा जा चुका है। लेकिन फिर भी इस नशे के रथ को पहिया रुकने का नाम ही नहीं ले रहा।

### गांजा बिक्री के प्रमुख क्षेत्र

पहले तो गांजा मलिन बस्तियों में चोरी छिपे बिकता था लेकिन अब तो इस रोग ने जनपद के पॉश इलाकों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। कांशीराम कालोनी, कंजी, कहारो का अड्डा, गदन खेड़ा, नवीन मंडी जैसे बहुत से इलाके है जहां पर गांजा बिक्री की जा रही है।

# बिल्हौर ब्लॉक के चौबिगही गांव का मुख्य मार्ग बना तालाब



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों सफाई कर्मचारी जो गांव में तैनात थे वह भी अब नहीं आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान ड्यूटी करने के दौरान उपस्थित ब्लॉक में न पहुंचना जिसके चलते उनके वेतन के लिए हाजिरी नहीं ब्लॉक से जा पाएगी और उनका वेतन रुक जाएगा। सफाई कर्मचारी परेशान घूम रहे हैं जिन गांव सभा में तैनात सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी कानपुर नगर में लगी थी अगर वह 15 दिन में एक दिन भी वह समय से नहीं पहुंच पाए हैं तो उनका वेतन निकलना मुश्किल हो गया है इसी चक्कर में सभी कर्मचारी कानपुर नगर के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं जिसके चलते गांव में कहीं पर भी कोई सफाई व्यवस्था नहीं हो रही है । वहीं पर प्रधान का कहना है ड्यूटी से अभी तक लौटकर सफाई कर्मचारी काम पर नहीं आए जो सफाई कहां से हो वहीं पर ग्राम सभाओं के हिसाब से नियुक्ति के समय तो सफाई कर्मचारी थे लेकिन अब 50त्न गांव सभाएं खाली पड़ी हुई हैं जहां पर कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं है अगर ब्लॉक की तरफ से रोस्टर के हिसाब से सफाई कर्मचारी लगाए जाते हैं तो एक माह के अंदर ब्लॉक के सभी गांव में सफाई हो सकती है वहीं पर 15 से 20 दिन के अंदर मानसून आने वाला है। गंदगी से जो गांव की नालियां पटी पड़ी हैं सड़के पानी बरसात में जब भर जाएगा तो बीमारियां और घर-घर में फैल जाएंगे आखिरकार इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा खंड विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी या प्रधान या सभी पल्ला झाड़ देते हैं कि चुनाव में लगे हैं सफाई कर्मचारी फोटो में चौबिगही गांव सभा के मुख्य मार्ग का यह फोटो है जहां पर पानी भराव के साथ-साथ काई भी जमकर तैयार हो गई है जिससे यह लगता है कि महीनों से पानी का निकास नहीं हो रहा है।



# गर्मी के मौसम में मरीजों को दें बेहतर उपचार

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

सीएमओ डॉ. आरसी गुप्ता ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोदना घिरोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कोल्ड चेन का निरीक्षण कर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रवीण कुमार यादव कोल्ड चैन हैंडलर के द्वारा ओपन वायल पॉलिसी के बारे में जानकारी दी। सीएमओ ने कहा कि गर्मी के मौसम में अस्पताल आने वाले मरीजों को उचित उपचार दिया जाए। सीएमओ ने छह डिब्बों में ओपन वायल पॉलिसी क्रमबद्ध तरीके से लगाने के निर्देश दिए। सीएचसी पर अग्निशमन यंत्र रिफिल नहीं कराया गया था शीघ्र रिफिल कराने के निर्देश दिए। महिला नसबंदी का लक्ष्य बढ़ाने के लिए एएनएम और आशाओं को महिलाओं से मिलने के लिए प्रेरित किया। सीएमओ ने आंगनबाड़ी केंद्र ताहरपुर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीएमसी यूनिसेफ संजीव पांडेय, प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रवींद्र सिंह गौर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण यादव, रोहित नंदन उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पत्नी से विवाद हुआ, पति ने खुद को लगाई आग

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव में रहने वाले दंपति में बुधवार की दोपहर किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद आवेश में आकर पति ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया और आग लगा ली। आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजनों से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने कानपुर हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर गांव के रहने वाले मुन्नू का छत्तीस वर्षीय बेटा विमल बुधवार की दोपहर घर पर मौजूद था। इस दौरान पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बात और बढ़ी तो दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद पति आवेश में आ गया और घर में रखें ज्वलनशील पदार्थ को उठाकर खुद पर छिडक़ लिया और आग लगा ली। आग से जलता देख घर में मौजूद लोगों में हडक़म्प मच गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। उधर गंभीर रूप से झुलसा जाने के कारण वह जमीन पर गिर गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। उधर घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है। बांगरमऊ थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है जांच की जा रही है।

### डायवर्जन में हाईवे पर रेंगते रहे वाहन, शहर में भी वाहन सवारों का छूटा पसीना

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। उन्नाव पुलिस ने लखनऊ में हो रहे एलिवेटेड रोड के कार्य को लेकर पहले ही डायवर्जन रूट जारी कर दिया। भारी वाहनों को अलग-अलग रूटों पर डायवर्ट होने की बात कही, लेकिन यातायात व्यवस्था बुधवार को चौपट रही। हाईवे से लेकर शहर के अंदर तक आवागमन करने वाले वाहन सवारों को घंटो जाम में जूझना पड़ा। जाम बढ़ता देख यातायात के साथ स्थानीय पुलिस ने भी मोर्चा संभाला इसके बाद जाम में फंसे लोगों को राहत मिल सकी। बुधवार को लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के जाजमऊ से लेकर अचलगंज सीमा के आगे कोतवाली तक हाईवे सुबह से ही जाम की स्थिति शुरू हो गई। धीमे-धीमे वाहन की रफ्तार थमने लगी तो जाम बढ़ता रहा, लेकिन दोपहर ग्यारह बजे के बाद लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर जाजमऊ के पास जाम लगने से घंटो देरी तक वाहन सवार फंसे रहे जाम की सूचना मिलने के बाद स्थानिक पुलिस चौकी ने मशक्कत की, जिसके बाद जाम खुल सका। कुछ देर बाद आजाद मार्ग बाईपास और दही मोड़ के पास भयंकर जाम लगने से लखनऊ को अप डाउन करने वाले वाहन सवार गर्मी में जाम से परेशान रहे। पुलिस अधिकारियों को सूचना मिलने के बाद ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को सतर्क किया, जिसके बाद जाम खुला और जाम में फंसे वाहन सवार आगामी गंतव्य स्थान की ओर रवाना हो सके। इधर शहर में भी जाम को लेकर समस्याएं बरकरार रहीं। गांधीनगर तिराहे पर बैरियर लगाकर शहर के अंदर जाने वाले चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया, जिससे तिराहे से लेकर अस्पताल रोड तक भीषण जाम लग गया। गर्मी के चलते वाहन चालकों और पुलिस की तीखी बहस भी होती रही। उन्नाव की पुलिस को छठवें चरण का चुनाव कराने के लिए प्रतापगढ़ रवाना किया जा चुका है। इसके चलते जिले में सीमित ही पुलिस फोर्स बचा है। ज्यादातर पुलिस महत्वपूर्ण पॉइंट पर लगाया गया है। जाम की स्थिति में पुलिसफोर्स न होने से भी ज्यादा समस्याओं से वाहन सवारों को जूझना पड़ रहा है।

### पालिका ने वाटर कूलर लगाना किया शुरू

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। गर्मी को देखते हुए गंगाघाट नगर पालिका की ओर से फोरलेन के किनारे जगह-जगह चिह्नित स्थानों पर वॉटर कूलर लगाये जाने का काम शुरू हो गया है। अब राहगीरों के अलावा दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों को भी शीतल पानी मिल सकेगा। नगर में मुख्य मार्ग पर लोगों को गर्मियों में शुद्ध और ठंडा पानी पीने की व्यवस्था नहीं थी। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे एवं अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने मिश्रा कॉलोनी से लेकर मरहला चौराहे तक चिह्नित स्थानों पर वॉटर कूलर लगाये जाने का फरमान जारी किया था। अब लगाये जाने का काम शुरू किया गया है। जलकल प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि पहला वॉटर कूलर पालिका परिसर में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पानी को फिल्टर कर चिल्ड करेगा। इसके बाद लोग उसी पानी का सेवन करेंगे। मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट, गंगापुल चौराहा, थाना चौराहा, पालिका, आखिरी पेट्रोल पंप, टेलीफोन एक्सचेंज, मरहला चौराहा समेत दस स्थानों पर वॉटर कूलर लगेंगे। बुधवार को सुबह से गर्मी के कारण आने जाने वाले लोगों को बेहाल कर दिया। भीषण गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह दस बजते ही आसमान से बरस रही आग ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। केवल जरूरी काम से जाने वाले लोग ही सडक़ों पर निकले। उधर तेज धूप से पशु-पक्षियों का भी बुरा हाल है। दोपहर होते ही पशु छांव की तलाश में निकल पड़ते हैं।

# ताबड़तोड़ फाल्टों से चरमराई नगर की विद्युत व्यवस्था, धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जनपद में ओवरलोड होने के कारण नगर के कई मोहल्लों में ताबड़तोड़ फाल्ट हो गये। जिस कारण नगर की घंटों बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं अंबिका पुरम में एबीसी केबिल डालने के चलते चार सौ घरों की सप्लाई बंद रखी गई। वही राजधानी मार्ग पर रखे ट्रांसफार्मर में ओवरलोड के चलते फूंक गया। चंपापुरवा में ओवरलोड के कारण 100 केवीए ट्रांसफार्मर में फिर से खराबी आ गई, जिसको ठीक किया गया था। ट्रांसफार्मर से एक फेस की सप्लाई बंद रहने से आधा सैकड़ा घरों की बिजली आपूर्ति बंद रही। इसी तरह पोनी रोड रविदास पार्क के पास एक पोल में करंट उतरने के कारण दर्जनों घरें की सप्लाई बंद रखी गई। उधर विष्णुपुरी में फाल्ट होने के कारण फीडर 3 ट्रिप कर गया और फाल्ट खोजने से मरम्मत करने तक विष्णुपुरी में एक सैकड़ा से अधिक घरों की सप्लाई लगभग 7 बजे तक बंद रखी गई। वहीं अंबिका पुरम में एबीसी केबिल डालने के लिए 100 केवीए और 250 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद रखी गई। इसके कारण लगभग 400 घरों में रहने वाले हजारों लोगों को भीषण गर्मी में बेहाल होना पड़ा। इसके अलावा रात में कई वार ओवरलोड होने के कारण फीडर 2, 4, 5 की सप्लाई को एक-एक घंटा से अधिक समय तक बंद रखा गया। शुक्लागंज में राजधानी मार्ग स्थित सरस्वती टॉकीज के पास रखें 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगलवार रात लगभग 9.45 बजे ओवरलोड होने के कारण धू धू कर जल गया। ट्रांसफार्मर से उठ रही ऊंची लपटे देख आसपास के दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। अनान फानन बिजली विभाग को आग लगने की जानकारी दी गई। जिसके बाद आपूर्ति बंद कराई गई। आपूर्ति बंद होने के बाद क्षेत्रीय लोगों और दुकानदारों ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान सैकड़ो घरों की बिजली गुल हो गयी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कर शुरू किया है।

# खड़ी रोडवेज बस में कार टकराई, चालक समेत दो की मौत, तीन जख्मी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जनपद के औरास थाना क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे स्थित कोयलिया खेड़ा गांव के पास बुधवार को खड़ी रोडवेज बस में पीछे से आ रही कार के टकराने से चालक समेत दो की मौत हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोग जख्मी हो गए। जानकारी पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद लोगों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। औरास थाना क्षेत्र कोइलिया खेड़ा गांव के पास लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर दिल्ली से लखनऊ जा रही कार आगे खड़ी रोडवेज बस में जा टकराई। हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। जानकारी होते ही यूपीडा रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच कर कार में सवार घायलों को बाहर निकाला और औरास सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टर ने कन्नौज थाना तिर्वा के मगौली गांव के रहने वाले कार चालक मारूफ पुत्र इसरत अली व लखनऊ थाना दुबग्गा के सिकरौरी गांव निवासी लुकमान पुत्र आसिद अली को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के समय कार में सवार लखनऊ थाना दुबग्गा के सिकरौरी गांव निवासी घायल शबीना पत्नी लईक, रुही पुत्री आसिद व महर जहां पत्नी आसिद का डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी पर पहुंची औरास पुलिस ने जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो वह सीधे उन्नाव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे शव देखकर बेहाल होते रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

**भोगांव।** गांव शिवपालपुर में मंगलवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव को कमरे से बाहर निकाला। मायके पक्ष ने ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी ससुरालीजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जनपद फर्रुखाबाद के गांव जानकीपुर निवासी अमर सिंह ने एक वर्ष पूर्व पुत्री पुष्पा (25) की शादी थाना क्षेत्र के गांव शिवपालपुर निवासी चंद्रशेखर के साथ की थी। मंगलवार को जानकारी मिली कि ससुरालीजन ने पुत्री को मार कर कमरे में बंद कर लिया है। खबर मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग आ गए। उधर पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर पुष्पा का शव कमरे से बाहर निकाला। पिता अमर सिंह बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद ही पुत्री को प्रताड़ित किया जाने लगा था। पति चंद्रशेखर, जेठ रिंकू, चाचा ससुर रामलड़ैते, जेठानी और सास आए दिन मारते पीटते थे। पुत्री के जेवर भी इन लोगों ने बेच दिए थे। कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुरालीजन अपनी हरकत से बाज नहीं आए। मंगलवार को पुत्री को मारने के बाद सभी लोग कहीं चले गए। घर में कोई भी ससुरालीजन मौजूद नहीं मिला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुरालीजन अपनी हरकत से बाज नहीं आए**

# दीवानी के चतुर्थ श्रेणी कर्मी की सड़क हादसे में हुई मौत

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

थाना एलाऊ क्षेत्र में मंगलवार की शाम अजीतगंज के पास बाइक सवार दीवानी में चतुर्थ श्रेणी कर्मी को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के घर में चीख पुकार मची है।

किशनी थाना क्षेत्र के गांव उमराहार निवासी अखिलेश (42) दीवानी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। मंगलवार की शाम को वह बाइक से घर जा रहे थे। बाइक जब थाना एलाऊ क्षेत्र में गांव अजीतगंज के पास पहुंची। तभी मार्ग से गुजर रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी पहुंच गए। न्यायिक कर्मचारी के निधन की सूचना मिलने पर जिला जज सुधीर कुमार, सीजेएम नम्रता सिंह, प्राधिकरण सचिव कमल सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सीएमओ से वार्ता कर नियमानुसार पोस्टमार्टम कराने को कहा। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### शोक के चलते नहीं किया काम

चतुर्थ श्रेणी कर्मी की मृत्यु के बाद वकीलों ने बार एसोसिएशन के सभागार में शोक सभा की। न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लेकर जिला जज सहित समस्त पीठासीन अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा। दोपहर एक बजे केंद्रीय सभागार में जिला जज सुधीर कुमार की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। इसमें न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा बार एसोसिएशन के सौरभ यादव, संतोष यादव, सुनील यादव, आशीष मिश्रा, चतुर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जमीन की पैमाइश कराने की मांग डीएम से मिला पीड़ित परिवार

जन एक्सप्रेस। मैनपुरी

तहसील किशनी के गांव उदयपुर के वृद्ध मोहर सिंह बुधवार को परिवार के साथ डीएम से मिले। ज्ञापन देकर मांग की कि जमीन की पैमाइश कराकर उनको न्याय दिलाया जाए। दूसरा पक्ष अभिलेखों में दर्ज उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। विरोध करने पर एससी/एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। इससे पूरा परिवार मानसिक तनाव में आ गया है। ज्ञापन में कहा है कि तहसील के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1641 क और 1641 ख में उनके परिजन के नाम दर्ज हैं। इस गाटा संख्या की जमीन पर उनके परिजन का ही कब्जा है। जबकि 1642 ख में दूसरे पक्ष के लोगों के नाम दर्ज हैं। दूसरे पक्ष की जमीन पट्टे की तथा उनकी जमीन पैतृक है। दूसरे पक्ष के लोग उनके नाम 1641 क और ख में दर्ज जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर विनोद खटीक तथा अमित चक के पक्ष के लोग उनको एससी/एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। ज्ञापन में कहा है कि 19 मई को दूसरे पक्ष ने उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। पीड़ितों ने डीएम से जमीन की पैमाइश कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। इस मौके पर श्रीकृष्ण, सुधीर कुमार, महादेवी, शिवकुमार, आशुतोष कुमार, अनारश्री, मुकेश प्रताप सिंह, राकेश, अवधेश मौजूद रहे।

# नाबालिग पर ड्रिंक एंड ड्राइव का केस

## पोर्श एक्सीडेंट केस: जुवेनाइल बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया, पिता भी 24 मई तक पुलिस कस्टडी में

- उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला किया दर्ज
- पुलिस ने अब तक आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल सहित 5 लोगों को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे

पुणे में 18 मई की रात एक बिल्डर के नाबालिग बेटे ने शराब के नशे में अपनी पोर्श कार से बाइक को टक्कर मारी थी। हादसे में बाइक सवार ढ्ढञ्ज इंजीनियर युवक-युवती की मौत हो गई थी। आरोपी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने 15 घंटे में ही कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया था, लेकिन बुधवार को उसे एक बार फिर बुलाया गया। दरअसल, पुणे पुलिस ने केस को गंभीर बताते हुए जुवेनाइल बोर्ड के फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की थी। कोर्ट ने आदेश के रिव्यू के लिए पुलिस को जुवेनाइल बोर्ड जाने का निर्देश दिया था। इसके बाद बुधवार को पुलिस की अर्जी पर बोर्ड ने आरोपी को दोबारा बुलाया। पुलिस ने भी उसे पूछताछ के लिए बुलाया है। आरोपी युवक के पिता बिल्डर विशाल अग्रवाल को बुधवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट से ले जाने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस वैन पर स्याही फेंकी और नारेबाजी की। पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया- आरोपी 18 मई को रात करीब 10ः40 बजे कोजी पब गया था। यहां उसने 90 मिनट में 48 हजार रुपए का बिल चुकाया। इसके बाद वह रात 12:10 बजे ब्लैक क्लब मैरियट होटल गया था। यहां से निकलने के बाद रात 2 बजे उसकी कार से एक्सीडेंट हुआ था। वह 200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से कार चला रहा था। एसीपी मनोज पाटिल ने कहा- आरोपी का ब्लड टेस्ट कराया गया है। एफआईआर में मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185- शराब पीकर गाड़ी चलाना यानी ड्रिंक एंड ड्राइव का चार्ज जोड़ा है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

### अब तक आरोपी के पिता सहित 5 लोग गिरफ्तार

पुलिस ने अब तक आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एफआईआर के मुताबिक, नाबालिग के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। यह जानने के बावजूद उसके पिता ने उसे लग्जरी कार चलाने दे दी। बिल्डर को यह भी पता था कि उसका बेटा शराब पीता है, फिर भी उसे पार्टी में शामिल होने की इजाजत दी। पुलिस ने जिन अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पुणे के कोजी रेस्टोरेंट के मालिक का बेटा नमन प्रह्लाद भूतड़ा, उसका मैनेजर सचिन काटकर, ब्लैक क्लब होटल के मैनेजर संदीप सांगले और उसका स्टाफ जयेश बोनकर शामिल हैं। इन पर नाबालिग आरोपी को शराब परोसने का आरोप है। प्रह्लाद भूतड़ा, सचिन काटकर और संदीप सांगले को 21 मई को कोर्ट में पेश किया गया था। तीनों को 24 मई तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। कोजी रेस्टोरेंट और ब्लैक क्लब होटल को सील कर दिया गया है। नगर निगम ने बुधवार को विभिन्न पब और बार के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया।

### आरोपी के पिता ने पुलिस को गुमराह करने के लिए कई कारें बदलीं

बेटे के एक्सीडेंट की खबर सुनने के बाद बिल्डर विशाल अग्रवाल ने पुलिस से बचने के लिए भागने का प्लान बना लिया था। पुलिस को गुमराह करने के लिए वह अपनी कार घर से लेकर निकला और ड्राइवर से मुंबई जाने के लिए कहा। उन्होंने दूसरे ड्राइवर को अपनी दूसरी कार से गोवा जाने के लिए कहा। विशाल मुंबई जाने के दौरान बीच रास्ते में कार से उतर गया। इसके बाद वह छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) जाने के लिए एक दोस्त की कार का इस्तेमाल किया। पुलिस के मुताबिक, विशाल अग्रवाल ने गुमराह करने के लिए ही कई कारों का इस्तेमाल किया। उसने एक नए सिम कार्ड का भी इस्तेमाल शुरू कर दिया था, ताकि उसका नंबर ट्रैक न हो सके। जब पुलिस को जानकारी मिली कि वह अपने दोस्त की कार में है, तो उन्होंने जीपीएस के जरिए गाड़ी को ट्रैक करना शुरू कर दिया। पुणे क्राइम ब्रांच की एक टीम ने सीसीटीबी कैमरों के फुटेज का उपयोग करके विशाल अग्रवाल की पहचान की। आखिरकार, 21 मई की रात संभाजीनगर के एक लॉज में छापेमारी कर पुलिस ने विशाल और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

### 2.44 करोड़ की कार, 1758 रुपए के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ

आरटीओ के अधिकारी संजीव भोर के मुताबिक, आरोपी के पिता ने इलेक्ट्रिक लग्जरी स्पोर्ट्स सेडान पोर्श कार मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर से 2.44 करोड़ रुपए में खरीदी थी। डीलर ने टेम्परारी रजिस्ट्रेशन के बाद यह कार विशाल को सौंप दी। यह 18 मार्च 2024 से 17 सितंबर 2024 तक वैलिड है। कार ऑनर 18 अप्रैल 2024 को पुणे के आरटीओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन के लिए आया था। जांच और सभी प्रक्रिया उसी दिन पूरी कर दी गई थी। 1758 रुपए का फीस भुगतान नहीं करने के कारण कार का रजिस्ट्रेशन नंबर जारी नहीं किया गया। भोर ने बताया अधिनियम के मुताबिक अगर किसी नाबालिग से कोई हादसा होता है तो उसे 25 साल की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिल सकता। फ्लाइंग स्क्वॉड को निर्देश दिया गया है कि शहर में बिन नंबर की गाड़ियों को फौरन जब्त किया जाए।

### दोनों मृतक मध्य प्रदेश के रहने वाले, घरवाले बोले, ये हादसा नहीं, हत्या

चश्मदीदों के मुताबिक, घटना के दौरान नाबालिग आरोपी शराब के नशे में करीब 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था। उसने रात करीब 2 बजे कल्याणीनगर में बाइक सवार ढ्ढञ्ज इंजीनियर्स को पीछे से टक्कर मारी थी। कार का एयरबैग खुलने की वजह से आगे नहीं दिख रहा था। इसके बाद आरोपी को मजबूरन कार रोकनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। हादसे में मध्य प्रदेश के रहने वाले इंजीनियर अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। दोनों एक पार्टी से लौट रहे थे। लोगों ने बताया कि कार की टक्कर से बाइक सवार लड़की हवा में कई फीट उछलकर जमीन पर आ गिरी थी और युवक पास खड़ी दूसरी कार में जा टकराया था। एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले युवक अनीश अवधिया मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिंहपुर और युवती अश्विनी कोष्टा जबलपुर की रहने वाली थी। एक की डेड बॉडी 20 मई और दूसरे की 21 मई को उनके घर पहुंची। अनीश के चाचा अखिलेश अवधिया ने कहा- ये हादसा नहीं हत्या है। आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए थी। अश्विनी कोष्टा के पिता सुरेश कोष्टा ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोगों को इससे सबक मिले। मेरी बेटी ने अपनी पढ़ाई पुणे में पूरी की और उसे वहीं नौकरी मिल गई थी। भाई समरप्रीत ने बताया कि अश्विनी पुणे में 6 साल से थी, जनवरी में ही उसने 24वां जन्मदिन मनाया था।

### पुणे एक्सीडेंट केस से जुड़े बयान

- **महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस** ने घटना को लेकर मंगलवार को पुलिस अधिकारियों के साथ पुणे में बैठक की। उन्होंने कहा- पुलिस ने जुवेनाइल बोर्ड को दिए एप्लिकेशन में आरोपी की उम्र 17 साल 8 महीने बताई है और उसके खिलाफ वयस्क की तरह पेश आने का निवेदन किया।
- **कांग्रेस विधायक का आरोप-** आरोपी को थाने में पिज्जा परोसा गयाः कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने आरोप लगाया है कि नाबालिग को हिरासत में लेने के बाद थाने में उसे पिज्जा-बर्गर परोसा गया। घटना के 11 घंटे बाद भी उनका ब्लड सैंपल नहीं लिया गया था। धांगेकर ने यह भी आरोप लगाया कि हादसे के बाद येरवडा पुलिस स्टेशन में करोड़ों का लेन-देन हुआ।
- **पुलिस कमिश्नर बोले-** पीड़ितों को न्याय मिलेगाः पुणे के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार बोले कि पुलिस ने इस दुर्घटना के बाद सख्त एक्शन लिया है। कार्रवाई न करने के आरोप बेबुनियाद हैं। अगर किसी के पास इस बारे में कोई सुझाव है, तो वह हमारे पास आ सकता है। मैं ऑनलाइन बहस के लिए भी तैयार हूं।
- **संजय राऊत बोले-** पुलिस कमिश्नर आरोपी को बचा रहा, उसे सस्पेंड करेंः शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राऊत ने आरोप लगाया कि पुलिस कमिश्नर आरोपी को बचा रहा। उसे सस्पेंड करें। आरोपी शराबी है, उसे जमानत मिल जाती है। मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आती है। कौन उसकी मदद कर रहा है। उसे सस्पेंड करो नहीं तो पुणे की जनता सड़कों पर उतरेगी।

## देश की नई सरकार को आरबीआई से मिलेगा 2.11 लाख करोड़ रुपये का चेक



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आम चुनाव 2024 के परिणामों के बाद देश में बनने वाली नई सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से बड़ा तोहफा मिलेगा। केंद्रीय बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार की बैठक में वित्त वर्ष 2024 के लिए केंद्र सरकार के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी दी, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में लगभग 141 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंक ने केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में ?87,416 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुंबई में बुधवार को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान बोर्ड ने सरकार को 2,10,874 करोड़ रुपये का अधिशेष हस्तांतरित करने का फैसला किया।

### अब तक के सर्वाधिक लाभांश के भुगतान को मंजूरी

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के अब तक के सर्वाधिक लाभांश भुगतान को मंजूरी दी। आरबीआई की ओर से केंद्र को लाभांश या अधिशेष हस्तांतरण के तौर पर वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये दिए गए गए थे। इससे पहले 2018-19 में सबसे अधिक 1.76 लाख करोड़ रुपये की राशि आरबीआई की ओर से केंद्र को लाभांश के तौर पर दी गई थी।

### गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई बैठक

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आज मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक आयोजित की गई। बोर्ड ने दृष्टिकोण के जोखिमों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। बोर्ड ने वर्ष अप्रैल 2023- मार्च 2024 के दौरान रिज़र्व बैंक के कामकाज पर भी चर्चा की और वर्ष 2023-24 के लिए रिज़र्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को मंजूरी दी। समिति ने सिफारिश की है कि आकस्मिक जोखिम बफर के तहत जोखिम प्रावधान आरबीआई की बैलेंस शीट के 6.5 से 5.5 प्रतिशत की सीमा के भीतर बनाकर रखा जाए।

### केंद्र ने राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये रखने का रखा है लक्ष्य

केंद्र सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे या व्यय और राजस्व के बीच अंतर को 17.34 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 5.1 प्रतिशत) पर रखना है। 2024-25 के अंतरिम बजट में, सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से 1.02 लाख करोड़ रुपए की लाभांश आय का अनुमान लगाया है।

## ममता सरकार को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाण-पत्र रद्द करने के आदेश



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाईकर्ट से बुधवार को एक और झटका लगा है। हाईकोर्ट ने तृणमूल सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट के इस आदेश के परिणामस्वरूप करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। हालांकि, साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन उपयोगकर्ताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा। हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे। संयोग से तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। नतीजतन, अदालत का आदेश केवल तृणमूल के समय में जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा। कलकत्ता हाई कोर्ट का कहना है कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट बनाए गए हैं, वे कानून के मुताबिक ठीक से नहीं बनाए गए हैं। इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए, लेकिन साथ ही हाईकोर्ट ने कहा है कि इस निर्देश का उन लोगों पर कोई असर नहीं होगा जो पहले ही इस सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी पा चुके हैं या नौकरी पाने की प्रक्रिया में हैं। अन्य लोग अब उस प्रमाण-पत्र का उपयोग रोजगार प्रक्रिया में नहीं कर सकेंगे।

### ममता बनर्जी ने जताई नाराजगी

इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आज भी मैंने एक न्यायधीश को एक आदेश पारित करते हुए सुना, जो काफी मशहूर रहे हैं। प्रधानमंत्री इस बारे में कह रहे हैं अल्पसंख्यक तपशिली आरक्षण छीन लेंगे, क्या ऐसा कभी हो सकता है? तपशीली या आदिवासी आरक्षण को अल्पसंख्यक कभी छू नहीं सकते, लेकिन ये शरारती लोग (भाजपा) अपना काम एजेंसियों के माध्यम से कराते हैं, किसी के माध्यम से इन्होंने आदेश कराया है लेकिन मैं यह राय नहीं मानूंगी। जिन्होंने आदेश दिया है वह इसे अपने पास रखें, भाजपा की राय हम नहीं मानेंगे। ओबीसी आरक्षण जारी है और हमेशा जारी रहेगा।

## ममता बनर्जी के विरोध में साधु निकालेंगे रैली, 24 मई को संत स्वाभिमान यात्रा का आयोजन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के साधुओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उनके इस टिप्पणी के विरोध में बंगाल के साधुओं ने 24 मई को कोलकाता में रैली निकालने का फैसला किया। वहीं, भारत सेवाश्रम संघ के एक भिक्षु ने टीएमसी एजेंट को बहरामपुर में एक मतदान केंद्र पर बैठने से मना किया था। बनर्जी का आरोप था कि दोनों मठ भाजपा के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं।

## बंगाल सीआईडी ने भी बांग्लादेशी सांसद की हत्या की पुष्टि की



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

बांग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम अनवर बीते कई दिनों से कोलकाता से लापता हैं। अब उनकी गुमशुदगी की जांच कर रही बंगाल सीआईडी ने पुष्टि की है कि बांग्लादेशी सांसद की हत्या हो गई है। बंगाल सीआईडी का यह दावा बांग्लादेश सरकार के उस एलान के कुछ घंटे बाद आया है, जिसमें बांग्लादेशी सरकार ने कहा है कि अवामी लीग के सांसद अजीम अनवर की कोलकाता में बेरहमी से हत्या कर दी गई है।

### बांग्लादेशी सांसद का शव अभी तक नहीं हुआ बरामद

मामले की जांच कर रही बंगाल सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस को ऐसी पुख्ता सूचना मिली है, जिसमें बताया गया है कि बांग्लादेशी सांसद की हत्या कर दी गई है। हालांकि पुलिस को अभी तक उनका शव नहीं मिला है। सीआईडी ने बताया कि बांग्लादेशी सांसद के कोलकाता में होने की पूर्व सूचना नहीं थी और जब गोपाल बिस्वास ने 18 मई को उनकी गुमशुदगी की सूचना दी, उसके बाद ही उन्हें मामले के बारे में पता चला। बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमान खान ने ढाका में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अनवर की कोलकाता में सुनियोजित तरीके से हत्या की गई। भारत और बांग्लादेश की पुलिस मिलकर इसकी जांच कर रही हैं और हत्या के पीछे की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रहीं हैं। इस मामले में सभी अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। बंगाल पुलिस ने कोलकाता के न्यू टाउन में एक अपार्टमेंट में छापा मारा है, जहां से पुलिस को खून के धब्बे मिले हैं।

## प्रज्वल रेवन्ना मामले में टिप्पणी कर बुरे फंसे राहुल गांधी, जेडीएस ने दर्ज कराई शिकायत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

जनता दल (जेडीएस) ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल, दो मई को राहुल गांधी ने शिवमोगा और रायचूड़ में रैली की थी। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना मामले में टिप्पणी की थी, जिसे लेकर जेडीएस ने शिकायत दर्ज कराई। जेडीएस ने अपनी शिकायत में राहुल गांधी के बयान का जिक्र किया। शिवमोगा में रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा था कि प्रज्वल रेवन्ना ने 400 महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया और वीडियो बनाया। यह कोई सेक्स स्कैंडल नहीं बल्कि मास रेपिस्ट है। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक में सबसे बड़ा मुद्दा रेवन्ना का है। महिलाओं का शोषण करने वाले ऐसे शख्स का पीएम मोदी समर्थन कर रहे हैं। उन्हें सबसे पहले जवाब देना चाहिए और देश की महिलाओं से माफी भी मांगनी चाहिए। बता दें कि कर्नाटक में प्रज्वल रेवन्ना का मामला काफी विवादों में है। रेवन्ना मामले की जांच के लिए कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। कर्नाटक के बहुचर्चित पेन ड्राइव / अश्लील वीडियो मामले में जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम जुड़ा है। 33 साल के प्रज्वल पर महिलाओं के यौन शोषण करने के कई मामले दर्ज हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत की रद्द

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के आठ कथित सदस्यों की जमानत रद्द कर दी। पीएफआई सदस्यों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने पीएफआई सदस्यों की जमानत रद्द करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा है। पीएफआई सदस्यों को मद्रास हाईकोर्ट ने बीते साल 19 अक्तूबर को जमानत दे दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा हमेशा सर्वोपरि है और आतंकवाद से कोई भी संबंध प्रतिबंधित होना चाहिए। जमानत पर रिहा चल रहे आरोपी बरकतुल्लाह, इदरीस, मोहम्मद अबुताहिर, खालिद मोहम्मद, सैयद इशाक, खाजा मोहिद्दीन, यासर अराफात और फयाज अहमद हैं। इन सभी को सितंबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था।

## राज्य में भाजपा की 30 सीटें आते ही ममता सरकार की विदाई: अमित शाह



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में हुंकार भरी। उन्होंने कांथी में एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत सभी विपक्षी पार्टियों को घेरा। अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भाजपा की 30 सीटें आते ही ममता सरकार की विदाई हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को रोकने का आरोप भी लगाया। इसके साथ ही उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने लोकतंत्र को खत्म कर दिया। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य में हिंसा के मामलों पर ममता सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने लोकतंत्र को लगभग समाप्त कर दिया है। यहां पंचायत के चुनाव हुए, जिनमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए। मगर मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस बार आप मत डरना, क्योंकि पांच चरण के चुनाव में ममता के गुंडे किसी का बाल भी बांका नहीं कर पाए। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, पांच चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। इन पांच चरणों के चुनाव में मोदी जी 310 सीट पार कर गए हैं। ममता दीदी के इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है। इस बार बंगाल में भी 30 सीटें नरेन्द्र मोदी जी की झोली में जाने वाली हैं। बंगाल में भाजपा की 30 सीटें आते ही, ये टीएमसी खंड-खंड हो जाएगी और ममता दीदी की सरकार की विदाई हो जाएगी। भाजपा नेता ने बताया कि ममता बनर्जी बुरी तरह से डरी हुई है। उन्होंने कहा, ÷कल मुझे यहां पहुंचते ही पता चला कि शुभेंदु अधिकारी के घर पर पुलिस ने रेड की है। ममता दीदी हम भाजपा वाले हैं, आपकी पुलिस से हम नहीं डरते। ये शुभेंदु अधिकारी का क्षेत्र है। मैं यहां कहकर जाता हूं कि ममता बनर्जी इनपर जितना अत्याचार करेगी, भाजपा शुभेंदु को उतना ही बड़ा आदमी बनाएगी। केंद्रीय मंत्री ने ममता बनर्जी पर राज्य में पीएम मोदी की योजनाओं को रोकने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकारी की सभी योजनाएं ममता बनर्जी रोक कर बैठी हैं। पीएम आवास योजना के अंतर्गत बिहार में 87 लाख पक्के घर बनें, जबकि बंगाल में सिर्फ 38 लाख घर बन पाए। जल जीवन मिशन से बिहार के 96 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचा, जबकि बंगाल में सिर्फ 39 प्रतिशत घरों तक पानी पहुंचा।

### ममता वोट बैंक से डरती है: अमित शाह

कांथी में रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस और टीएमसी पर आरोप लगाया कि 70 साल से ये दोनों पार्टियां राम मंदिर निर्माण को रोककर बैठी थी। उन्होंने आगे कहा, आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने पांच साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ममता बनर्जी को भी दिया गया था। लेकिन वो प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या नहीं गई। वो इसलिए नहीं गई, क्योंकि वो अपने वोटबैंक से डरती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)